SHRI DUSHYANT SINGH (JHALAWAR-BARAN): I draw the attention of this House to the growing concerns raised by farmers across India regarding genetically modified (GM) crops. Farmer unions from many states, including my constituency of Jhalawar-Baran, Rajasthan, have passed a resolution opposing GM crops, deeming them unnecessary, unsafe, and harmful to our agriculture and food systems. Farmers have highlighted the risks the GM crops pose to biosecurity, biodiversity, and public health. These concerns are amplified by the fact that many countries have banned or heavily restricted GM crop cultivation. India's experience with Bt cotton has shown increased chemical use, stagnating yields, and growing farmer distress. Furthermore, farmers are alarmed by the increasing corporate control over seeds and genetic material through Intellectual Property Rights (IPR), threatening India's agricultural sovereignty. The failure of Bt cotton to control pests has worsened the crisis, especially for cotton farmers in my constituency, where yields are declining, and input costs are rising. Farmers demand a comprehensive national policy on GM crops, one that is precautionary, transparent, and includes stakeholder consultations. I urge the Government to address these concerns and ensure that any policy on GM crops prioritizes the protection of agro-biodiversity, food security, and farmers' livelihoods. (ends)

Re: Need to rehabilitate the slum dwellers in Paradip Port area in Jagatsinghpur Parliamentary Constituency

SHRI BIBHU PRASAD TARAI (JAGATSINGHPUR): Paradip Port in Jagatsinghpur Parliamentary Constituency in Odisha is one of the largest ports in Country's East Coast and has been performing as number one Port authority in handling of cargo, mostly Iron ore and coal. Besides the establishment of Port authority, many large industrial establishments like IFFCO, IOCL, PPL and number of small and medium industries are operating within and periphery of Paradip Port region. The manual labourers who extend services as daily wage labourers as per requirement of Paradip Port and other industrial set ups have been residing in many pockets inside the Paradip Port authority region as well as in the periphery of the port area as slum dwellers since long. The social and health conditions of these slum dwellers, living in fragmented manner inside and outside of Paradip Port is pitiable and they are also debarred from getting minimum basic facilities provided by the Government. Therefore, I urge the minister of Ports, Shipping and Waterways to kindly look into the matter on priority basis and initiate for their rehabilitation in concrete buildings having facilities of housing, water and sanitation, schooling, anganwadi centers, market, park and other facilities. I would also like to attract the attention of the Hon'ble Minister for beautification of Paradip Town in order to attract investment and create employment opportunity for local people. (ends)

Re: Need to reopen the National Film Development Corporation (NFDC) Centre in Thiruvananthapuram, Kerala

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): I wish to draw the attention of the Hon'ble Minister of Information and Broadcasting to the recent closure of the National Film Development Corporation (NFDC) centre in Thiruvananthapuram, following staff transfers mandated by NFDC. This decision has caused considerable disruption within Kerala's film fraternity, affecting countless cinema artists and pensioners who have long relied on the centre's services and support. For over three decades, the Thiruvananthapuram's NDFC has been a cornerstone of Kerala's cinematic heritage, nurturing talent and promoting regional cinema. Its closure not only jeopardises the livelihoods of many in the local film industry but also reflects a troubling disregard for the preservation of cultural legacy. With the Thiruvananthapuram centre no longer operational, the Chennai regional office remains the sole NFDC presence in South India, leaving a significant gap in support for artists and filmmakers in the region. I therefore, urge the Hon'ble Minister of Information and Broadcasting to intervene and facilitate the reopening of the Thiruvananthapuram NFDC Centre which is essential to ensure the preservation of Kerala's rich cultural heritage as also the continued development of regional cinema. (ends)

Re: Railway related issues of Sonipat Parliamentary Constituency

श्री सतपाल ब्रह्मचारी (सोनीपत) : मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि सोनीपत लोकसभा के रेलवे संबधित निम्न मांगो पर यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए :-

1) ट्रेन नंबर 04584/04013 का विस्तार गोहाना- रोहतक-रेवाड़ी-नारनौल मार्ग से जयपुर तक किया जाए।
2) ट्रेन नंबर 14028/01616 का विस्तार रींगस तक किया जाए।
3) ट्रेन नंबर 04971/04982 इसके लाइ ओवर से जींद से जयपुर वाया नारनौल नयी गाडी का संचालन करा जाए।
4) सोनीपत और गन्नौर में खाटूश्याम जाने वाली गाडी नंबर 22451/22452 (चंडीगढ़-बांद्रा-चंडीगढ़) का ठहराव दिया जाए।
5) जुलाना में ट्रेन नंबर 14623/14624 और 20409/20410 का ठहराव दिया जाए।
6) जुलाना स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए डस्टबिन, cctv कैमरा लगवाया जाए और प्लेटफार्म नंबर 1 की ऊँचाई बढ़ाई जाए और जुलाना हांसी फाटक पर ROB बनाया जाए।
7) हरिद्वार/कुरुक्षेत्र से जयपुर वाया कैथल-जींद-रेवाड़ी-नारनौल नयी ट्रेन का संचालन करवाया जाए.
8) लॉक डाउन के समय बंद हुई ट्रेन नंबर 13007/13008 (उद्यान आभा एक्सप्रेस), 19023/19024 (फ़िरोज़पुर जनता एक्सप्रेस) और 54641/54642 (दिल्ली फ़िरोज़पुर पैसेंजर) का संचालन फिर से शुरू किया जाए।

मेरा सुझाव है कि ट्रेन नंबर 19023/19024 को वाया सूरत-रींगस-नारनौल-रेवाड़ी-रोहतक मार्ग से चलाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त 13007/13008 को वाया भुसावल सूरत-रींगस-नारनौल-रेवाड़ी-रोहतक मार्ग से चलाया जा सकता है।इन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन से जींद को राजस्थान के खाटूश्याम मंदिर से कनेक्टिविटी मिलेगी और जनता को सुविधा मिलेगी। (इति)

Re: Need to constitute an Apex Committee to address the problems posed to Telangana by Polavaram Multi-Purpose Irrigation Project

SHRI RAMASAHAYAM RAGHURAM REDDY (KHAMMAM): The Polavaram Multi-Purpose Irrigation Project, initiated by Andhra Pradesh, aims to utilize the Godavari River water with a Full Reservoir Level (FRL) of +45.72 meters and a storage capacity of 194.60 TMC. The backwater effect from this project is expected to inundate agricultural fields and areas in Telangana's Bhadradri Kothagudem district, including Burgampahad, Aswapuram, and Dummugudem mandals. The rising water levels will submerge about 1,090 acres of land. Flood banks were constructed in 2002-03 along the Godavari to protect Bhadrachalam and its surroundings. However, the backwater effect, worsened by local streams like Kinnerasani and Murredu, has caused severe flooding, particularly in Bhadrachalam. In response, the Telangana Government has proposed the construction of additional flood banks at an estimated cost of Rs. 4,100 crores. These banks would extend over 83 kilometers along both flanks of the Godavari, from Sanjeev Reddypalem to Ammagaripalli and from Bhadrachalam to Dummugudem Mandal. I urge for the formation of an Apex Committee by the Minister of Jal Shakti to address the backwater issues caused by the Polavaram project, based on the proposal of Telengana Government.

(ends)

Re: Pollution of Buddha Nullah, a tributary of Sutlej river due to untreated industrial effluents in Punjab.

SHRI AMRINDER SINGH RAJA WARRING (LUDHIANA): I would like to draw your attention towards Buddha Nullah, once known as Buddha Dariya, a tributary of the Sutlej River passes through Ludhiana. Once a source of life, it is now severely polluted, primarily due to untreated industrial effluents and sewage. The water, blackened by contaminants, is not fit for irrigation and poses significant health risks to nearby residents. Local reports link the pollution to rising cases of cancer and other serious health issues in the area. A Punjab Pollution Control Board (PPCB) report reveals that 54 dyeing units in Ludhiana are not connected to Common Effluent Treatment Plants (CETPs) and continue to discharge untreated waste into the Nullah. Even the operational CETPs fail to comply with discharge norms, aggravating the pollution. Despite orders from the National Green Tribunal (NGT) to enforce environmental standards and penalize violators, implementation remains inadequate. To combat this issue, immediate attention is needed. The Government must prioritize restoring Buddha Nullah to safeguard public health and protect the environment. It is the need of the hour to enforce compliance and ensure accountability in this escalating crisis. (ends)

Re: Need to stop mining activities in the region around Gandhamardan Hills in Odisha

SHRI SAPTAGIRI SANKAR ULAKA (KORAPUT): I would like to draw urgent attention to the renewed threat of mining in the ecologically and culturally significant Gandhamardan Hills, spanning Odisha's Bargarh and Balangir districts. Mahanadi Mines and Minerals Pvt Ltd has acquired 112 acres of land in villages around the hills, raising fears of bauxite exploitation. Renowned for their biodiversity, these hills host over 1,200 plant species, including 220 medicinal varieties essential to Ayurvedic practices, serving over 50,000 individuals annually. For the 55,000 tribal residents, the hills are a spiritual and livelihood cornerstone. The sacred Nrusinghanath and Harishankar temples, embodying Odisha's cultural heritage, face desecration. Mining threatens to destroy ecosystems, decimate biodiversity, and eliminate medicinal plants critical to traditional healthcare. It would displace the livelihoods of thousands of tribal people, plunging them into uncertainty. Culturally, the sanctity of the Nrusinghanath and Harishankar temples and other sacred sites would be irreparably damaged, eroding the community's spiritual fabric. Would urge the Central Government to halt mining to preserve the region's ecological and cultural sanctity as well ensure transparency and community consent in land use decisions. Designate the Gandhamardan Hills as a protected area. (ends)

Re: Need to implement National Food Security Act effectively in the Country

SHRI SASIKANTH SENTHIL (TIRUVALLUR): There have been alarming reports of mass cancellation or proposed cancellation of ration cards under the National Food Security Act (NFSA) across several states. These developments pose a severe threat to the food security of millions of vulnerable citizens who depend on subsidized rations for their sustenance. Reports suggest that a significant number of ration cards have been cancelled in the financial years 2023-24 and 2024-25. State-wise figures remain unclear. It is imperative to provide transparency on the exact number of cancellations across states during this period. Further, there is considerable ambiguity regarding the Ministry's directives on completing e-KYC formalities, potentially depriving deserving beneficiaries of their entitlements. Additionally, it is crucial to ascertain whether the Ministry ensures that the list of cancelled ration cards is accessible on its official portal for public scrutiny and accountability. Instances have surfaced of ration card cancellations being executed arbitrarily, without valid justification, leading to severe consequences such as starvation deaths, as seen in the tragic case in Jharkhand. These matters demand immediate attention and detailed clarification to ensure that NFSA, a cornerstone of our social welfare framework, is implemented effectively and justly, safeguarding the rights of the most marginalised sections. (ends)

Re: Need to ensure supply of DAP to farmers

श्री बाबू सिंह कुशवाहा (जौनपुर) : इस समय रबी फसल की बुवाई का सीजन चल रहा है, और किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रही है। सरकारी वितरण केंद्रों पर हो रही अनियमितताओं ने किसानों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। किसान दिनभर लाइन में खड़े रहते हैं, परंतु शाम होते-होते उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। ऐसा भी देखने में आया है कि सरकारी केंद्रों पर उपलब्ध खाद को प्राइवेट डीलरों को बेच दिया जाता है, जिससे जरूरतमंद किसानों तक खाद नहीं पहुंच पाती। खाद वितरण में कुछ वर्ग और जाति विशेष के लोगों को भी प्राथमिकता दी जा रही है, जो अन्य किसानों के लिए असमानता और कठिनाइयों का कारण बन रहा है। ऐसे पीक सीजन में, जब किसानों को खाद की अत्यधिक आवश्यकता है, बाजार से डीएपी खाद ही गायब हो गई है, जिससे उनकी स्थिति और अधिक जटिल हो गई है। माननीय मंत्री जी से मेरा विनम्र आग्रह है कि किसानों को समय पर खाद मुहैया करायें और सरकारी वितरण केंद्रों पर हो रही कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करें। साथ ही, छोटे और जरूरतमंद किसानों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि वे समय पर अपनी फसल की बुवाई कर सकें। (इति)

Re: Need to ensure implementation of reservation policy in recruitment to the post of Lecturer, Associate Professor and Professor in Central and State Universities

श्री वीरेन्द्र सिंह (चन्दौली) : देश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के योग्य अभ्यर्थियों को उनके हक से वंचित किया जा रहा हैं। देश के कई महत्वपूर्ण केंद्रीय व प्रादेशिक विश्वविद्यालय में दर्जनों की संख्या में लेक्चरर, एसोसिएट प्रोफ़ेसर, प्रोफेसर के पद रिक्त होने के बावजूद एक-एक विषय के एक-एक पद का विज्ञापन प्रकाशित किया जाता हैं ताकि वो आरक्षण के दायरे से बाहर आ जाएँ तथा वहां पर सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हो सके, साथ ही साथ एक से ज्यादा पदों के सापेक्ष में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को अयोग्य बताकर चयन से वंचित कर दिया जाता हैं। यह देश के संविधान जिसमें डॉ भीमराव अम्बेडकर जी ने कमजोर व वंचित समाज के हित में उनकी रक्षा व संरक्षण हेतु आरक्षण का कानून बनाया था, साथ ही साथ मंडल आयोग की सिफारिश जिसके द्वारा पिछड़ी समाज के कमजोर अभ्यर्थी भी लाभान्वित होते थे, उसके अनुरूप नहीं है।

हम सरकार से मांग करते है कि सरकार विज्ञापन के अनुसार योग्य अभ्यर्थी न पाए जाने की दशा में उस पद को संरक्षित रखा जाए व बैकलॉक के जरिये पुनः भर्ती प्रक्रिया लागू कर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति की भर्ती प्रक्रिया के अनुसार उन्हें आरक्षण का लाभ देने हेतु एडवाइजरी जारी की जाए। (इति)

Re: Need to provide dry ash of Thermal Power Plants at free of cost or subsidised price to MSME companies manufacturing dry bricks

SHRI ESWARASAMY K. (POLLACHI): In 1999, the Union Government encouraged the companies to provide free dry ash from thermal power plants to kilns so that they would not harm the environment, but today the same Government is destroying these companies. Government Order No. 763 dated 14/09/1999 has ordered that at least 20% of the dry ash generated from thermal power plants should be provided free of cost to the companies that manufacture bricks and building materials from that dry ash. In December 2021, the Hon'ble National Green Tribunal (NGT) had issued an interim order against the order issued by the MOEF, considering the environmental pollution and the welfare of MSME companies. About 25,000 MSME companies across India are operating on this dry ash. It is the livelihood of lakhs of workers. Currently, due to the non-provision of free dry ash, about 60% of the companies have been pushed into a very poor situation and their accounts in banks are in NPA status. Therefore, as per the guidelines of Government Order 763(e) of the Pollution Control Board, I request the Union Government to provide it free of cost or at a preferential price to MSME companies manufacturing dry bricks. (ends)

Re: Need to include Vedavathi Lift Irrigation, Gundrevula and Rejolibanda Diversion Scheme Project in Andhra Pradesh under Accelerated Irrigation Benefit Programme of Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana

SHRI BASTIPATI NAGARAJU (KURNOOL): I rise to bring attention to the distressing situation in Kurnool, where 50% of the population resides in drought-prone zones. Our farmers face repeated droughts and lack adequate water for irrigation, forcing many to leave their homes and livelihoods in search of better opportunities. In March 2019, Andhra Pradesh Government initiated the Vedavathi Lift Irrigation, Gundrevula, and Rajolibanda Diversion Scheme (RDS) projects to address this crisis. Unfortunately, these critical projects have been stagnated, exacerbating the hardships of our farmers. Currently the Andhra Pradesh Government has allocated ₹16,705 crores in its latest budget, prioritising the completion of these irrigation projects. It has also introduced a forward-looking Water Policy aimed at bringing water to every possible field. To support this initiative, I urge the Central Government to include the Vedavathi Lift Irrigation, Gundrevula, and RDS projects under the Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana's Accelerated Irrigation Benefit Program. This will transform Rayalaseema into "Ratnalaseema" ensuring a better future for the people of the region. (ends)

Re: Need to rehabilitate the hutment dwellers residing on the land of Mumbai Port

SHRI ARVIND GANPAT SAWANT (MUMBAI SOUTH): Mumbai port was one of the finest ports in the country and has played a pivotal role in the development of the national economy. Even today, it caters to 8.61 percent of the country's sea-borne trade handled by major ports of the country in terms of volume. It caters to 16.07% of POL Traffic handled by the Major Ports. It has handled a record break Cargo even during the Corona pandemic. But to develop it today, Mumbai Port Authority (MbPA) is in a miserable financial position. In fact, to increase the revenue of MbPA, I myself consistently persuaded with the Hon'ble PM & Shipping Minister for developing the port and make it fully functional for huge vessels to enter into port and embark from it. As the decision for revival was not taken on time along with the reduction in the staff, huge encroachment has taken place on the land of MbPA. Thousands of Hutment dwellers are residing for more than 20 years. To revive the Mumbai port and rehabilitate the existing hutment dwellers by granting 'Pucca ghar' a dream project of Hon'ble PM, holistic plan, approach and execution is required.

(ends)

Re: Need to conduct a survey to identify the eligible landless families in Maharashtra and provide them land legally ensuring them to avail the Government facilities

SHRI VISHALDADA PRAKASHBAPU PATIL (SANGLI): Numerous rural families across India, particularly in Maharashtra, get denied essential welfare benefits as they are treated like encroachers. In Maharashtra, many such families have been residing for generations on Gayran and Gowthan but their claim today is not recognised as it is seen as if they have encroached upon Government or forest land. This takes away the claim to ownership of their land as property, hindering their access to basic amenities and schemes such as those relating to sanitation, clean water, and electricity. In past repeated calls for recognition and legalisation of these lands has been demanded but the Government of Maharashtra is yet to take decisive action. I urge the Government of India to consider a pragmatic approach towards land regularisation. This would provide security of tenure facilitating development. It is recommended to conduct a survey to identify such eligible families and provide the necessary land to the landless villagers so that they can legalise their homes. By implementing these measures, it can be ensured that no deserving family is left behind and that the promise of inclusive development is realised for all.

(ends)

Re: Inclusion of Kudmi Tribe in the list of Scheduled Tribes

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी (गिरिडीह) : अखण्ड भारत के पहला Census में ही कुड़मियों को Jhari Tribes or Wood Tribes चिन्हित किया गया था | इस Census के बाद ही वृहत् छोटा नागपुर Schedule District घोषित कर Schedule District Act 1874 पारित किया गया था, जो 25 November 1949 तक लागू था। इस वृहत् छोटा नागपुर में कुड़मी जनजाति की आबादी सभी जनजाति से अधिक था।Bihar-Orissa Province बनने के पूर्व ही Chhotanagpur Tenancy Act 1908 पारित किया गया जिसमें कुड़मी को Aboriginal Raiyat (आदिवासी रैयत) कहा गया था।1911 के Census में कुड़मी को Aboriginal (आदिवासी) लिखा गया और 1913 में कुड़मी Aboriginal Tribe होने के कारण अन्य बारह जनजाति (Aboriginal Tribes) के साथ इन्हें भी Indian Succession Act 1865 से अलग रखा गया, क्योंकि इन सभी जनजाति का अपना-अपना Custom है और उसी से ये लोग गाइड होते हैं। Tribe लोगों का वही एकमात्र पहला और अंतिम Custom notification है। 1950 में जिस तरह से 1931 के Tribes को ही Scheduled Tribes बनाया है,परन्तु सभी Tribes को आजतक Scheduled Tribes नहीं बनाया है | माननीय जनजातीय कार्य मंत्री जी से बस यही उत्तर चाहिए कि किन कारणों से कुड़मी समुदाय को 1931 के tribes में शामिल होने के बावजूद 1950 में Scheduled Tribes नहीं बनाया गया।

(इति)

माननीय अध्यक्ष: भारत के संविधान सभा द्वारा आज संविधान को अंगीकार किए हुए 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सदन एक व्यापक चर्चा और संवाद के लिए एकत्रित हुआ है। यह हमारी गौरवशाली यात्रा का बहुत महत्वपूर्ण अह्म पड़ाव है। मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि यह चर्चा सकारात्मक और प्रेरणादायी हो, ऐसा मेरा आग्रह है।

माननीय राजनाथ सिंह जी।

भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा

1208 बजे

रक्षा मंत्री (श्री राज नाथ सिंह): अध्यक्ष महोदय, आज संसद पर हमले की बरसी है। मैं इस लोकतंत्र की मंदिर की रक्षा करने वाले अपने सारे शहीद सुरक्षाकर्मियों के प्रति अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने संसद की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहूति दी।

अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देना चाहता हूं, आपने मुझे इस सदन में भारतीय संविधान के 75 वर्ष की यात्रा पूरी होने पर आयोजित इस चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हम भारतीय संविधान के अमृत महोत्सव के साक्षी बन रहे हैं। 75 वर्ष पहले संविधान सभा ने न्यूली इंडिपेन्डेंट इंडिया के लिए संविधान निर्माण का महान कार्य सम्पन्न किया गया था। लगभग 3 वर्षों के रिगरस डिबेट और डेलिब्रेशन के परिणामस्वरूप हमें हमारा संविधान मिला है। संविधान सभा ने जो संविधान तैयार किया था वह केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं था बल्कि जन अकांक्षाओं का प्रतिबिम्ब था और उन्हें पूरा करने का वह माध्यम भी था। It was an expression of the general will of the people. कई सदियों के बाद एक बार फिर से भारत की तकदीर, भारत के लोगों के हाथों में थी। स्वराज का जो सपना भारत के स्वतंत्रता सेनानियों और आम भारतीयों ने देखा था, वह पूरा हो चुका था।

(1210/SK/UB)

हम भारत के लोगों ने 26 नवंबर, 1949 के दिन संविधान को अपनाया था, अधिनियमित किया था और इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। यह वह दिन था जब भारत के लोग प्रजा से नागरिक बने थे। ऐसे नागरिक जिनके अपने मौलिक अधिकार थे और भारतीय नागरिक होने का गौरव भी था। ऐसे नागरिक जो अपनी सरकार चुन सकते थे, केवल चुन ही नहीं सकते थे बल्कि सरकारों को बदल सकते थे। अब देश में राजा-रानी का शासन नहीं था, राजतंत्र नहीं था और न ही ब्रिटिश तंत्र था बल्कि जनता का शासन था, लोकतंत्र था।

अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात को आगे बढ़ाने से पहले संविधान को अंगीकार करने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस सदन और समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं। इसके साथ ही भारत की आजादी और भारत के संविधान के निर्माण से जुड़े सभी महानुभावों के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त करता हूं और उन सभी को शीश झुकाकर नमन करता हूं।

अध्यक्ष जी, हमारा संविधान सार्वभौम है, हमारा संविधान सर्वसक्षम है। हमारे संविधान की सार्वभौमिकता और सर्वसक्षमता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जहां एक ओर हमारा संविधान स्टेट यानी राज्य की जिम्मेदारियों को विस्तृत रूप से सूचीबद्ध करता है, वहीं दूसरी ओर नागरिकों को उनके संवैधानिक और मौलिक अधिकार भी प्रदान करता है। अगर एक लाइन में कहना हो तो मैं कह सकता हूं कि हमारा संविधान सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं को छूते हुए राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। इसके साथ ही लोगों के लिए मोरल ट्रेजेक्टरी यानी नैतिक मार्ग भी बनाता है।

हमारा संविधान जहां एक ओर कोऑपरेटिव फेडरलिज्म सुनिश्चित करता है, वहीं दूसरी ओर राष्ट्र की एकता को सुनिश्चित करने पर भी बल देता है। हमारा संविधान लेजिस्लेटर, लेजिस्लेचर, एग्जीक्यूटिव और ज्यूडिशियरी को नागरिकों के हितों के लिए मिलजुल कर काम करने की शक्ति भी प्रदान करता है। यह संविधान चैक्स एंड बैलेंसिस का भी सिस्टम प्रदान करता है जिससे सभी संस्थाएं अपने संवैधानिक दायरे में रहकर काम कर सकें।

भारत का संविधान सिर्फ एक शासन प्रणाली स्थापित करने का ही कार्य नहीं करता है बल्कि भारत के गौरव को पुनर्स्थापित करने का एक रोड मैप है। यह भारत को विश्व पटल पर सही स्थान दिलाने का रोड मैप है। भारत को पुन: एक आदर्श राष्ट्र बनाने का भी रोड मैप है। यह रोड मैप है विकास का, रोड मैप है क्षमता का, रोड मैप है न्याय का, रोड मैप है स्वतंत्रता, बंधुता , राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का। यह रोड मैप है नागरिकों की गरिमा सुनिश्चित करने का।

अध्यक्ष महोदय, कुछ लोगों द्वारा संविधान को कोलोनियल रूप यानी उपनिवेशवाद का उपहार मान लिया जाता है। हमारे संविधान को अक्सर पश्चिमी देशों के संविधान से ली गई अच्छी बातों का एक संकलन मात्र मान लिया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में देश में एक ऐसा माहौल बनाने का प्रयास किया गया कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है। मैं मानता हूं कि इन सभी बातों में डैप्थ एंड ब्रैथ, दोनों की कमी है। संविधान निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका को जानबूझकर नकार दिया गया है जबकि सच्चाई यह है कि हमारा संविधान हमारी सिविलाइजेशन वैल्यूज यानी सभ्यता और सांस्कृतिक मूल्यों का एक एक्सप्रैशन है।

हमारा संविधान स्वाधीनता संग्राम के हवन कुंड से निकला हुआ अमृत है। हमारा संविधान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग से सिंचित स्वाभिमान है। यह एक ट्रीज ऑफ हिस्टॉरिकल इवेंट्स का आउटकम है। स्वतंत्र भारत का संविधान कैसा होगा, इस पर बात पर स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कई संस्थाओं और विभूतियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए थे, इनमें बहुत से लोग संविधान सभा के सभा के सदस्य नहीं थे।

(1215/KDS/SRG)

लेकिन उनके विचारों ने भारत के संविधान के निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनका बहुत बड़ा योगदान है। हमें याद रखना चाहिए कि पंडित मदन मोहन मालवीय, लाला लाजपत राय, सरदार भगत सिंह, वीर सावरकर और ऐसे कई महापुरुषों के विचारों ने हमारे संविधान की भावना को मजबूत और समृद्ध किया। ... (व्यवधान) हमारे प्रेरणा स्रोत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का मानना था कि संविधान कलेक्टिव एफर्ट एंड कन्सेन्सेस का रिजल्ट होना चाहिए। मैं फिर से दोहराना चाहता हूं कि हमारे प्रेरणा स्रोत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का मानना था कि संविधान कलेक्टिव एफर्ट एंड कन्सेन्सेस का रिजल्ट होना चाहिए। हमारा संविधान इसी सामूहिक प्रयास और समझ का नतीजा है। हमारे संविधान के लिखे जाने से 6 साल पहले, यानी वर्ष 1934 में लिखे गए कॉंस्टीट्यूशन ऑफ द हिन्दुस्तान फ्री स्टेट नाम के दस्तावेज में कई बड़े नेताओं ने संविधान के बारे में अपने विचार दिए थे। इसमें सभी नागरिकों के लिए धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित

करने की बात कही गई थी। इस बात का उल्लेख एक एमिनेन्ट ज्यूरिस्ट श्री अर्घ्यसेन गुप्ता ने भी किया है।

महोदय, उस दस्तावेज में प्रत्येक नागरिक को अपनी संस्कृति और भाषा की रक्षा करने का भी अधिकार दिया गया था। सरकार को धर्म के आधार पर भेदभाव करने से स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया था। सार्वजनिक अनुदान प्राप्त करने वाले स्कूलों को रिलीजियस एजुकेशन देने की मनाही थी और यह भी स्पष्ट किया गया था कि स्टेट का कोई धर्म नहीं होगा, यानी वह सेकुलर होगा। यह बात वे लोग कह रहे थे, जिन्हें हमारे सामने बैठे कुछ लोगों के दल, कांग्रेस के लोग कम्यूनल कहा करते थे। यह बात उन लोगों ने कही थी।

महोदय, कॉंस्टीट्यूशन ऑफ द हिन्दुस्तान फ्री स्टेट से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बेहद प्रभावित थे। अगर हम संविधान सभा की बहस को ध्यान से पढ़ें, तो चलता है कि उन्होंने राष्ट्रीय एकता के लिए और अलगाववादी रणनीतियों पर अंकुश लगाने के लिए एक मजबूत संघ की आवश्यकता पर विशेष बल दिया था। स्वतंत्रता व समानता के सिद्धांतों पर आधारित एक गणतांत्रिक संविधान की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने वकालत भी की थी। हमारे वर्तमान संविधान में भी इन्हीं मूल्यों को प्राथमिकता दी गई है, मगर इस बात का कहीं उल्लेख नहीं मिलता है।

महोदय, एक पार्टी विशेष द्वारा संविधान निर्माण के कार्य को हाईजैक और एप्रोप्रिएट करने की कोशिश हमेशा की गई। भारत में संविधान निर्माण से जुड़ी ये सब बातें लोगों से छिपाई गई हैं। इतिहास में जाने पर पता चलता है कि हमारे देश में इस बात पर व्यापक सहमति थी कि भारत का भविष्य किस तरह के कानून से निर्धारित होगा। मैं आज यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि हमारा संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है। भारत का संविधान, भारत के लोगों द्वारा, भारत के विचारों की तरह भारत के मूल्यों के अनुरूप बनाया गया एक अनपैरेलल ट्रांसफॉर्मेटिव डॉक्युमेंट है।

महोदय, पश्चिमी सभ्यता में राज्य की अवधारणा नाइट वाचमैन स्टेट की थी। नाइट वाचमैन स्टेट का कॉंसेप्ट विश्व प्रसिद्ध विचारक जॉन स्टुअर्ट मिल द्वारा दिया गया था। इसका अर्थ है कि सरकार का दायित्व लोगों को सुरक्षा प्रदान करने तक ही सीमित रहे, लेकिन हमारे देश में राजधर्म की बात की गई है। महाभारत के शांति पर्व में राजा को सिर्फ राजधर्म लागू करने की शक्ति दी गयी, लेकिन वह राजा राजधर्म का स्रोत नहीं माना गया है। हमारे यहां भी राजा राजधर्म से बंधा हुआ है। उसकी शक्तियां लोगों के कल्याण के लिए हैं, समाज के कमजोर वर्गों की रक्षा के लिए हैं।

महोदय, हमारा संविधान कॉंस्टीट्यूशनल मशीनरी के जरिए नागरिकों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उनकी आजादी सुनिश्चित करने के लिए भी यह प्रतिबद्ध है। हमारा संविधान नागरिकों के समग्र विकास के रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को हटाने तथा समुचित विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा करने के लिए राज्य को निर्देश देता है।

(1220/MK/RCP)

संविधान के भाग-4 में दिए गए डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ स्टेट पॉलिसी से यही भावना निकलकर सामने आती है। मुझे इस बात का गर्व है, गर्व नहीं बल्कि मुझे गौरव की अनुभूति है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास

और सबका प्रयास' की भावना के साथ काम कर रही है। ... (व्यवधान) हमारी सरकार भारत के संविधान में निहित धर्म और भावना दोनों के अनुरूप काम कर रही है।

अध्यक्ष महोदय, हमारा संविधान प्रोग्रेसिव, प्रगतिशील, समावेशी और परिवर्तनकारी है। हमारे संविधान ने हमें एक ऐसे समाज के निर्माण का ब्लू प्रिंट दिया है, जिसमें हर प्रकार से समाज में समरसता हो, सद्भाव हो और साथ ही समृद्धि भी हो।

अध्यक्ष महोदय, जहां देश के शीर्ष पद को प्राप्त करने के लिए जन्म की पहचान मायने न रखती हो, वह है हमारा संविधान। यहां एक गरीब परिवार में जन्म लिया व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री और देश का राष्ट्रपति बन सकता है। संविधान क्रियान्वयन के कुछ वर्षों बाद ही संविधान की मूल भावना को ताक पर रख दिया गया था, लेकिन हमारी सरकार ने संविधान के मूल्यों को खुले और सच्चे मन से स्वीकार किया है। मुझे खुशी है कि हमारी सरकार संविधान की मूल भावना को केंद्र में रखकर जनहित के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रही है। हमने गुलामी की मानसिकता को समाप्त करके 'भारत न्याय संहिता', 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य अधिनियम' जैसे नये कानूनों को पारित किया है।

अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों के लोगों के समुचित विकास को अपना लक्ष्य बनाया है। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के हमारे संकल्प ने आज भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की कतार में लाकर खड़ा कर दिया है। आज गरीब लोगों को 'प्रधानमंत्री आवास योजना' की वजह से अपना पक्का मकान मिल रहा है। 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के अंतर्गत गरीबों को मुफ्त इलाज मिल रहा है और 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के माध्यम से 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन की सुविधा दी जा रही है। हर घर में नल से जल पहुंच रहा है और हर घर में शौचालय बन रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में लगभग आधी आबादी महिलाओं की है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में हमारी सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। सामाजिक न्याय के संवैधानिक आदर्शों के अनुरूप वीमेन डेवलपमेंट के साथ वीमेन एंड वीमेन लेड डेवलपमेंट को सुनिश्चित करने के लिए हमने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' बिल पास किया है। इससे राजनीतिक क्षेत्र की महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा तथा उनका सशक्तिकरण भी सुनिश्चित होगा।

अध्यक्ष महोदय, इसी सोच के तहत हमारी सरकार ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है। आजाद भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की उन्नति के लिए वर्ष 2019 में संविधान संशोधन किया गया। इसके लिए हमने इकोनॉमिकली बैकवर्ड क्लास के लिए आर्थिक आधार पर दस प्रतिशत आरक्षण का अवसर प्रदान किया है।

अध्यक्ष महोदय, समग्र और समावेशी विकास के सभी काम हमारे संवैधानिक मूल्यों और आदर्शों के जीवंत रूप हैं। हमारी सरकार ने न सिर्फ संविधान के मूल्यों को केंद्र में रखकर काम किया है बल्कि संविधान को लेटर एंड स्पिरिट में बखूबी सरकार ने लागू किया है।

अध्यक्ष महोदय, इस देश में एक ऐसा राज्य भी था, जहां देश का संविधान लागू नहीं होता था। संसद के कानून भी पूरी तरह से लागू नहीं होते थे। हमने वहां भी संविधान को पूरी तरह से लागू करके दिखाया है और आज पूरा देश उस निर्णय का सकारात्मक परिणाम अपनी प्रत्यक्ष आंखों से देख रहा है।

(1225/SJN/PS)

अध्यक्ष महोदय, हाल ही में चुनाव संपन्न हुए हैं और रिकॉर्ड मतदान हुआ है, ऐसा लंबे समय बाद हुआ है। हिंसा की एक भी घटना मतदान के दौरान नहीं हुई है। मैं वहां की जनता का अपनी तरफ से हार्दिक अभिनंदन करता हूं।

अध्यक्ष महोदय, हमारे संविधान ने हमें भारतीयता से पुनः परिचित कराया है। हमें अपनी संस्कृति, सभ्यता और संस्कृत के प्रति गौरव की भावना का संदेश दिया है। जैसे हमारे संविधान की मूल प्रति के भाग तीन में, जिसमें मौलिक अधिकारों का वर्णन है, उसमें भगवान श्रीराम, मां सीता जी और प्रभु लक्ष्मण जी की तस्वीर भी अंकित है।

अध्यक्ष महोदय, संविधान की मूल प्रति के मुख पृष्ठ पर अजंता गुफाओं की पेंटिंग्स की छाप मिलती है। इसके साथ ही कमल का फूल भी अंकित है। वह कमल का फूल यह दर्शाता है कि सदियों की गुलामी के दलदल से बाहर आकर अब एक संप्रभु और लोकतांत्रिक गणराज्य का उदय हो चुका है। हमारा संविधान और उसमें उकेरी गई आकृतियां, हमारी सर्वोत्तम विरासत, समृद्ध इतिहास और महान परंपरा की वाहक हैं। इसी परंपरा को हम विकास भी, विरासत भी की भावना के साथ तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं।

हम सभी जानते हैं कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लोकतंत्र की महानता के बारे में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान सभा में भी कहा था। And I quote:

> “There was a time when India was studded with republics, and even where there were monarchies, they were either elected or limited. They were never absolute. It is not that India did not know Parliaments or parliamentary procedure.
>
> A study of the Buddhist Bhikshu Sanghas discloses that not only there were Parliaments for the Sanghas but they knew and observed all the rules of parliamentary procedure known to modern times.”

अध्यक्ष महोदय, हम ऐसी ही महान परंपरा का हिस्सा हैं और यह हम सभी के लिए गौरव और स्वाभिमान की बात है।

अध्यक्ष महोदय, हमारा संविधान अथक परिश्रम और विचार-विमर्श का परिणाम है। इसके निर्माण में शामिल सभी महानुभाव महान देशभक्त थे। जैसे डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर, श्री अल्लादी कृष्णास्वामी अय्यर, श्री के. एम. मुंशी, श्री गोपाल स्वामी आयंगर, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद,…(व्यवधान) मैं जो बोल रहा हूं, वह सच्चाई है। डॉक्टर

श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे नेताओं ने हमारे संविधान के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

एच. वी. कामथ, पी. एस. देशमुख, आर. के. सिधवा, शिब्बन लाल सक्सेना, ठाकुर दास भार्गव, के. टी. शाह और हृदय नाथ कुंजरू आदि जैसी महान विभूतियों ने अपने अनुभव और ज्ञान से हमारे संविधान को समृद्ध किया है। ड्रॉफ्टिंग कमेटी के सलाहकार बी. एन. राव और इसके मुख्य मसौदाकार एस. एन. मुखर्जी ने अपने असाधारण योगदान के लिए आज भी याद किए जाते हैं।

अध्यक्ष महोदय, अमूमन जब भी संविधान की बात की जाती है, तो हम फाउंडिंग फादर्स की बात तो करते हैं, लेकिन फाउंडिंग मदर्स की बात नहीं करते है, लेकिन आज मैं भारतीय गणतंत्र की उन फाउंडिंग मदर्स को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता हूं, जिनका संविधान निर्माण में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जितना कि हमारे फाउंडिंग फादर्स का रहा है।

अध्यक्ष महोदय, यहां मैं एक ऐसी पुस्तक का उल्लेख करना चाहता हूं, जो संविधान सभा की उन महिला सदस्यों की भूमिका का वर्णन करती है, जिनके योगदान का इतिहास द्वारा उचित मूल्यांकन नहीं किया गया था। उस पुस्तक का नाम है - 'Founding Mothers of the Indian Republic: Gender Politics of the Framing of the Constitution'. नामक यह किताब संविधान की महिला सदस्यों का जीवन-चित्रण करते हुए संविधान के निर्माण में उनके योगदान पर विस्तृत प्रकाश डालती है।

अध्यक्ष महोदय, जब 24 जनवरी, 1950 को भारतीय संविधान पर जनप्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे, तो उस दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने वालों में ये 11 महिलाएं भी शामिल थीं। (1230/SPS/SMN)

मैं यहां पर उनके नामों का उल्लेख करना चाहूंगा। मैं मानता हूं कि उनके नाम का उल्लेख करना इस संसद के समक्ष आवश्यक है। उनके नाम जी. दुर्गाबाई, अम्मू स्वामीनाथन, अमृत कौर, दक्षिणानी वेलायुधन, हंसा मेहता, रेणुका रे, सुचेता कृपलानी, पूर्णिमा बनर्जी, बेगम कुदसिया, एजाज रसूद, कमला चौधरी और एनी मैस्कारीन हैं। मैं समझता हूं कि इस सदन और देश के द्वारा अपनी संविधान सभा की इन महान महिलाओं की हर्ष ध्वनि के साथ उनकी सामूहिक सराहना की जाए।

अध्यक्ष महोदय, भारत का संविधान भारत और भारतीयता के मूल विचार की उपज है। भारतीय संविधान का निर्माण संविधान निर्माण और लोकतंत्र के वैश्विक इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना और एक अनूठा अनुभव भी है। जब अन्य एशियाई और अफ्रीकी देश उपनिवेशवाद से मुक्त हुए थे तो उनका संविधान कोलोनियल रूलर्स का एक पार्टिंग गिफ्ट था। इसके विपरीत भारतीयों ने अपना संविधान अपने लिए खुद रचा है, यह हम सब के लिए गौरव की बात है। कई पोस्ट कोलोनियल डेमोक्रेसीज़ और उनके संविधान ज्यादा लंबे समय तक टिक नहीं पाए, लेकिन भारतीय संविधान तमाम onslaughts and challenges के बावजूद बिना अपनी मूल भावना को खोए, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को बनाए रखने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मैं मानता हूं कि इसकी बड़ी वजह भारतीय समाज में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता, न्यायविद और संविधान के प्रति आदर और सम्मान का भाव है।

महोदय, आज जब हम संविधान के 75 वर्ष पूरे होने का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मैं इस अवसर पर संविधान की भावना की रक्षा सुनिश्चित करने में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका की भी सराहना करना चाहता हूं। संविधान के कस्टोडियन और इंटरप्रिटर के रूप में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका को हम सब सहज रूप से स्वीकार करते हैं। आज संविधान की रक्षा करने की बात की जा रही है। यह हम सभी का कर्त्तव्य है, लेकिन हमें यह भी समझने की जरूरत है कि किसने संविधान का सम्मान किया है और किसने संविधान का अपमान किया। इसी संदर्भ में मैं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एच. आर. खन्ना की आत्मकथा नाइदर रोजेज नॉर थॉर्न्स नामक किताब से एक पंक्ति उद्धृत करना चाहता हूं, जिसमें उन्होंने साफ-साफ लिखा है, and I would like to quote:

"I told my younger sister Santosh I have prepared a judgement which is going to cost me the Chief Justiceship of India."

वर्ष 1976 में एक घटना घटी। इस घटना और इन लाइनों का संदर्भ आप में से अधिकांश लोग जानते होंगे। जस्टिस एचआर खन्ना ने एडीएम जबलपुर वर्सेज शिवकांत शुक्ला केस में कांग्रेस सरकार के खिलाफ डिसेंटिंग जजमेंट दिया था। जस्टिस खन्ना यह स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे कि किसी भी हालत में सरकार द्वारा किसी नागरिक से उसके जीने का हक और अदालत में न्याय मांगने का अधिकार छीन लिया जाए। अपने डिसेंटिंग जजमेंट के लिए जस्टिस खन्ना को क्या कीमत चुकानी पड़ी? यह बात भारतीय लोकतंत्र के सबसे काले अध्याय के पन्नों पर अंकित है। इसी तरह से वर्ष 1973 में सभी संवैधानिक मूल्यों को ताक पर रखकर तब की कांग्रेस सरकार ने जस्टिस जेएम शेलत, केएस हेगड़े और एएन ग्रोवर को सुपरसीड करके सीनियरटी में चौथे नंबर की जज को भारत का मुख्य न्यायाधीश बनाया।

(1235/MM/SM)

अध्यक्ष महोदय, इन तीनों जजों का सिर्फ एक अपराध था कि ये तीन लोग सरकार के सामने नहीं झुके। इन तीनों जजों ने तानाशाह सरकार की शक्तियों को संवैधानिक दायरे में बांधने की पूरी कोशिश की।

अध्यक्ष महोदय, यहां मैं एक महत्वपूर्ण बात जोड़ना चाहता हूं और यह किसी व्यक्ति पर हमला नहीं है। यह सिर्फ किसी व्यक्ति विशेष के अधिकारों का हनन नहीं था, बल्कि यह संविधान पर हमला था। यह हमारे संविधान को सबवर्ट करने का महापाप था। मुझे हैरानी होती है कि इस कृत्य को अंजाम देने वाली पार्टी संविधान के संरक्षण की बात करती है।

अध्यक्ष महोदय, मैं इस सदन में यह कहना चाहता हूं कि कांग्रेस के मित्रों ने अनेक मौकों पर संविधान और संवैधानिक भावनाओं का निरादर किया है। उन्हें कभी भी संस्थानों यानी इंस्टीट्यूशंस की इंडिपेंडस और ऑटोनॉमी हजम नहीं हुई है और उन्होंने हमेशा एक कमिटेड ज्यूडिश्यरी, कमिटेड ब्यूरोक्रेसी और कमिटेड इंस्टिट्यूशन बनाने का काम किया है।

अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान को राजनैतिक हित साधने का एक माध्यम बनाया और उसकी मूल भावना को तहस-नहस करने का काम किया है। उनके मुहं से संविधान की रक्षा जैसी बातें, मैं समझता हूं, शोभा नहीं देती हैं।

अध्यक्ष महोदय, आज मैं देखता हूं कि विपक्ष के कई नेता संविधान की प्रति अपनी जेब में रखकर घूमते हैं। असल में उन्होंने बचपन से ही यही सीखा है। वह पीढ़ियों से अपने परिवार में संविधान को जेब में रखे हुए हैं। लेकिन, अध्यक्ष महोदय, भारतीय जनता पार्टी संविधान को सिर माथे पर लगाती है। हमारा कमिटमेंट संविधान के प्रति पूरी तरह से साफ है। हमने कभी भी किसी इंस्टिट्यूशन की इंडिपेंडेंस और ऑटोनॉमी के साथ खिलवाड़ नहीं किया है। एक भी ऐसी कोई मिसाल नहीं है। संविधान के मूल्य हमारे लिए कहने या दिखाने भर के लिए नहीं हैं। संविधान के मूल्य, संविधान के द्वारा दिखाया गया मार्ग, संविधान के सिद्धांत हमारे मन में, वचन में और कर्म में, हर जगह, दिखाई पड़ेंगे।

अध्यक्ष महोदय, हमारे संविधान निर्माताओं ने हमें एक लिविंग डॉक्यूमेंट दिया है जो युगानुकूल परिवर्तन की जरूरत के साथ तेजी से आग बढ़ रहा है। बाबा साहब अम्बेडकर सहित अन्य संविधान निर्माताओं ने भी यह माना था कि संविधान भविष्य की सभी संभावनाओं को नहीं भांप सकता है। इसलिए उन्होंने आने वाली पीढ़ियों को उसमें संशोधन करने का अधिकार दिया था।

अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने पिछले दस वर्षों में जो भी संवैधानिक संशोधन किए हैं, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि उन सभी का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ संवैधानिक मूल्यों को सशक्त करना था, सामाजिक कल्याण था, लोगों का सशक्तीकरण था। हमने अनुच्छेद 370 को निरस्त किया ताकि भारत की अखंडता सुनिश्चित हो सके। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण का मार्ग हमने प्रशस्त किया है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण भी सामाजिक न्याय की भावना से ही प्रेरित था। 70 वर्षों से हमारा पुराना टैक्सेशन सिस्टम करोड़ों उद्यमियों के लिए एक समस्या था ही, यह देश की एकता में भी बाधक था। हमने जीएसटी कानून बनाया। यह कार्य फेडरलिज्म के संवैधानिक सिद्धांत को कायम रखते हुए, सभी को साथ लेकर चलने के हमारे प्रयास को यह दर्शाता है। अब जीएसटी काउंसिल में राज्यों की सहमति से टैक्स की दरें निर्धारित की जाती हैं। इससे ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में सुधार हुआ है। इससे लोगों का जीवन आसान हुआ है।

अध्यक्ष महोदय, जीएसटी काउंसिल के माध्यम से हमने कोऑपरेटिव फेडरलिज्म को मजबूत किया है। इस बात को सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में भी स्वीकार किया है। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने इस कानून की प्रशंसा करते हुए का था-"The amendment in the Constitution to reflect and embody the GST is, to my mind, a classical example of collaborative, cooperative federalism." (1240/YSH/RP)

अध्यक्ष महोदय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था – The Constitution is not just a set of rules, it is the spirit of India, seeking its destiny. मुझे यह कहते हुए हर्ष है कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी और संविधान सभा की भावनाओं के प्रति पूरी तरह से निष्ठा रखते हुए संविधान को एक गाइडिंग प्रिंसिपल मानकर काम किया है।

अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस की तरह हमने संविधान को कभी राजनैतिक हित साधने का जरिया नहीं बनाया है। मैं दावे के साथ इस बात को कह सकता हूँ। हमने संविधान को जिया है। हमने सजग और सच्चे सिपाही की तरह संविधान के खिलाफ की जा रही साजिशों का सामना किया है और उसकी रक्षा के लिए बड़े से बड़े कष्ट भी सहे हैं।

वर्ष 2003 में जब श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधान मंत्री थे, तब हमने सुशासन को मजबूत करने के लिए 91वें संशोधन में मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेंस की भावना से मंत्री परिषद के आकार को सीमित कर दिया था। इस संशोधन ने दल विरोधी कानून के तहत जरूरी बदलाव भी किए थे, ताकि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जा सके और राजनीतिक स्थिरता को बढ़ावा मिले।

अध्यक्ष महोदय, आप आजाद भारत का इतिहास देख लीजिए। कांग्रेस ने सिर्फ संविधान संशोधन ही नहीं किया है, बल्कि मेरा आरोप है कि इन्होंने दुर्भावना के साथ-साथ धीरे-धीरे संविधान को बदलने का प्रयास भी किया है। … (व्यवधान)

पंडित जवाहर लाल जी नहेरू, जब प्रधान मंत्री थे तो लगभग 17 बार संविधान में बदलाव किए गए। श्रीमती इंदिरा गांधी जी के समय पर लगभग 28 बार संविधान में बदलाव किए गए। श्री राजीव गांधी जी के समय पर लगभग 10 बार संविधान में बदलाव किए गए। मनमोहन सिंह जी के समय पर लगभग सात बार संविधान में बदलाव किए गए। कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए अधिकांश संवैधानिक संशोधन या तो विरोधियों और आलोचकों को चुप कराने के लिए किए गए या गलत नीतियों को लागू करने के लिए किए गए थे। … (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, आप पहले संविधान संशोधन को ही ले लीजिए। साल 1950 में प्रेस में कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों की आलोचना हो रही थीं। अभी हमारे प्रेस के मित्र भी सुन रहे होंगे। ऐसे में तब की कांग्रेस की सरकार ने आरएसएस के साप्ताहिक प्रकाशन ऑर्गेनाइजर और मद्रास से निकलने वाली पत्रिका 'क्रॉस रोड्स' को प्रतिबंधित कर दिया था। इसका विरोध करते हुए ऑर्गेनाइजर के संपादक श्री के आर मलकानी ने लिखा था –

I would like to quote:

> "To threaten the liberty of the press for the sole offence of nonconformity to official view, may be a handy tool for tyrants but only a crippling curtailment of civil liberties in a free democracy. A government can always learn more from bona fide criticism of independent-thinking citizens than the fulsome flattery of charlatans."

अध्यक्ष महोदय, शार्लटन का मतलब आप सभी जानते हैं। मलकानी जी और आरएसएस ने सरकार के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी और सुप्रीम कोर्ट ने सेंसरशिप आदेश को रद्द कर दिया और सरकार के निर्णय को असंवैधानिक घोषित कर दिया था।

आज संविधान का राग अलापने वाली कांग्रेस पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सम्मान करने की जगह मई, 1951 में ही संवैधानिक संशोधन करके नागरिकों के फ्रीडम ऑफ स्पीच एंड

एक्सप्रेशन को कुचल दिया था। देश में पहला आम चुनाव भी नहीं हुआ था। कांग्रेस के पास कोई जनादेश भी नहीं था, लेकिन हड़बड़ी में पहला संविधान संशोधन कर दिया गया, जिससे आलोचकों को चुप किया जा सके और अभिव्यक्ति की आजादी को कुचला जा सके।

अध्यक्ष महोदय, हम सभी जानते हैं कि संविधान निर्माण में बाबा साहेब अम्बेडकर जी की अग्रणी भूमिका थी, लेकिन यह बहुत कम लोग जानते हैं कि संविधान लागू होने के बाद कांग्रेस सरकार द्वारा मौलिक अधिकारों को कमजोर करने के प्रयासों के खिलाफ बाबा साहेब हमेशा लड़ते रहे। जब कांग्रेस सरकार ने सन् 1954 में संविधान में चौथा संशोधन लाकर मौलिक अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश की तो बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने उसके खिलाफ कहा था –

I would like to quote:

> "I am sorry to say that this attitude of treating the fundamental rights with contempt, as though they were of no consequence, that they could be trodden upon at any time with the convenience of the majority or the wishes of a Party chief, is an attitude that may easily lead to some dangerous consequences in the future. And I therefore feel very sorry that even a matter of this sort, namely, the infringement of, or the deviation from, fundamental rights, is being treated by the Party in power as though it was a matter of no moment at all."

(1245/RAJ/NKL)

अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस और उसके नेताओं के द्वारा नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलने के लिए जिस एटीट्यूड की बात बाबा साहेब ने की थी, कांग्रेस ने उसी एटीट्यूड को सत्ता में होने के दौरान बार-बार दोहराया है। मैं कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए कुछ संवैधानिक संशोधनों का यहां पर उल्लेख करना चाहता हूं जिनके द्वारा संविधान और उसमें निहित भावना को ही नष्ट करने की कोशिश की गई।

अध्यक्ष महोदय, साल 1975 में हुए 38वें संविधान संशोधन से आपातकाल यानी इमरजेंसी लगाने के निर्णय को नॉन-जस्टिसिएबल बनाने की कोशिश की गई। इलेक्शन लॉ अमेंडमेंट बिल लाया गया। इसका एक मात्र उद्देश्य उन सभी इलेक्ट्रोरल मैलप्रैक्टिसेज को इम्युनिटी देना था, जिसके कारण श्रीमति इंदिरा गांधी के चुनाव को चुनौती दी गई। आप कल्पना कर सकते हैं।

अध्यक्ष महोदय, एक निंदनीय संशोधन जो अंतत: लैप्स हो गया, वह वर्ष 1976 में किया गया था – 41 संविधान संशोधन विधेयक। अध्यक्ष महोदय, मैं सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि इस संशोधन का उद्देश्य प्रधान मंत्री, राज्यपाल और राष्ट्रपति को पद ग्रहण करने से पहले उनके कार्यकाल के दौरान किए गए सभी कार्यों के लिए आपराधिक मुकदमों से इम्युनिटी प्रदान करना। चाहे जो भी अपराध किए हों, सब क्षम्य है।

अध्यक्ष महोदय, इसका मतलब यह था कि सबसे जघन्य अपराध करने वाला व्यक्ति भी अगर एक दिन के लिए संवैधानिक पद पर बैठ जाए तो उसके सभी अपराध माफ।...(व्यवधान) देश कैसे माफ कर सकता है?

अध्यक्ष महोदय, संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग यहीं नहीं रुका। 28 अगस्त, 1976 को 42वां संविधान संशोधन पेश किया गया था, जिसमें प्रोविजंस थे कि किसी भी कानून की संवैधानिकता केवल सात न्यायाधीशों द्वारा ही तय की जा सकती है और किसी भी कानून को केवल दो-तिहाई बहुमत से ही रद्द किया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय, क्षमा कीजिए। क्या यह सब एक तानाशाह द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए संविधान को विकृत करने का यह भरसक प्रयास नहीं था? अध्यक्ष महोदय, बेसिक स्ट्रक्चर के सिद्धांत को नकारने के लिए 42वें संविधान संशोधन के द्वारा यह प्रोविजन किया गया था कि आर्टिकल 368 के तहत किया गया प्रत्येक संवैधानिक संशोधन वैध है। जैसा कि आप जानते हैं कि आर्टिकल 368 के माध्यम से संविधान में संशोधन की व्यवस्था की गई है और संविधान में लोक सभा कार्यकाल भी बढ़ा कर छ: साल कर दिया गया।

अध्यक्ष महोदय, क्या यह पूरे संविधान को एक तानाशाह के उद्देश्यों की पूर्ति का एक माध्यम मात्र बनाने का षड़यंत्र नहीं था? क्या यह सब जनता को फिर से प्रजा बनाने की साजिश नहीं थी? आज उसी पार्टी के लोग संविधान का इस्तेमाल दुष्प्रचार के लिए कर रहे हैं। आज उसी पार्टी के लोग जाति के आधार पर जनगणना कराना चाहते हैं, वे कराएं, हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि देश की जनता की आंखों में धूल झोंक कर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। राजनीति करनी है तो जनता की आंखों में आंख डाल कर राजनीति करनी चाहिए। आपको एक ब्लू प्रिंट लेकर आना चाहिए, एक मसौदा लेकर आना चाहिए। ऐसा मसौदा, जिसमें कि यह पूरी तरह से स्पष्ट हो कि जो जातिगत जनगणना कराएंगे, किस जाति को आरक्षण का कितना प्रतिशत देंगे, इसका भी खुलासा होना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, मैं चाहूंगा कि ऐसा मसौदा तैयार होता है, यदि यह संसद सहमत हो, यदि आपकी अनुमति हो, उस पर संसद में चर्चा भी हो सकती है। अध्यक्ष महोदय, देश को गर्व है कि हमारा संविधान आपातकाल और भ्रष्ट सरकारों के सामने भी मजबूती से खड़ा रहा है। अध्यक्ष महोदय, हमारे संविधान में समय के साथ कई संशोधन हुए हैं, लेकिन संविधान की मूल भावना आज भी बनी हुई है। यह हमेशा बनी रहेगी। अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस चाहे कितनी भी कोशिश कर ले, लेकिन हम कभी भी संविधान के मूल चरित्र को बदलने नहीं देंगे।

(1250/KN/VR)

आप इतिहास देखें। हमने आपात काल के काले दिनों में भी संविधान के मूल चरित्र को चोट पहुंचाने के हर प्रयास का मजबूती के साथ विरोध किया था। लाखों की संख्या में संविधान के सिपाहियों ने जेल की यातना झेली है। मैं स्वयं इन यातनाओं का भुक्तभोगी हूं। मैं भी 18 महीने जेल

रहा हूं। हमने दो महीने तक तनहाई काटी है, जेल काटी है। जेल में रहते हुए मेरी मां की मृत्यु हो जाने पर मुखाग्नि देने के लिए हमें पैरोल तक नहीं दिया गया।

अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस ने कभी संविधान, न संवैधानिक मूल्यों और न संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान किया है। कांग्रेस के नेताओं ने हमेशा पर्सनल इंट्रेस्ट को कॉन्स्टीट्यूशनल वैल्यूज़ और इंस्टीट्यूशनल डिग्निटी के ऊपर रखा। एक डॉक्यूमेंट फैक्ट है कि वर्ष 1973 में तीन सीनियर मोस्ट जजेज को सुपरसीड करने के फैसले से तत्कालीन राष्ट्रपति श्री वी.वी. गिरी जी सहमत नहीं थे। पर तत्कालीन प्रधान मंत्री ने अपनी जिद, हठ, राजनीतिक दम्भ के कारण राष्ट्रपति के पद का सम्मान नहीं किया। आज संविधान के तथाकथित हितैषी यह भूल जाते हैं कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने 50 बार आर्टिकल 356 का दुरुपयोग करके चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम किया।

अध्यक्ष महोदय, सौ बात की एक बात, जब भी कांग्रेस नेताओं को सत्ता और संविधान में से एक को चुनना था, तो उन्होंने सबसे पहले सत्ता को चुना है, संविधान को नहीं चुना है। मैं यहां पर उत्तर प्रदेश से जुड़ी हुई कुछ घटनाओं की चर्चा जरूर करना चाहूंगा, क्योंकि वे मेरे कार्यकाल की हैं, जब मैं वहां अध्यक्ष था। 06 दिसंबर, 1992 को मैं श्री कल्याण सिंह जी के मंत्रिमण्डल में शिक्षा मंत्री था। दोपहर साढ़े 11 बजे अयोध्या में एक विवादित ढांचे के गुम्बद में आंतरिक क्षति पहुंचने की जानकारी मिली और जब तीन-चार घंटे के बाद इस बात की पुष्टि हुई कि वहां ढांचे में भारी तोड़-फोड़ हो चुकी है तो शाम 5 बजे श्री कल्याण सिंह जी की सरकार ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया। अध्यक्ष महोदय, मैं आपका विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, कल्याण सिंह जी ने इस्तीफा दे दिया, परंतु आश्चर्य की बात है कि पूर्ण बहुमत की सरकार का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया और कुछ घंटे के बाद बर्खास्तगी का आदेश कर दिया गया। यह संवैधानिक व्यवस्था के दुरुपयोग का पहला उदाहरण मैंने अपने राजनीतिक जीवन में देखा है।

महोदय, मैं तो सिर्फ अपने द्वारा अनुभव किए गए कुछ प्रयोग बतलाना चाहता हूं। 22 अक्टूबर, 1997 को मैं भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष था। श्री कल्याण सिंह जी हमारी गठबंधन सरकार के मुख्य मंत्री थे। हमने अपना बहुमत सदन के पटल पर साबित कर दिया था, विधान सभा अध्यक्ष स्व. श्री केशरी नाथ त्रिपाठी जी ने सरकार के बहुमत सिद्ध होने का निर्णय भी सुना दिया था, किन्तु फिर भी विपक्षी दल एक झुंड बनाकर, जिसमें हमारे कांग्रेस के मित्र थे, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के पास गए। राज्यपाल ने यह कह दिया– उन्हें लगता है कि सरकार के पास बहुमत नहीं है, जबकि हम बहुमत सिद्ध कर चुके थे अर्थात् विधान सभा में बहुमत सिद्ध करने के बाद भी किसी सरकार को बर्खास्त कर दिया गया और रात में ही कैबिनेट ने बर्खास्तगी का निर्णय लेकर अनुमोदन के लिए राष्ट्रपति को भेज दिया।

महोदय, मुझे याद है कि उस समय मेरे साथ रात्रि में 12 बजे वहां से चल कर हम सभी विधायक अगले दिन राष्ट्रपति भवन के बाहर देश की मीडिया के सामने, 240 विधायकों की संख्या के साथ वहां पर मौजूद थे। उस समय उत्तर प्रदेश की विधान सभा 425 की होती थी। मैं देश के तत्कालीन राष्ट्रपति और दलित समाज से आने वाले देश के पहले राष्ट्रपति श्री के.आर. नारायणन का आभार व्यक्त करना चाहूंगा, जिन्होंने इस अन्याय को देखते हुए अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करते हुए उस समय कांग्रेस सरकार की कैबिनेट की संस्तुति को पुनर्विचार के लिए लौटा दिया। समाचार पत्रों ने उस समय जो शीर्षक दिया था, राष्ट्रपति महोदय के इस फैसले के बाद समाचार पत्रों ने अपनी खबरों का जो शीर्षक दिया था– 'President Steps in to Save Democracy'.

(1255/VB/SAN)

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं एक दूसरा उदाहरण देना चाहूंगा। यह भी मेरा स्वयं का अनुभव किया हुआ है। 22 फरवरी, 1998 को देश में लोक सभा के चुनाव चल रहे थे। अचानक हमारे गठबंधन के कुछ विधायक समर्थन वापसी का पत्र राज्यपाल को देते हैं और राज्यपाल बगैर सरकार को बहुमत साबित करने का मौका दिये, हमारी सरकार को बर्खास्त करके दूसरे मुख्यमंत्री को शपथ दिला देते हैं।... (व्यवधान) अब क्या करें, वे एक डिसिप्लीन्ड सोलज़र हैं।... (व्यवधान) उस समय कांग्रेस में थे।... (व्यवधान) उनको बाद में यह एहसास हुआ होगा कि हम से हमारी पार्टी ने गलत काम करा दिया। इसीलिए उन्होंने पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की तरफ आने का विचार किया।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, तब उनसे तुरंत बहुमत साबित करने के लिए भी नहीं कहा। तब इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भारत के संवैधानिक इतिहास का एक अभूतपूर्व निर्णय लिया कि 24 घंटे में शक्ति परीक्षण होगा। सदन में दो मुख्यमंत्री रहेंगे। आपने ऐसा कभी नहीं सुना होगा और जो बहुमत पाएगा, वही मुख्यमंत्री माना जाएगा। महोदय, ये दोनों घटनाएं भारत के संवैधानिक इतिहास की यात्रा में एक काला अध्याय जरूर हैं, परंतु संविधान कैसे लोकतंत्र को बचा सकता है, उस दृष्टि से यह अंधेरे में प्रकाश स्तम्भ की तरह है।

हम सबसे बड़े दल के रूप में थे। हम और जदयू चुनाव-पूर्व सबसे बड़े गठबंधन में थे। इसके बावजूद, हमारे पास बहुमत था। हमें सरकार बनाने नहीं दी जा रही थी। जब यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में गया, तो पहली बार झारखण्ड के तत्कालीन राज्यपाल और तत्कालीन केन्द्र सरकार पर तल्ख टिप्पणी करते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने fraud on the constitution जैसी बात कही थी। यह झारखण्ड की घटना है, जिसका मैं यहाँ पर उल्लेख करना चाहता हूँ। मैं उसके विस्तार में नहीं गया हूँ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, भारत के संसदीय और संवैधानिक इतिहास में, यदि मैं मील के पत्थर गिनाना चाहूँ, महोदय, मैं आपके माध्यम से, विशेष रूप से प्रतिपक्ष का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। वर्ष 1995 में जेनेवा में, संयुक्त राष्ट्र संघ में पाकिस्तान कश्मीर को लेकर भारत के खिलाफ प्रस्ताव ला रहा था, उस समय कांग्रेस की तत्कालीन सरकार से कश्मीर मुद्दे पर घनघोर विरोध के बावजूद तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष, हम सबके श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए, नरसिम्हा राव सरकार का पक्ष प्रस्तुत करने के लिए जेनेवा गये थे। तत्कालीन लीडर ऑफ अपॉजिशन हमारे श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने विदेश की धरती पर सारा श्रेय नरसिम्हा राव जी की सरकार को दिया था। भारत की धरती पर आकर... (व्यवधान) विदेश जाकर उन्होंने केन्द्रीय सरकार का समर्थन किया था। लेकिन भारत की धरती पर आकर उन्होंने सरकार का फिर से मुखर विरोध किया।

महोदय, आज जब मैं देखता हूँ कि हमारे कई नेता विदेश की धरती पर जाकर भारत के बारे में न जाने क्या-क्या कहते हैं।... (व्यवधान) न जाने क्या-क्या कहते हैं।... (व्यवधान) हमें यह घटना एक कहानी जैसी लगती है।... (व्यवधान) परंतु परिपक्व विपक्ष की भूमिका कैसे निभाई जा सकती है, इसे भी सभी दलों को समझना चाहिए।... (व्यवधान)

मैं एक और घटना याद दिलाना चाहता हूँ। वर्ष 1996 में, अटल जी की 13 दिनों की सरकार थी। टेलीविज़न के द्वारा, सदन की कार्यवाही का सीधा प्रसारण करने का जब फैसला किया गया था, तो उस समय अटल जी भारत के प्रधानमंत्री थे और उन्होंने इसकी पहल की थी।

माननीय अध्यक्ष महोदय, सौ बात की एक बात है। जब भी कांग्रेस के नेताओं को सत्ता और संविधान में से एक को चुनना था, तो उन्होंने हमेशा सत्ता को चुना।

(1300/SNT/PC)

संविधान के आर्टिकल 44 में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की बात की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सरला मुद्गल वर्सेज़ यूनियन ऑफ इंडिया केस में कहा था:

> "Pandit Jawaharlal Nehru, while defending the introduction of the Hindu Code Bill instead of a uniform civil code, in the Parliament in 1954, said, "I do not think that at the present moment the time is ripe in India for me to try to push it through". It appears that even 41 years thereafter, the Rulers of the day are not in a mood to retrieve Article 44 from the cold storage where it is lying since 1949. The Governments – which have come and gone – have so far failed to make any effort towards "unified personal law for all Indians". The reasons are too obvious to be stated. The utmost that has been done is to codify the Hindu law in the form of the Hindu Marriage Act, 1955. The Hindu Succession Act, 1956, the Hindu Minority and Guardianship Act, 1956, and the Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956 have replaced the traditional Hindu law based on different schools of thought and scriptural laws into one unified code. When more than 80 per cent of the citizens have already been brought under the codified personal law, there is no justification whatsoever to keep in abeyance, any more, the introduction of "uniform civil code" for all citizens in the territory of India."

अध्यक्ष महोदय, यूनिफॉर्म सिविल कोड तो कांग्रेस क्या ही लाती, उन्होंने तो सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट को भी पूरी तरह से नकार दिया था।

अध्यक्ष महोदय, आप शाह बानो केस याद कीजिए, जो कि भारत में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय था। मैं उसे 'ऐतिहासिक' कहना चाहता हूं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तलाकशुदा महिला शाह बानो के पक्ष में फैसला सुनाया था। इस फैसले के जरिए सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा था कि मुस्लिम महिलाएं भी गुजारा भत्ता पाने की हकदार हैं। यह सुप्रीम कोर्ट ने कहा था।

अध्यक्ष महोदय, लेकिन तुष्टीकरण के रास्ते पर चलते हुए तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने कानून बनाकर इस जजमेंट को ही पलट दिया था। … (व्यवधान) कांग्रेस के लोग, जो हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति करते आए हैं, इसलिए, जब हमारे नेता विरोधी दल जब 'मोहब्बत की दुकान' की बात करते हैं, तो हंसी आती है। … (व्यवधान) 75 वर्षों के बाद आज हमें अपने संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराना चाहिए। भारत का संविधान भारतवासियों की आकांक्षाओं

की पूर्ति के लिए, उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए एक सशक्त माध्यम साबित हुआ है। यह बात मैं दावे के साथ कह सकता हूं। … (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, जैसा मैंने प्रारंभ में कहा था, आज संसद पर हमले की बरसी है, तो आज मैं अपेक्षा करता हूं कि संविधान ने जो अधिकार सर्वोच्च पदों पर बैठे हुए लोगों को दिए हैं, उनका वैसा दुरुपयोग कभी नहीं, जैसा हमले के मास्टरमाइंड को क्षमादान प्रकरण पर सात साल तक वह लंबित रहे, आज तक ऐसी कभी कल्पना नहीं की जा सकती। … (व्यवधान) मैं समझता हूं कि यह संकल्प लेना चाहिए कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग कभी न हो। यह संसद को सुनिश्चित करना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, आज जब हम अपने संविधान के 75 साल पूरे होने के साक्षी बने हैं, तो हमें अधिकारों से एक कदम आगे बढ़कर अपने कर्तव्यों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। भारतीय संस्कृति में धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थान है। इसको कोई नकार नहीं सकता। धर्म के अनेकों अर्थ हैं, मंदिर में जाकर पूजा करना, मस्ज़िद में जाकर इबादत करना, गिरजाघर में सिजदा करना, यही धर्म नहीं है। धर्म के अनेकों अर्थ हैं, उनमें जो सबसे महत्वपूर्ण है, वह 'कर्तव्य' है। 'कर्तव्य' सबसे महत्वपूर्ण है। हमारे धर्म ग्रंथों में धर्म का अर्थ मूलत: 'कर्तव्य' ही है। 'धर्म' शब्द ऋग्वेद में 56 टाइम्स, 56 बार आता है और लगभग सभी स्थानों पर इसका उपयोग 'कर्तव्य' के अर्थ और संदर्भ में ही किया गया है।

अध्यक्ष महोदय, भारत की संस्कृति में उसके धर्म, मूल्य, इतिहास, सभी में कर्तव्यों के निर्वहन की बातें की गई हैं। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और किसी भी लोकतंत्र में उसका संविधान ही उसका सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज, या मैं यूं कहूं कि 'सेक्रेड डॉक्युमेंट' माना जाता है। यही कारण है कि सर्वोच्च पदों पर बैठे सभी व्यक्तियों को इस संविधान में मौजूद शपथ को पद ग्रहण से पहले दोहराना पड़ता है – 'मैं अपने कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक और शुद्ध अंत:करण से निर्वहन करूंगा', आपके ही समक्ष यह शपथ लेनी पड़ती है।

अध्यक्ष महोदय, ये केवल कुछ शब्द नहीं हैं, बल्कि भारत के लोकतंत्र की अंतरात्मा हैं।

(1305/IND/AK)

यह एक संवैधानिक दायित्व होने के साथ-साथ एक नैतिक दायित्व भी है। यह अक्सर कहा जाता है कि भारत विविधता का देश है। भारत विभिन्न धर्मों, विश्वासों, मान्यताओं, रीति-रिवाजों और परम्पराओं का देश है, लेकिन इस जीवंत विविधता के बीच जो हमें एकत्व में बांधता है, वह है हमारा संविधान।

अध्यक्ष जी, ग्रैनविल ऑस्टिन ने अपनी बहुचर्चित किताब 'दि इंडियन कांस्टीट्यूशन कॉर्नरस्टोन ऑफ ए नेशन' में लिखा है कि हमारे संविधान निर्माताओं ने भारतीय संविधान में राष्ट्र के आदर्शों और उन्हें प्राप्त करने के लिए इश्यूज एंड प्रोसीजर दोनों को एक समान महत्व दिया है। जिन आदर्शों को उन्होंने सबसे अधिक महत्व दिया, वे हैं - राष्ट्रीय एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक और समतामूलक समाज। हमारे संविधान निर्माताओं ने इन्हें प्राप्त करने के लिए सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का रास्ता अपनाया लेकिन उनके जहन में एक बात पूरी तरह से साफ थी कि यह सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन केवल संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थानों का उपयोग करते

हुए लोकतांत्रिक भावना के साथ लाया जाया, यह उनकी मंशा थी। ग्रैनविल ऑस्टिन ने अपनी किताब में एक महत्वपूर्ण बात लिखी, जिसका मैं उल्लेख करना चाहता हूं। वह बात यह थी कि संविधान निर्माताओं को यह विश्वास था कि सामाजिक एकता, सामाजिक क्रांति और लोकतंत्र को अलग-अलग हासिल नहीं किया जा सकता है बल्कि यह एक सीमलेस वेब के तीन अलग-अलग स्ट्रांड्स हैं।

Sir, I would like to quote him:

"Without national unity, democracy would be endangered and there could be little progress toward social and economic reform. And without democracy and reform, the nation would not hold together. With these three strands, the framers had spun a seamless web."

अध्यक्ष जी, हमारे संविधान ने हमेशा नागरिक, राज्य, व्यक्ति और समाज के बीच हारमोनियस बैलेंस बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक प्रसिद्ध ज्यूरिस्ट फार्मर चीफ जस्टिस ऑफ यूएसए जॉन माशर्ल ने कहा था –

"…Constitution is framed for ages to come, but its course cannot always be tranquil. "

जिसका अर्थ है कि संविधान की रचना सदियों के लिए होती है, मगर उसकी यात्रा चुनौतीपूर्ण होती है।

अध्यक्ष जी, हम सभी जानते हैं कि हमारे संविधान निर्माता आजादी के आंदोलनों से प्रेरित थे और सभी दूरदर्शी थे लेकिन भविष्य में आने वाली सभी चुनौतियों और उनके समाधानों को संविधान में सम्मिलित करना किसी भी सूरत में संभव नहीं था। पिछले साढ़े सात दशकों में संविधान को बहुत-सी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हम सभी को इस बात का गर्व होना चाहिए कि हमारे संविधान की स्प्रिट ऑफ रीजिलिएंस है कि हम उन सभी चुनौतियों का सामना पूरी दृढ़ता से कर पाए। पिछले 75 वर्षों में ऐसे कई अवसर आए जब भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसलों के माध्यम से लोगों के मौलिक अधिकारों की रक्षा की है और लोकतंत्र को मजबूत किया है। उन सभी ऐतिहासिक फैसलों के पीछे जो आदर्श, सोच और मापदंड थे, वे सभी हमारे संविधान में निहित हैं। भारतीय संविधान वह आदर्श है, जिसके माध्यम से दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अस्तित्व में आया। यह चार्टर था जिसने प्राचीन सभ्यता को आधुनिकता और बड़े सामाजिक और आर्थिक सुधार के मार्ग पर अग्रसर किया और पिछले 75 वर्षों से हमारा संविधान इस भूमिका को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभा रहा है।

अध्यक्ष महोदय, पिछले 75 सालों में संविधान की मूल भावना से ही प्रेरणा लेते हुए हमारे सर्वोच्च न्यायालय ने लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया। पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित किया। संघीय संरचना को मजबूत किया और लोगों के मौलिक अधिकारों की रक्षा की है। इस संदर्भ में मेरा मानना है कि इन सभी निर्णयों के पीछे जो गाइडिंग प्रिंसिपल्स थे वे हमारे संवैधानिक निर्माताओं के आदर्श और दृष्टिकोण थे, जो भारत के संविधान में ही निहीत हैं। भारत का संविधान 7 दशकों से अधिक समय से न सिर्फ शानदार तरीके से काम कर रहा है बल्कि तमाम झंझावातों को झेलने के बाद भी

साल-साल दर साल हमारा संविधान मजबूत होता जा रहा है। मेरा मानना है कि इसकी सबसे बड़ी वजह इसमें कांस्टीट्यूशनल मोरैलिटी है। डॉ. अम्बेडकर ने संविधान सभा की 4 नवम्बर, 1949 को अपने भाषण में इसी कांस्टीट्यूशनल मौरेलिटी पर विचार रखते हुए प्रसिद्ध विचारक जॉर्ज ग्रोट को कोट करते हुए कहा था-"Constitutional morality was the indispensable condition of a Government at once free and peaceable."

(1310/GG/UB)

अध्यक्ष महोदय, हमारे भारतीय संविधान को इस कान्स्टिटूशनल मोरैलिटी से रेखांकित करने के लिए हमें बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर और संविधान सभा के प्रत्येक सदस्य के प्रति आभारी होना चाहिए। 26 नवंबर, 1949 से ठीक एक दिन पहले डॉ. अंबेडकर ने संविधान सभा में एक भाषण दिया था जिसे the grammar of anarchy speech के नाम से जाना जाता है। डॉ. अंबेडकर ने उसमें कहा था कि कोई संविधान कितना भी अच्छा हो, वह बुरा बन सकता है, अगर जिन लोगों पर उसे चलाने की जिम्मेदारी है, वे अच्छे न हों। … (व्यवधान) उसी तरह कोई संविधान कितना भी बुरा हो, वह अच्छा साबित हो सकता है, अगर उसे चलाने वाले लोगों की भूमिका सकारात्मक हो। … (व्यवधान) यह राजनीति का चरित्र है कि जैसे व्यक्तियों के हाथों में जाती है, वैसी बन जाती है। राम के हाथों में जाती है तो भक्ति बन जाती है। कृष्ण के हाथों में जाती है तो युक्ति बन जाती है। आजाद, भगत सिंह और अशफाकउल्ला खान जैसे लोगों के हाथों में जाती है तो मुक्ति बन जाती है।

अध्यक्ष महोदय, अंत में बाबा साहब अंबेडकर द्वारा कही गई एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात मैं आप सभी के बीच में रखना चाहता हूँ। उन्होंने कहा था कि By Independence, we have lost the excuse of blaming the British for anything going wrong. If hereafter things go wrong, we will have nobody to blame except ourselves. … (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, इस बात को हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा संविधान सबसे उत्कृष्ट दिमागों की एक कड़ी मेहनत और दृष्टि का परिणाम है। महोदय, हमारा संविधान हर मामले में एक महान दस्तावेज़ है। यह हमारे फाउंडिंग फादर्स और फाउंडिंग मदर्स का हम सभी के लिए एक सबसे बड़ा उपहार है। अब यह हमारा कर्त्तव्य है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हम संविधान की पवित्रता को किसी भी सूरत में भंग न होने दें और यह संवैधानिक यात्रा अनवरत जारी रहे, इसके लिए पूरी शक्ति से काम करें।

अध्यक्ष महोदय, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूँ, गौरव की अनुभूति करते हुए कह सकता हूँ कि हमारे प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व की सरकार, चाहे जो भी कीमत चुकानी पड़े, संविधान की पवित्रता को किसी भी सूरत में भंग नहीं होने देगी। … (व्यवधान) यह कर्त्तव्य हमारे किसी भी अन्य दायित्व से बड़ा होना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी वाणी को विराम देता हूँ।

आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद।

जय भारत। जय हिंद। जय संविधान। (इति)

1314 बजे

श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा (वायनाड) : माननीय अध्यक्ष महोदय जी, आज आपने मुझे इस सभा में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपकी बहुत-बहुत आभारी हूँ। मैं सबसे पहले, जो सुरक्षाकर्मी, जवान, अफसर 13 दिसंबर, 2001 को संसद की सुरक्षा करते हुए शहीद हुए थे, उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहती हूँ।

महोदय, हज़ारों साल पुरानी हमारे देश की, धर्म की एक पुरानी परंपरा रही है। यह परंपरा संवाद, चर्चा की रही है। एक गौरवशाली परंपरा है, जो दर्शन ग्रंथों में, वेदों में, उपनिषदों में दिखती है। वाद-विवाद और संवाद की हमारी पुरानी संस्कृति है।

(1315/MY/SRG)

अलग-अलग धर्मों में भी, इस्लाम धर्म में, सूफियों में, बौद्ध धर्म में, जैन धर्म में और सिख धर्म में वाद-संवाद, चर्चा और बहस की संस्कृति रही है। इसी परंपरा से हमारा स्वतंत्रता संग्राम उभरा। हमारा स्वतंत्रता संग्राम विश्व में एक अनोखा संग्राम था, एक अनोखी लड़ाई थी, जो अहिंसा और सत्य पर आधारित थी। विवाद-संवाद की जो पंरपरा है, इसको इस संग्राम ने आगे कैसे बढ़ाया? हमारी आजादी के लिए जो संग्राम था, जो लड़ाई थी, वह बेहद लोकतांत्रिक लड़ाई थी। इसमें देश के किसान, देश के जवान, देश के मजदूर, देश के अधिवक्ता, देश के बुद्धिजीवी, चाहे किसी भी जाति के हो, चाहे किसी भी धर्म के हो, चाहे वे किसी भी भाषा को बोलते हो, सब इस स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए। सब ने हमारे देश की आजादी की लड़ाई लड़ी। उसी आजादी की लड़ाई से एक आवाज उभरी, जो हमारे देश की आवाज थी। वह आवाज ही आज हमारा संविधान है। वह साहस की आवाज थी, हमारी आजादी की आवाज थी और उसी की गूंज ने हमारे संविधान को लिखा और बनाया। यह सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है। बाबा साहब अंबेडकर जी, मौलाना आजाद जी, राजगोपालाचारी जी और जवाहर लाल नेहरू जी सहित उस समय के तमाम नेता, जैसा आपने कहा कि इस संविधान को बनाने के कार्य में सालों से जुटे रहे।

हमारा संविधान इंसाफ, उम्मीद, अभिव्यक्ति और आकांक्षा की वह ज्योति है, जो हर हिंदुस्तानी के दिल में जलती है।

अध्यक्ष महोदय, इस ज्योत ने हरेक भारतीय को यह पहचानने की शक्ति दी कि उसे न्याय मिलने का अधिकार है। उसमें अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की क्षमता है। जब वह आवाज उठाएगा तो सत्ता को उसके सामने झुकना पड़ेगा। इस संविधान ने हरेक देशवासी को यह अधिकार दिया कि वह सरकार बना भी सकता है और सरकार बदल भी सकता है। यह ज्योति जो हर हिंदुस्तानी के दिल में जलती है, उसने हर हिंदुस्तानी को यह विश्वास दिया कि देश की संपत्ति में, देश की दौलत में और संसाधनों में उसका भी हिस्सा है। उसे एक सुरक्षित भविष्य की उम्मीद का अधिकार है। देश बनाने में भी उसकी भागीदारी है। उम्मीद और आशा की यह ज्योति मैंने देश के कोने-कोने में खुद देखी है। उन्नाव में मैं एक रेप पीड़िता के घर गई। उसे जला कर मार डाला गया था। वह शायद 20-21 साल की होगी। हम सबके बच्चे हैं। हम सोच सकते हैं कि अगर हमारी बेटी के साथ बार-बार बलात्कार होता और फिर जब वह अपनी लड़ाई लड़ने के लिए जाए तो उसको जलाकर मार डाला गया होता तो हम पर क्या बीतता? मैं उस बच्ची के पिता से मिली। उसके खेत जलाए गए थे। उसके भाइयों को पीटा गया था। उसके पिता को घर के बाहर घसीट कर मारा गया था। उस पिता ने मुझे बताया कि बेटी, मुझे न्याय चाहिए। मेरी बेटी अपने एफआईआर को दर्ज कराने के लिए जिले में गई तो उसको मना किया गया। तब उसको अगले जिले में जाना पड़ा। वह रोज सुबह छह बजे उठ कर, तैयार हो कर, अकेले ही अपने मुकदमे को लड़ने के लिए अगले जिले में ट्रेन से जाती थी।

(1320/CP/RCP)

उसके पिता ने मुझे कहा कि मैंने उससे कहा कि बेटी अकेली मत जाओ, छोड़ दो यह लड़ाई, लेकिन उसकी बेटी ने उसको जवाब दिया कि पिता जी, मैं अकेली जाऊंगी, मैं लड़ूंगी, यह मेरी लड़ाई है, मैं इसे लड़ूंगी। यह लड़ने की क्षमता, यह हिम्मत उस लड़की को और करोड़ों भारत की नारियों को हमारे संविधान ने दी है। मैं आगरा में अरुण वाल्मीकि के घर गई। अरुण वाल्मीकि पुलिस स्टेशन में सफाई का काम करता था। आप सोच सकते हैं कि हमारी तरह उसका भी परिवार था, नई-नई शादी हुई थी और उसका दो-तीन महीनों का बच्चा था। पुलिस स्टेशन में चोरी हो गई। उस पर चोरी का इल्जाम लगाया गया और उसके पूरे परिवार को पुलिस स्टेशन ले गए। आप हंस रहे हैं, लेकिन यह गम्भीर बात है। … (व्यवधान) अरुण वाल्मीकि को पीट-पीटकर मार डाला, उसकी बीवी को पीटा, उसके पिता के नाखून निकाले, उसके पूरे परिवार को पीटा गया। जब मैं उस जवान महिला से मिलने गई, जो अभी-अभी विधवा हुई थी, तो उसने मुझे कहा कि दीदी हमें सिर्फ एक चीज चाहिए, हमें न्याय चाहिए और हम इस न्याय के लिए लड़ते रहेंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। यह हिम्मत उस महिला को हमारे संविधान ने दी है।

सम्भल के कुछ लोग हमसे मिलने आए थे, जो मृतकों के परिवार के सदस्य थे। उसमें दो बच्चे थे, अदनान और उजैद। … (व्यवधान) एक बच्चा मेरे बच्चे की उम्र का है, दूसरा उससे छोटा 17 साल का है। वे दर्जी के बेटे हैं। दर्जी का एक ही सपना था कि वह अपने बेटों को पढ़ाएगा-लिखाएगा, एक बेटा डॉक्टर बनेगा और दूसरा बेटा भी अपने जीवन में सफल होगा। उनके पिता जी हर रोज उनको स्कूल छोड़ते थे। उस दिन भी स्कूल छोड़ने के बाद वे अपनी दुकान में चले गए। उन्हें पता नहीं था कि विवाद हो रहा है। उन्होंने भीड़ देखी, घर आने की कोशिश की तो पुलिस ने गोली से मार डाला। … (व्यवधान) वह 17 साल का बच्चा अदनान मुझसे कहता है कि मैं बड़ा होकर डॉक्टर बनकर दिखाऊंगा। मैं अपने पिता का सपना साकार करूंगा। यह सपना, यह आशा उसके दिल में हमारे संविधान ने डाली है।

अध्यक्ष महोदय, हमारे देश के करोड़ों देशवासियों के संघर्ष में, अपने अधिकारों की पहचान में, इनकी कठिन से कठिन परिस्थितियों से लड़ने की अपार हिम्मत में और देश से न्याय की अपेक्षा में हमारे संविधान की ज्योति जल रही है। मैंने हमारे संविधान की ज्योति को जलते हुए देखा है और इसके साथ-साथ यह भी समझा है कि हमारा संविधान एक सुरक्षा कवच है। यह एक ऐसा सुरक्षा कवच है जो देशवासियों को सुरक्षित रखता है। यह न्याय का कवच है, एकता का कवच है और अभिव्यक्ति की आजादी का कवच है। दु:ख की बात यह है कि मेरे सत्ता पक्ष के साथी, जो बहुत बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, इन्होंने इन 10 सालों में यह सुरक्षा कवच तोड़ने का पूरा प्रयास किया। संविधान में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का वादा है। यह वादा एक सुरक्षा कवच है, जिसको तोड़ने का काम शुरू हो चुका है। लैटरल एंट्री और निजीकरण के जरिए यह सरकार आरक्षण को कमजोर करने का काम कर रही है। अगर लोक सभा चुनाव में ये नतीजे नहीं आए होते तो ये संविधान बदलने का काम भी शुरू कर लेते। सच्चाई यह है कि आज संविधान, संविधान, संविधान बार-बार इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि इस चुनाव में इनको पता चल गया कि इस देश की जनता ही इस संविधान को सुरक्षित रखेगी।

(1325/NK/PS)

इस चुनाव में हारते-हारते जीतने से इन्हें अहसास हुआ कि संविधान बदलने की बात इस देश में नहीं चलेगी। आज जनता की मांग है कि जाति जनगणना हो। सत्ता पक्ष के साथी ने इसका जिक्र किया, यह जिक्र भी आज इसलिए हो रहा है कि चुनाव ये नतीजे आए। जाति जनगणना इसलिए जरूरी है ताकि हमें पता चले कि किसकी क्या स्थिति है और नीतियां उस हिसाब से बने। इनकी गंभीरता का प्रमाण यह है कि जब चुनाव

में पूरे विपक्ष ने जोर-शोर से जोरदार आवाज उठायी कि जाति जनगणना होनी चाहिए, इनका जवाब देखिए, इनका जवाब है, भैंस चुरा लेंगे, मंगलसूत्र चुरा लेंगे, इनका ये जवाब था। जाति जनगणना की यह इनकी गंभीरता है।

महोदय, हमारे संविधान ने आर्थिक न्याय की नींव डाली, किसानों और गरीबों को जमीन बांटी, भूमि सुधार किया। जिसका नाम लेने से कभी-कभी आप झिझकते हैं, कभी-कभी उनका नाम अपने आपको बचाने के लिए धड़ाधड़ इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने एचएएल, बीएचईएल, सेल, गेल, ओएनजीसी, एनटीपीसी, रेलवे, आईआईटीज, आईआईएम और ऑयल रिफाइनरीज जैसे तमाम पीएसयूज बनाए।

अध्यक्ष महोदय, उनका नाम पुस्तकों से मिटाया जा सकता है, उनका नाम भाषणों से मिटाया जा सकता है लेकिन देश की आजादी के लिए जो उनकी भूमिका रही, इस देश के निर्माण के लिए जो भूमिका रही, वह इस देश से कभी नहीं मिटाया जा सकता है। 75 सालों में जनता का भरोसा रहा कि नीतियां बनेंगी तो जनता की भलाई के लिए बनेंगी। जल, जंगल का अधिकार आदिवासी भाई-बहनों को मिला। इंदिरा जी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण करवाया, खदानों का राष्ट्रीयकरण कराया, कांग्रेस की यूपीए सरकारों में शिक्षा और भोजन का अधिकार मिला। 75 सालों में जनता का भरोसा मिला, पहले संसद चलती थी तो जनता जनता को उम्मीद होती थी कि सरकार महंगाई और बेरोजगारी पर चर्चा करेगी, कोई उपाय निकालेगी, कोई रास्ता निकालेगी। लोग मानते थे कि यदि कोई नई आर्थिक नीति बनेगी तो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बनेगी, भारतीय बाजार को मजबूत बनाने के लिए बनेगी, उनके भविष्य को मजबूत बनाने के लिए बनेगी, किसान और आदिवासी भाई-बहन भरोसा करते थे कि यदि जमीन के कानून में संशोधन होगा तो उन्हीं की भलाई के लिए होगा। आप नारी शक्ति की बात करते हैं, आज चुनाव की वजह से नारी शक्ति की शायद इतनी बातचीत हो रही है। हमारे संविधान ने महिलाओं को यह अधिकार दिया था, उनकी शक्ति को वोट में परिवर्तित किया, आज आपको पहचानना पड़ रहा है कि महिलाओं के बिना, नारी शक्ति के बिना सरकारें नहीं बन सकती हैं, इसीलिए आज आप नारी शक्ति की बात दोहरा रहे हैं। आप नारी शक्ति का अधिनियम लाये हैं, उसको लागू क्यों नहीं करते? दस साल बाद लागू क्यों होगा, क्या आज की नारी उसके लागू करने के लिए दस साल इंतजार करेगी? आज संसद में बैठे हुए सत्ता पक्ष के साथी ज्यादा से ज्यादा अतीत की बातें करते हैं कि सन उन्नीस सौ में क्या हुआ, नेहरू जी ने क्या किया। आप वर्तमान की बात कीजिए, देश को बताइए कि आप क्या कर रहे हैं?

(1330/SK/SMN)

आपकी जिम्मेदारी क्या है? क्या सारी जिम्मेदारी जवाहर लाल नेहरू की है?

अध्यक्ष महोदय, यह सरकार आर्थिक न्याय का सुरक्षा कवच तोड़ रही है। आज संसद में बैठी यह सरकार बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रही जनता को क्या राहत दे रही है? कृषि के कानून भी बड़े-बड़े उद्योगपतियों के लिए बन रहे हैं। सही एमएसपी तो छोड़िए, डीएपी तक नहीं मिल रहा है। वायनाड से लेकर ललितपुर तक इस देश का किसान रो रहा है। आपदा आती है तो उसे कोई राहत नहीं मिलती है। आज इस देश का किसान भगवान भरोसे है क्योंकि उसे छोड़ दिया गया है। आज हिमाचल प्रदेश में देखिए, जितने भी कानून बने हैं, सब बड़े-बड़े उद्योगपतियों के लिए बन रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में सेब उगता है, इसके छोटे-छोटे किसान रो रहे हैं क्योंकि एक व्यक्ति के लिए सब कुछ बदला जा रहा है। ... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, ... (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) को सारे कोल्ड स्टोरेज प्रदेश की सरकार ने नहीं दिए। ... (व्यवधान) ... (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) को सारे कोल्ड स्टोरेज आपकी सरकार ने दिए हैं। ...

(व्यवधान) देश देख रहा है कि एक व्यक्ति को बचाने के लिए देश की 142 करोड़ जनता को नकारा जा रहा है। सारे बिजनेस, सारे संसाधन, सारी दौलत, सारे मौके एक ही व्यक्ति को सौंपे जा रहे हैं। सारे बंदरगाह, एयरपोर्ट्स, सड़कें, रेलवे का काम, कारखानें, खदानें और सरकारी कंपनियां सिर्फ एक व्यक्ति को दी जा रही हैं। जनता के मन में हमेशा विश्वास रहता था कि अगर कुछ नहीं है तो संविधान हमारी सुरक्षा करेगा, लेकिन आज आम लोगों के बीच यह धारणा बनती जा रही है कि यह सरकार सिर्फ … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) के मुनाफे के लिए चल रही है। देश में बहुत तेजी से गैर-बराबरी बढ़ रही है, जो गरीब है वह और गरीब हो रहा है और जो अमीर है, वह और अमीर हो रहा है। इस सरकार ने आर्थिक न्याय का भी सुरक्षा कवच तोड़ दिया है।

महोदय, राजनीतिक न्याय की बात भी होती है। आज सत्ता पक्ष के साथी खड़े हुए और तमाम गिनतियां करने लग गए कि ऐसा हुआ, वैसा हुआ, वर्ष 1975 में ऐसा हुआ। आप भी सीख लीजिए। आप भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांग लीजिए। आप भी बैलेट पर चुनाव कर लीजिए, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। आप राजनीतिक न्याय की बात करते हैं? सरकारों को पैसे के बल पर गिरा देते हैं। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मेरा आग्रह है कि संविधान पर सकारात्मक बात कहें।

… (व्यवधान)

श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा (वायनाड) : अध्यक्ष महोदय, सत्ता पक्ष के एक साथी ने उत्तर प्रदेश की सरकार का उदाहरण दिया तो मैं भी एक उदाहरण दे देती हूं महाराष्ट्र की सरकार का। मैं भी एक उदाहरण दे देती हूं, हिमाचल प्रदेश की सरकार को तोड़ने की कोशिश किसने की? पैसों के बल पर की। … (व्यवधान) गोवा की सरकार, तमाम उदाहरण हैं। … (व्यवधान) क्या ये सरकारें जनता ने नहीं चुनी थीं?

(1335/KDS/SM)

क्या संविधान इन पर लागू नहीं था? पूरे देश की जनता जानती है, हंसती है कि इनके यहां तो वाशिंग मशीन है। जो यहां से वहां जाता है, वह धुल जाता है। इस तरफ दाग, उस तरफ स्वच्छता। मेरे कई ऐसे साथी हैं, जो इस तरफ होते थे, उस तरफ चले गए। मुझे वे दिख भी रहे हैं। शायद वाशिंग मशीन में धुल भी गए हैं।

अध्यक्ष महोदय, जहां भाईचारा और अपनापन होता था, जहां हमारे संविधान ने एकता का सुरक्षा कवच दिया था, वहां शक और घृणा के बीज बोए जा रहे हैं। एकता का सुरक्षा कवच तोड़ा जा रहा है। प्रधान मंत्री जी सदन में संविधान की किताब को माथे से लगाते हैं, लेकिन संभल, हाथरस, मणिपुर में जब न्याय की गुहार उठती है, तो उनके माथे पर शिकन तक नहीं आती है। वह शायद समझ नहीं पाए हैं कि भारत का संविधान संघ का विधान नहीं है। भारत के संविधान ने हमें एकता दी। हमें आपसी प्रेम दिया। उस मोहब्बत की दुकान, जिस पर आपको हंसी आती है, उसके साथ करोड़ों देशवासी चले। करोड़ों देशवासियों के दिल में एक-दूसरे के लिए प्रेम है, घृणा नहीं है।

महोदय, इनकी जो विभाजनकारी नीतियां हैं, उनका नतीजा हम रोज देखते हैं। राजनीतिक फायदे के लिए, संविधान को छोड़िए, देश की एकता ये बनाए नहीं रख सकते, सुरक्षा भी नहीं कर सकते। हमने सम्भल, मणिपुर में देखा। दरअसल, इनका कहना है कि देश के अलग-अलग हिस्से हैं, लेकिन हमारा संविधान कहता है कि यह देश एक है और यह देश एक रहेगा। जहां खुला विवाद होता था, अभिव्यक्ति का सुरक्षा कवच होता था, वहां इन्होंने भय का माहौल पैदा किया है। सत्तापक्ष के मेरे साथी अक्सर 75 सालों की बात करते हैं, लेकिन इन 75 सालों में यह उम्मीद, अभिव्यक्ति की ज्योति कभी थमी नहीं, कभी बुझी नहीं। इस देश की जनता ने खुलकर आलोचना की, निडर होकर धरना-प्रदर्शन किया। जब-जब जनता नाराज हुई, तब-तब सत्ता

को ललकारा, उसे चेतावनी दी। बड़े से बड़े नेताओं को कठघरे में खड़ा किया। उनसे जवाब मांगा, न्याय मांगा। इस देश के छोटी-मोटी नुक्कड़ की दुकानों में, चाय की दुकानों में इस देश के घरों, मोहल्लों, अखबारों, प्रकाशन घरों, न्याय पालिकाओं में चर्चा कभी बंद नहीं हुई, लेकिन आज यह माहौल है। आज जनता को सच बोलने से डराया, धमकाया जाता है। पत्रकार हो या विपक्ष का नेता हो या किसी यूनिवर्सिटी का प्रोफेसर हो, छात्रसंघ हो या कर्मचाारियों का संगठन हो, सबका मुंह बंद कराया जाता है। किसी पर भी ईडी, किसी पर सीबीआई, किसी पर इनकम टैक्स, किसी पर फर्जी मुकदमे लगाकर जेल में डाल दिया जाता है। विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया जाता है, उनको सताया जाता है। किसी को इस सरकार ने नहीं छोड़ा। मुझे याद है कि उत्तर प्रदेश में कुछ अध्यापिकाएं प्रदर्शन कर रही थीं। उन पर देशद्रोही का मुकदमा डाल दिया गया, उन्हें देशद्रोही कह दिया गया। इन्होंने देश का पूरा माहौल भय से भर दिया है। इनकी मीडिया की मशीन झूठ फैलाती है, तरह-तरह के आरोप लगाती है और शायद वह भी भय में ही है।

(1340/MK/RP)

महोदय, मैं इस सदन को याद दिलाना चाहती हूं कि ऐसा डर का माहौल देश में अंग्रेजों के राज में था। जब इस तरफ बैठे हुए गांधी जी की विचारधारा वाले लोग आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे, तब उस तरफ वाली विचारधारा वाले लोग भय में रहकर अंग्रेजों के साथ सांठ-गांठ कर रहे थे। भय का भी अपना स्वभाव होता है। भय फैलाने वाले हमेशा भय का खुद शिकार बन जाते हैं। यह प्रकृति का नियम है। क्या आज इनकी यह हालत नहीं हो गई है? ये भय फैलाने के इतने आदी हो गए हैं कि खुद भय में रहने लगे हैं। ये चर्चा से डरते हैं और आलोचना से घबराते हैं। हम कई दिनों से मांग कर रहे हैं कि चर्चा कीजिए, लेकिन इनमें चर्चा करने की हिम्मत ही नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, एक कहानी होती थी। शायद बचपन में आपने भी सुनी होगी। राजा भेष बदलकर बाजार में आलोचना सुनने जाता था। वह यह सुनने जाता था कि प्रजा मेरे बारे में क्या कह रही है? मैं सही रास्ते पर चल रहा हूं या नहीं? आज के राजा भेष तो बदलते हैं, उनको भेष बदलने का शौक है, लेकिन न जनता के बीच जाने की हिम्मत है और न आलोचना सुनने की हिम्मत है। मैं तो सदन में नई हूं। … (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, जनता में बहुत विवेक है, यह सही है। … (व्यवधान) मैं सदन में नई हूं। मैं मात्र 15 दिनों से आ रही हूं। लेकिन, मुझे ताज्जुब होता है कि इन 15 दिनों में, इतने बड़े-बड़े इश्यूज हैं, इतनी बड़ी-बड़ी बातें हैं और प्रधानमंत्री जी मात्र एक दिन के लिए सदन में शायद दस मिनट के लिए दिखे हैं। बात यह है कि यह देश भय से नहीं, साहस और संघर्ष से बना है। इसको बनाने वाले देश के किसान, जवान, देश के करोड़ों मजदूर और जनता है। संविधान इनको साहस देता है। मेहनती मिडिल क्लास है और इस देश के जो करोड़ों देशवासी हैं, जो रोजाना भयंकर परिस्थितियों का सामना करते हैं, उनको साहस देता है।

वायनाड में जो आपदा आई थी, उसमें 17 साल का एक छोटा लड़का था। उसने छ: घंटों तक अपनी माँ को बचाने की कोशिश की थी। आप सोच सकते हैं कि छ: घंटों तक अगर नदी की धारा बह रही है, वह नाराज है, आप अपनी माँ को पकड़े हों, छ: घंटों तक पकड़े रहें कि मेरी माँ बच जाएगी और अंत में वह माँ भी बह जाती है। उस लड़के का साहस, उन महिलाओं का साहस, जो पीड़ित हैं, लेकिन फिर भी अपनी लड़ाई लड़ रही हैं। संभल के उन बच्चों का साहस, जिनके पिताजी अभी-अभी गुजर गए, लेकिन फिर भी उनके सपनों को साकार करने की हिम्मत है और साहस है। वह साहस इस संविधान ने दिया है। वह आत्मविश्वास इस संविधान ने दिया है। यह देश भय से नहीं चल सकता। यह देश साहस से ही चलेगा। भय की भी सीमा होती है। जब वह सीमा पार हो जाती है, जब किसी को इतना दबाया जाता है तो उसको लगने लगता है कि अब मेरे पास खोने के लिए कुछ नहीं है, तब उसमें एक ऐसी शक्ति पैदा होती है, जिसके सामने कोई … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) खड़ा नहीं हो सकता है। यह देश … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) के हाथों में ज्यादा देर तक कभी नहीं रहा है। यह देश उठेगा, यह देश लड़ेगा, सत्य मांगेगा। सत्यमेव जयते, जय हिन्द। (इति)

(1345/SJN/NKL)

1345 बजे

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। इसके साथ ही साथ इस सदन में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर जो बहस शुरू हुई है, जहां सत्ता पक्ष से माननीय रक्षा मंत्री जी ने अपनी बात रखी है, वहीं अभी-अभी कांग्रेस पार्टी की नवनिर्वाचित सांसद ने भी अपनी बात रखी है। उसके बाद मुझे बोलने का मौका मिल रहा है।

मैं सबसे पहले उन लाखों-लाख लोगों को याद करता हूं, जिन्होंने भारत देश की आजादी में अपनी जान न्यौछावर कर दी है। हमारा देश आजाद हुआ, आजादी के बाद बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी और हमारे तमाम वरिष्ठ लोगों ने इस संविधान को बनाने का काम किया है। मैं उनको याद करने के साथ ही साथ, आज 13 तारीख है, आज आप और हम इस सदन में बैठे हैं, उस दिन एक ऐसी घटना घटी थी, अगर उस समय सुरक्षाकर्मियों ने अपनी सूझ-बूझ, बहादुरी और साहस के साथ उन आतंकवादियों का मुकाबला न किया होता, तो हमारे देश के बहुत सारे महत्वपूर्ण नेता जो उस सदन में बैठे थे, तब न जाने क्या परिस्थिति बनती। जिनकी जान गई थी, मैं उन बहादुरों को याद करता हूं तथा उनको श्रद्धांजलि भी देता हूं।

मैं 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं बाबा भीमराव अंबेडकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने इस संविधान को बनाने का काम किया था। हमारा जो संविधान तैयार हुआ है, उनकी प्रबुद्ध दृष्टि का परिणाम है कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित हमें एक महान संविधान मिला है। भारत राज्यों का एक संघ है और हमें विविधता में एकता पर गर्व है। यह हमारा संविधान ही है, जिसने भाषायी, क्षेत्रीय, धार्मिक और जातीय विविधता वाले हमारे देश को एक साथ रखा है।

डॉक्टर अंबेडकर जी ने कहा था कि संविधान की सफलता इस पर निर्भर करेगी कि हम उसके अनुसार कैसे काम करते हैं। यह देखना है, विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की यह जिम्मेदारी है कि इस महान देश का शासन हमारे संविधान में निहित उच्च सिद्धांतों के अनुसार चलाया जाए। डॉक्टर अंबेडकर जी ने कहा था, मैंने तो संविधान निर्माण का दायित्व बहिष्कृत और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए लिया है।

यह वही संविधान है, जो समय-समय पर हमारा रक्षा कवच बनता है। यह संविधान हमारी ढाल है। संविधान हमारी सुरक्षा है, संविधान हमें समय-समय पर शक्ति देता है। संविधान इस देश की 90 प्रतिशत शोषित, उपेक्षित, पीड़ित और वंचित जनता के अधिकारों का सच्चा संरक्षक है। यह संविधान ही हमारा बड़ा मददगार है।

(1350/SPS/VR)

अध्यक्ष महोदय, हमारे जैसे लोग और देश के कमजोर लोगों के लिए, खासकर पीडीए के लिए संविधान की रक्षा जन्म-मरण का विषय है। संविधान ही लोकतंत्र की प्राण वायु है। जहां बाबा

साहेब भीमराव अंबेडकर जी ने इतना शानदार और अच्छा संविधान दिया, वहीं डॉक्टर अंबेडकर ने स्पष्ट रूप से कहा था तथा सत्तापक्ष के हमारे माननीय मंत्री ने भी यह बात रखी है। उन्होंने कहा था कि "संविधान कितना भी अच्छा हो, यदि उसे लागू करने वाले लोग अच्छे नहीं होंगे, तो परिणाम अच्छे नहीं निकलेंगे।"

अध्यक्ष महोदय, इस संविधान पर लगभग 75 वर्ष के बाद भारत की संसद में फिर से चर्चा हो रही है। मैं कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपनी बात को रखना चाहूंगा। हमारे संविधान की प्रस्तावना संविधान का निचोड़ है। सरकार के उद्देश्यों और लक्ष्यों का स्पष्ट उल्लेख प्रस्तावना में है। मैं संपूर्ण, प्रभुत्व, संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य से प्रारम्भ करता हूं। आज सीमाओं की रक्षा करना संप्रभु का प्रथम कर्त्तव्य है। जिस देश की सीमाओं की सुरक्षा में समय-समय पर सेंध लगती हो और हमारे माननीय मंत्री जी बेहतर जानते होंगे कि कई जगहों पर हमारी सीमाएं सिकुड़ रही हैं। हमारे संसदीय मंत्री अरुणाचल प्रदेश राज्य में चीन के बिल्कुल बगल में रहते हैं। वह जानते होंगे कि हमारे पड़ोस में कितने गांव बस गए हैं, न जाने वहां पर गांवों की तरह कितने घर बसा दिए हैं। लद्दाख की तरफ अभी दोनों देशों की सेनाएं पीछे हटी हैं। हम अपनी सीमा में ही पीछे हटे हैं। चीन हमारी सीमा में अंदर आ गया था, वह हमारी सीमाओं से आंशिक रूप से पीछे हटा है।

अध्यक्ष महोदय, उस सीमा के पास एक रेजांग-ला मेमोरियल बना था। सरकार के लोग यह जानते होंगे कि लद्दाख को लेकर जिस समय यह बात उठी थी, उस रेजांगला के मेमोरियल को तोड़ दिया गया। आज वह रेजांग-ला मेमोरियल वहां नहीं है। उस लड़ाई के लिए, हमारी फौज के लिए कहा गया था कि हमारी बहादुर फौज है। … (व्यवधान)

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री (श्री भूपेन्द्र यादव) : अध्यक्ष महोदय, फैक्चुअल गलत है। रेजांग-ला मेमोरियल बना है। रक्षा मंत्री जी उद्घाटन करके आए हैं। वहां पर अमिताभ बच्चन की आवाज में पूरी गाथा की डॉक्यूमेंट्री भी है।

श्री अखिलेश यादव (कन्नौज) : अध्यक्ष महोदय, यही तो फर्क है कि वह कहां पर बना था और अब वह कहां पर है। मैं सरकार को बताना चाहता हूं और मंत्री जी जानते होंगे कि केवल 12 किलोमीटर सड़क बनी थी और पड़ोसी देश से क्या-क्या नहीं कहा गया। वह समय आएगा, जब मानसरोवर और कैलाश पर्वत पर जाने के लिए भी वह देश हमें रोकने लगेगा। आज 75 साल बाद हमारी सीमाएं कितनी सुरक्षित हैं? लद्दाख की वे फिंगर्स, जहां हम पहले थे, क्या हमारी फौज वहीं खड़ी है? अगर आप रेजांग-ला मेमोरियल ही जानते होंगे तो लद्दाख की वे सीमाएं, जो हमारे देश के अंदर थीं, क्या हमारी वे सीमाएं वहां तक हैं या नहीं हैं?

(1355/MM/SAN)

यह देश समाजवादी गणराज्य बने। समाजवाद का सरल शब्दों में अर्थ है कि समता और संबंधता हो, लेकिन देश में वर्ष 2014 के बाद विषमता जिस तेजी के साथ बढ़ी है, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। 146 करोड़ में से 82 करोड़ सरकारी अन्न पर जिंदा हैं। जो देश को यह

कहते हों कि हम विश्व की सबसे तेज रफ्तार से चलने वाली अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं और ऊपर जाएंगे। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि जब 82 करोड़ सरकारी अन्न पर जिंदा हैं और दूसरी तरफ सम्पूर्ण सम्पत्ति के दो तिहाई हिस्से पर कुछ परिवारों का कब्जा है, अगर सरकार में यह बहादुरी और हिम्मत है तो इस 60 परसेंट गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की पर-कैपिटा इनकम क्या है? अगर आपकी अर्थव्यवस्था ऊंचाई पर जा रही है तो हमारे जो गरीब लोग हैं, जो 60 प्रतिशत गरीब लोग हैं, उनकी पर-कैपिटा इनकम क्या है? सरकार समय-समय पर आंकड़े देती रहती है तो कम से ये आंकड़े भी दे दे कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की पर-कैपिटा इनकम क्या है? इससे स्पष्ट हो जाएगा कि पांच परसेंट लोगों की पर-कैपिटा इनकम क्या है? हमारा प्रिएम्बल यह कहता है कि धर्मनिरपेक्ष गणराज्य बने। राज्य की निगाह में सभी धर्म समान हैं। हमारा सेक्युलरिज्म हमें रिलीजियस इक्वैलिटी का रास्ता दिखाता है। यही इसका अर्थ है। क्या इस पर सरकार अमल कर रही है? देश के 20 करोड़ से ज्यादा अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का प्रयास चल रहा है। उन पर हो रहे अत्याचार प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। उनकी सम्पत्ति को लूटा जा रहा है, हत्याएं की जा रही हैं, घर तोड़े जा रहे हैं। उनके पूजा स्थलों पर कब्जा प्रशासन की मदद से किया जा रहा है। अगर यह धर्मनिरपेक्षता है तो धर्म शासित राज्य की क्या परिभाषा है? हाल ही में हम लोगों ने उदाहरण देखा है कि किस तरीके से उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर इस तरह की घटनाएं जान-बूझकर की गयीं। मुझे याद है कि जिस समय उत्तर प्रदेश का इलेक्शन चल रहा था, उस समय बहुत से लोगों को, जिनको वोट डालने का अधिकार था, उनको उनके अधिकार से रोका गया और जो लोग वोट डालने जा रहे थे, उन्हें डराया-धमकाया जा रहा था। ऐसे इंतजाम किए गए थे ताकि लोग वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ तक न पहुंच पाएं। वो तस्वीरें न केवल हम लोगों ने देखी, बल्कि पूरे देश और दुनिया ने देखी होगी कि किस तरह से उत्तर प्रदेश सरकार के प्रशासन के इशारे पर एक पुलिस के अधिकारी ने महिलाओं को वोट डालने से रोका और कहा कि वोट डालने मत जाओ। मैं उन बहादुर महिलाओं को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने परवाह नहीं की और उन्होंने कहा कि इससे जान जाने वाली नहीं है और अगर जान भी जाएगी तो हम वोट डालकर के आएंगे। क्या यही लोकतांत्रिक गणराज्य है? सच्चे लोकतंत्र में जनता श्रद्धापूर्वक मतदान के माध्यम से अपनी सरकार चुनती है। क्या हम सही अर्थों में लोकतांत्रिक व्यवस्था में जी रहे हैं? जहां सरकार सरकारी मशीनों और मशीनरी के जरिए जहां चाहे अपनी सरकार बना लेती है, जनता के मत का कोई अर्थ नहीं है, वह लोकतंत्र नहीं कहा जा सकता है। यह व्यवस्था तेजी से लोकतंत्र में तानाशाही की तरफ बढ़ रही है। हिटलर ने भी जनता द्वारा चुने जाने के बाद संविधान में संशोधन करके तानाशाही कायम कर दी थी। हमारी सरकार भी उसी के समानांतर चलने का प्रयास कर रही है।

(1400/YSH/SNT)

अध्यक्ष महोदय, प्रस्तावना में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय दिलाने की बात है। जब मैं सरकार की तरफ से माननीय मंत्री जी को सुन रहा था तो उन्होंने जातीय जनगणना को लेकर कहा था कि आप जातीय जनगणना कराना चाहें तो करवा लें। हम तो उसके पक्षधर लोग हैं, जो बोल रहे हैं कि अगर आप करवा सकते हैं तो आप कराइए, नहीं तो जब कभी भी हम लोगों को मौका मिलेगा, तब जातीय जनगणना करवाने का काम हम करेंगे। सामाजिक न्याय के तौर पर समाज के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने के लिए आरक्षण था। आज उसे समाप्त कर दिया गया है। आउटसोर्सिंग और कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर थोड़ी बहुत जो नौकरियां दी जा रही हैं, उनमें दलितों और पिछड़ों के लिए किसी तरह का आरक्षण नहीं है।

शिक्षण संस्थाओं और विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर्स और वाइस चांसलर्स के चयन के समय इनके आगे वह शब्द लिख दिया जाता है। आज उस एक नए शब्द का इजाद हुआ है और वह है – नॉट फाउंड सूटेबल (एनएफएस)। आज सरकारी उपक्रम बेच दिए गए हैं और प्राइवेट उपक्रमों में कोई आरक्षण नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, अगर यह बात कहीं भी गलत है तो शिक्षा मंत्री जी सूची जारी कर दें। मैं तो कहूंगा कि जितनी भी सेन्ट्रल यूनिवर्सिटीज़ हैं और उनके माध्यम से जितने भी प्रोफेसर्स का अपॉइंटमेंट हुआ है, उनकी अगर शिक्षा मंत्री जी सूची जारी कर दें तो सारी बातें साफ हो जाएंगी। आप केवल देश के 10 परसेंट लोगों का ही ख्याल रख रहे हैं, बाकी 90 परसेंट लोगों का आप ख्याल नहीं रख पा रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, जातीय जनगणना कभी भी जातियों में भेदभाव नहीं बढ़ाएगी। जातीय जनगणना जातियों के बीच दूरियां कम करेगी और हमारे समाज के तमाम लोग, जिनको न्याय नहीं मिला, जिनको अधिकार नहीं मिला है, उनको कम से कम जातीय जनगणना के बाद अधिकार और सम्मान दिलाने का काम भी हो सकेगा, इसलिए हम इसके पक्ष में हैं।

आर्थिक न्याय के बगैर न सामाजिक न्याय मिल सकता है और न ही राजनीतिक न्याय मिल सकता है। गरीबी का नाजायज लाभ उठाकर धन्ना सेठों की सरकार चुनाव में पैसा बांटकर राजनीतिक न्याय का भी अपहरण कर लेती है। कर्ज में डूबी बड़ी आबादी महाजन के दबाव में अपनी इच्छा के खिलाफ वोट देने के लिए विवश हो जाती है। चुनाव में सत्ताधारी दलों द्वारा पैसे की भरमार के चलते कोई सामान्य कार्यकर्ता चुनाव नहीं लड़ पा रहा है। पैसे के बल पर बड़े पैमाने पर धनवान चुनकर आ जाते हैं। जब तक आर्थिक विषमता समाप्त नहीं होगी, तब तक लोगों को राजनीतिक न्याय नहीं मिल सकेगा।

प्रस्तावना में आगे के ये लक्ष्य हैं – विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, पंथ और उपासना की स्वतंत्रता। आज अन्याय के खिलाफ विचार व्यक्त करने पर जेल, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का

अर्थ है – देशद्रोह। अगर भाजपा के मत के नहीं हैं, दूसरे धर्म के हैं तो वे प्रताड़ना के हकदार हैं। अब तो उपासना करने पर भी दिक्कत है, क्योंकि हर मस्जिद के नीचे मंदिर खोजने वाले तत्व इस देश को शांति से रखना ही नहीं चाहते हैं। उन्हें कानून की कोई परवाह ही नहीं है।

मैं इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि कम से कम वह फैसला आया है, जहां कुछ दिनों के लिए यह पाबंदी लगाई गई है। व्यक्तियों की गरिमा और देश की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करने वाली बंधुता, ये विभाजनकारी नीतियां संविधान की प्रस्तावना के उस उद्देश्य से जरा भी मेल नहीं खाती हैं। व्यक्ति की गरिमा लिंचिंग से धूल धूसरित हो चुकी है। उद्योगपति सरकारी आतंक से परेशान हैं। वे अपनी पूंजी समेटकर देश छोड़ गए हैं और लगातार जा रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, आजादी के बाद कभी इतने उद्योगपति अपना देश छोड़कर नहीं गए होंगे, जितने इनकी सरकार में चले गए हैं।

(1405/RAJ/AK)

अगर व्यक्ति की गरिमा सुनिश्चित हो तो क्या कोई व्यक्ति अपनी मातृभूमि को छोड़ कर जा सकता है? सरकार इस पर आत्म चिंतन करे। अगर आपसी मतभेद पैदा करके एक-दूसरे के प्रति अविश्वास पैदा किया जाएगा, तो क्या देश की एकता और अखंडता के लिए एक अशुभ संकेत नहीं होगा?

अध्यक्ष महोदय, आर्टिकल 14, कानून के समक्ष समानता, भारत के अंदर किसी भी व्यक्ति को राज्य कानून के समक्ष समानता को डिनाई नहीं कर सकता है। क्या हो रहा है? एक ही कानून कुछ लोगों के लिए अलग है और दूसरों के लिए अलग है। अगर सत्ता पक्ष का व्यक्ति गेरुआ गमछा पहन कर अधिकारियों को गाली दे दे, तो जी-हुजूरी और दूसरा न्याय मांगने जाए तो उसे लाठी, क्या यह अनुच्छेद 14 का अनुपालन हो रहा है?

अध्यक्ष महोदय, किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन और दैहिक स्वतंत्रता से कानून सम्मत प्रज्ञा के बगैर वंचित नहीं किया जा सकता। यह सबसे महत्वपूर्ण मौलिक अधिकार है लेकिन सबसे ज्यादा इसी का दुरुपयोग हो रहा है। फर्जी मुठभेड में हत्याएं, जेल के अंदर हत्याएं और पुलिस सुरक्षा में हत्याएं, आदमी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। ईडी का ऐसा कानून बना दिया गया है कि बिना एफआईआर और बिना नोटिस किसी को भी बंद कर दो, लोकतंत्र फासिज्म में बदल रहा है।

अध्यक्ष महोदय, क्योंकि उत्तर प्रदेश की चर्चा सत्ता पक्ष से भी हुई है। जो हालात उत्तर प्रदेश में हैं, ऐसे हालात कभी किसी ने पहले नहीं देखे। जहां पर कानून की समय-समय पर धज्जियां उड़ रही हैं। मैं केवल एक घटना के बारे में नहीं कहना चाहता हूं, ऐसी तमाम घटनाएं हैं, जिनके बारे में मैं कह सकता हूं। आजादी के बाद अगर हम 75वें वर्ष में संविधान पर चर्चा कर रहे हैं और आए दिन लोगों को न्याय मांगने के लिए आत्मदाह करना पड़े, तहसील हो वहां

पर आत्मदाह, जिलाधिकारी हों, वहां पर आत्मदाह, न्याय मांगने के लिए अगर मुख्यमंत्री आवास में जाना पड़े वहां आत्मदाह, सोचिए हम किस दिशा में जा रहे हैं?

उसी भाषण में उन्होंने दो-तीन चीजें और बतायीं और उसमें उन्होंने जॉन स्टूअर्ट मिल का जिक्र किया और कहा कि 'किसी भी महान व्यक्ति के चरणों में अपनी स्वतंत्रता को न चढ़ा दें या उसे वे शक्तियां न सौंपे जो उसे उन्हीं की संस्थाओं को मिटाने की शक्ति दे।' आगे चलकर उन्होंने कहा-

> "महान व्यक्तियों के प्रति, जिन्होंने जीवन पर्यन्त देश की सेवा की हो, कृतज्ञ होने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन कृतज्ञता की भी सीमा होती है।' "

> आयरलैंड के देशभक्त डेनियल ओ'कोन्नल ने उस विषय में यह ठीक ही कहा है-
> "अपने सम्मान को खोकर कोई पुरुष कृतज्ञ नहीं हो सकता। अपने स्तीत्व को खोकर कोई स्त्री कृतज्ञ नहीं हो सकती और अपनी स्वतंत्रता को खोकर कोई राष्ट्र कृतज्ञ नहीं हो सकता।'"

किसी भी अन्य देश की अपेक्षा भारत के लिए यह चेतावनी अधिक आवश्यक है क्योंकि भारत में भक्ति या जिसे भक्ति मार्ग या वीर पूजा कहा जाता है, उसका भारत की राजनीति में इतना महत्वपूर्ण स्थान है, जितना किसी अन्य देश की राजनीति में नहीं है। धर्म में भक्ति आत्म मोक्ष का मार्ग हो सकता है, लेकिन राजनीति में भक्ति या पूजा अंतत: तानाशाही का एक निश्चित मार्ग है। समझने वाले को इशारा काफी है। आजकल अंधभक्तों के लिए यह बड़ा मसला है। यह वाक्य बहुत महत्वपूर्ण है।

सभापति महोदय, संविधान के बारे में मैं टीका-टिप्पणी नहीं कर रहा हूं, बल्कि सत्यता बता रहा हूं क्योंकि मैं व्यथित हूं। संविधान के साथ किस तरह से खिलवाड़ हो रहा है, कैसे संविधान से खेल रहे हैं, इमरजेंसी लगाने की कोई जरूरत नहीं है। अभी तो बिना लगाए ही इमरजेंसी चालू है। लोग डर के मारे चलते हैं। सुप्रीम कोर्ट के जजेस ... (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं

किया गया।) भूलो मत, चार जजेस बाहर आकर अनशन पर बैठे थे और कह रहे थे कि यह सरकार हमारे ऊपर अन्याय कर रही है। याद है! यह न भूलना! वह भी याद दिला देता हूं।

सभापति महोदय, शेड्यूल 10 में एंटी डिफेक्शन लॉ लाया गया था। दल बदलू लोगों की संख्या बढ़ रही थी तो राजीव गांधी जी ने उस वक्त सोचा कि इस पर कुछ करना पड़ेगा। उनके मन में भी कभी नहीं आया कि दो तिहाई लोग पार्टी छोड़ देंगे। शेड्यूल 10 में लिखा था कि अगर कोई व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से छोड़ कर जाता है तो वह अपात्र हो जाएगा।

(1520/YSH/RCP)

अगर दो तिहाई लोग जाते हैं तो वे जा सकते हैं, लेकिन उनको किसी पार्टी में विलय होना होगा। हमारे महाराष्ट्र में दो तिहाई लोग तो नहीं गए। पहले तो बहुत कम गए। फिर आगे यह सब चलता रहा। आखिर में दो तिहाई लोग हो गए, लेकिन वे मर्जर नहीं हुए। संविधान के शेड्यूल 10 की धज्जियां कौन उड़ा रहा है? ये धज्जी-धज्जी शब्द बार-बार बोल रहे थे। सुप्रीम कोर्ट के जज की ... (*Expunged as ordered by the Chair*) मैं उनका स्टेटमेंट पढ़कर बताता हूँ। मैं चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया का स्टेटमेंट पढ़कर बताता हूँ।

CJI Chandrachud highlighted, "If the disqualification proceedings against the Shinde faction are not carried out, then the entire goal of the 10th Schedule will be defeated." Who says it? यह सुप्रीम कोर्ट के जज चन्द्रचूड़ साहब ने कहा था। उसके आगे वे क्या कहते हैं, वह भी बताता हूँ :

"The Governor cannot impart legitimacy to a defecting faction of a political party by enabling them to form a Government through unconstitutional means." हम संविधान का सम्मान मना रहे हैं। "Further, being an executive appointee, the Governor has no role to play in a legislative issue." यह नबाम रेबिया केस में हुआ था। वहां न्याय मिला, लेकिन यहां नहीं मिला। महाराष्ट्र के चुनाव की नींव यहां से शुरू हुई है।

"The Governor cannot direct a House of the legislature to hold a floor test. Instead, the Members of the House must move a motion of no-confidence. The Members defecting from a political party cannot escape the consequences of defection merely on a technicality. The purpose of the 10th Schedule –preventing the Constitutional sin of defection – must be fulfilled." Who said it? The Chief Justice of India said it.

महाराष्ट्र में क्या हुआ? आप ही बताइए, आप सब जानते हैं। क्या संविधान का आदर किया गया? सबसे बड़ी बात कार्यकाल की है। जब यह केस दाखिल हुआ तो वहां पर जो सरकार असंवैधानिक रूप से बैठाई गई थी, उसको काम करने दिया गया।

He made a number of strictures saying this is unconstitutional. But giving oath is Constitutional. The Chief Minister was given an oath. Then, the Government functioned.

अब गवर्नमेंट बन गई थी तो केस का निर्णय कब तक आ जाना चाहिए था। दो से ढाई वर्ष के समय में, जब तक उनका कार्यकाल समाप्त नहीं होता है, तब तक निर्णय आ जाना चाहिए था, लेकिन

निर्णय नहीं आया। उन्होंने स्पीकर को भेज दिया। स्पीकर किस पार्टी से थे? उन्होंने निर्णय में न इनको डिसक्वालीफाई किया और न ही उनको डिसक्वालीफाई किया। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का क्या हुआ? कहां है – संविधान? कहां है – उसका सम्मान? कहां है – उसका आदरभाव और कहां है – डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर जी का आदरभाव?

सभापति महोदय, आदरभाव नहीं है। मैं इनके गवर्नर साहब के बारे में बता देता हूँ। ये संविधान की बात करते हैं। हम देखते हैं कि बिल पास किए जाते हैं। महाराष्ट्र में जब आदरणीय उद्धव जी ठाकरे साहब मुख्य मंत्री थे, तब उन्होंने एक बिल पास किया था। वह बिल मुम्बई के चालों में रहने वाले लोगों के लिए 500 क्वायर फीट तक के लिए नो प्रॉपर्टी टैक्स का बिल था। विधान सभा में बिल पास हुआ, विधान परिषद में हुआ। उस पर राज्यपाल साहब ने साइन कर दिए, लेकिन वह ... (*Expunged as ordered by the Chair*) के पास पड़ा रहा। वह तब तक मंजूर नहीं हुआ, जब तक वहां पर सरकार नहीं गिरी और उद्धव जी ठाकरे साहब, जिस दिन मुख्य मंत्री पद से हटे, उसके आठ दिनों के अंदर ... (*Expunged as ordered by the Chair*) के कार्यकाल के अंतिम दिनों में उस बिल के ऊपर हस्ताक्षर हुए।

ये संविधान के सम्मान की बात करते हैं। उस समय नारियों के लिए शक्ति कानून पास किया। वह अभी भी पड़ा है। वह विधान सभा में पास हुआ, विधान परिषद में पास हुआ। ... (*Expunged as ordered by the Chair*) बिल पास करने के बाद कितने दिनों तक वह राज्यपाल के पास रह सकता है, उसके लिए तमिलनाडु के लोग भुगत रहे हैं। हम भी भुगत रहे हैं। हमने देखा है। इस पर क्या कोई पाबंदी है? सिर्फ मनमर्जी है। यहां पर राज्य सभा में महामहिम राष्ट्रपति जी के द्वारा 12 लोग मनोनीत होते हैं, वैसे ही वहां पर भी मनोनीत किए जाते हैं। वहां पर राज्य की सरकार द्वारा 12 लोगों का नाम लिया गया। राज्यपाल महोदय को कौन नियुक्त करता है, सब जानते हैं। वहां पर 12 लोगों के नामों की सूची देने के बाद भी ढाई वर्षों तक ... (*Expunged as ordered by the Chair*) ने साइन नहीं किए। (1525/RAJ/PS)

अभी-अभी सात लोगों की सूची साइन करके भेजी गई है। यह तुम्हारे संविधान का सम्मान है।

सभापति महोदय, मुझे कभी-कभी लगता है कि क्या न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं है? ... (<u>अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।</u>) अभी बाकी अन्य लोग भी हैं। मुझे कमाल लगता है कि एक हाई कोर्ट का जज एक दिन में इस्तीफा देता है, दूसरे दिन किसी पार्टी को ज्वाइन करता है, तीसरे दिन चुनाव लड़ता है, चौथे दिन सांसद बन कर आता है। क्या कूलिंग पीरियड भी नहीं है? उन्होंने न्यापालिका में बैठकर क्या निर्णय दिया होगा? हमारे दूसरे न्यायाधीश राज्य सभा में हैं। पूर्व चीफ जस्टिस माननीय सांसद बन कर आए हैं। ये सब आगे चल कर हमें क्या मिलेगा, के लिए तड़पते रहते हैं।...(व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : आप पूरे सिस्टम को ... (<u>अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।</u>) बता रहे हैं, ... (<u>अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।</u>) आप इसको हटा दीजिए।

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : सर, सिस्टम कर रही है।

माननीय सभापति : नहीं।

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : सर, आप सिस्टम की बात करते हैं, तो मैं ईडी की कार्रवाई के बारे में कहना चाहता हूं। ईडी ने कितनी कार्रवाई की है। ब्लैकमेल करके इन्होंने कितनी सरकार गिराई हैं। जैसे गोवा में क्या हुआ, महाराष्ट्र में क्या हुआ, अन्य राज्यों में क्या हुआ? अन्य बहुत सारे राज्यों में ईडी की सहायता से नहीं, ईडी ने जिनको-जिनको हिरासत में लिया आगे चल कर कोर्ट ने कहा, यह पता है? हमारे … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) साहब 100 दिन वहां थे। इसके बारे में क्या कहा? इस केस में दम नहीं है। केस ही नहीं है और 100 दिन जेल में, … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) का बेटा … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) 15-20 दिन जेल में, ईडी का क्या चल रहा है? संविधान का सम्मान – वाह, वाह।

सर, संविधान का सम्मान हो रहा है। मैं और दूसरा उदाहरण देता हूं कि ईडी कैसे काम करती है? उसके बाद हमारे लेबर्स हैं। आज हमारे लोग बेरोजगार हैं। कितनी बेरोजगारी बढ़ी है। All PSUs have been destroyed. सभी सार्वजनिक उद्यमों को ध्वस्त कर दिया गया है। नौकरियां कहां हैं? अब सरकारी नौकरियां नहीं हैं और पीएसयूज भी नहीं रहीं तो आरक्षण कहां रहेगा? प्राइवेट सेक्टर में सभी कॉंट्रैक्टर्स, फिक्स्ड टर्म, दो वर्ष के लिए नौकरी लगेगी और ये आंकड़े देंगे कि रोजगार मिल गया। एम्प्लॉयमेंट एक्सेचेंज को बर्बाद कर दिया। एम्प्लॉयमेंट एक्सेचेंज एक्ट आज भी है। उसको रिपील नहीं किया गया है। इनको नहीं पता, बस वह चल रहा है। लोग बेरोजगार घूम रहे हैं। नौकरियां नहीं हैं, रोजगार नहीं है। अभी हमारे देश से कितने बच्चे बाहर जा रहे हैं, क्या कभी आपने इसके बारे में सोचा है? हमारे बच्चे बाहर क्यों जाते हैं? वे पढ़ाई और जॉब्स के लिए वहां जा रहे हैं। आज सुबह से खास कर मिडल ईस्ट से जो विषय आ रहे हैं। थाइलैंड में जाने पर सीधा जेल में भेज देते हैं। उनको इतना डर लग रहा है। ये सब हो रहा है, पर वे क्यों वहां जा रहे हैं? It is because there is no permanent job in India. जॉब है भी तो अगर आप इंजीनियर हैं, तो कहा जाएगा कि 10 हजार रुपए में काम करो, तो उसकी शिक्षा का क्या होगा? सब अवमूल्यन हो रहा है। इसलिए मैं कह रहा हूं कि प्राइवेटाइजेशन चल रहा है। मैं और बताना चाहता हूं कि डिस्क्रिमिनेशन बहुत है।

मैं स्टाफ सेलेक्शन कमीशन के बारे में कहना चाहता हूं। मेरा आपके माध्यम से सरकार को भी कहना है कि सन्स ऑफ द सॉयल की ओर ध्यान दे। अगर उत्तर प्रदेश में भर्ती हो रही है, अगर वहां की रेलवे में भर्तियां होने वाली है, वहां कोई कारखाना बनने वाला है, तो उत्तर प्रदेश के लोगों को, वहां के जो भूमि पुत्र हैं, उन बच्चों को पहले प्राथमिकता दी जाए, बीस प्रतिशत। अगर टेक्निकल जॉब, इंजीनियरिंग के जॉब्स हैं, तो मैं उसे अलग समझता हूं। क्लास थ्री, क्लास फोर, पानी देने के लिए प्यून भी बाहर से आएंगे, इधर-उधर से आएंगे। क्या वे भी हमारे राज्य में नहीं मिलते हैं?

सर, हमारे महाराष्ट्र में अभी स्टाफ सेलेक्शन कमीशन से भर्ती हुई है। वहां 1200 लोग भरे गए हैं, उनमें से तीन लोग महाराष्ट्र से हैं और कहेंगे कि लोग एग्जाम में नहीं बैठे। सब डाउटफुल है। मतलब, महाराष्ट्र में इसके लिए लिए किसी में क्षमता नहीं है। यह जो चल रहा है, उसके ऊपर भी आपको ध्याप देना पड़ेगा। कानून ऐसे बनाएं कि सब कानून बड़े अमीरों और इन्डस्ट्रियलिस्ट्स के लिए हैं। गरीबों के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। नौकरी की सुरक्षा गई। सभी जगह कॉन्ट्रैक्ट लेबर्स चल रहे हैं, फिक्स्ड टर्म लेबर्स चल रहे हैं। अभी आप सोचिए आप पक्का घर दे रहे हैं। माननीय गिरिराज जी आप ही बताइए। आप हमारे दोस्त हैं। सरकार से पक्का घर के लिए कितने पैसे मिलते हैं? …(व्यवधान)

वस्त्र मंत्री (श्री गिरिराज सिंह) : डेढ़ लाख रुपए।

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : एक गरीब व्यक्ति को डेढ़ लाख रुपए या ढाई लाख रुपए मिलते हैं। क्या डेढ़ लाख रुपए में घर बनता है, नहीं।...(व्यवधान) डेढ़ लाख रुपए या दो लाख रुपए में घर बनता है?

(1530/KN/SMN)

अभी वह कॉन्ट्रैक्ट लेबर है। ... (व्यवधान) वह बैंक में जाए और कहे कि मुझे पक्का घर बनाना है, मेरे गांव में घर की कीमत, मैं मुम्बई शहर की बात नहीं कर रहा हूं। उसमें तो बहुत पैसे लगेंगे।... (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : माननीय सदस्य, आप इधर एड्रेस कीजिए। आप शहर के बारे में बात कीजिए।

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : मैं गांव की बात करता हूं। उसके आठ-दस लाख रुपये लगने वाले हैं। उसे कौन कर्जा देगा? क्या करते हो, वह कहता है कि नौकरी करता हूं। मैं कॉन्ट्रैक्ट लेबर हूं। क्या कॉन्ट्रैक्ट लेबर को कर्जा मिलेगा? ... (व्यवधान) कौन देता है, दे दीजिए।... (व्यवधान) कॉन्ट्रैक्ट लेबर को कर्जा मिलता है? ... (व्यवधान) ये इंस्टीट्यूशंस ध्वस्त हो रहे हैं, इसलिए मैं कहूंगा कि व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। ... (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : उन्होंने जो शब्द न्यायपालिका, विधायिका प्रयोग किया, यह व्यवस्था है। ये व्यवस्था ध्वस्त कर रहे हैं, इसलिए मैं आपके सामने यह बात बता रहा हूं।

दूसरी बात है कि आगे चलकर इन्होंने नारी वंदना की बात की। इन्होंने मणिपुर की बात नहीं की। क्या नारी की वंदना हो रही है? 15 या 20 दिन हुए होंगे, एक आदिवासी महिला को जिंदा जलाया। महिला पर अत्याचार किया, फिर जिंदा जलाया। अगर वही राज्य कोई दूसरा होता तो क्या होता? क्या राष्ट्रपति का शासन नहीं लगता? वहां राष्ट्रपति का शासन लगता न। ... (व्यवधान) सर, आप मुझे दो मिनट दीजिए। मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं। मेरे दो-तीन वाक्य बचे हैं। ... (व्यवधान)

माननीय सभापति : प्लीज आप अपनी बात कनक्लूड कीजिए।

श्री अरविंद गणपत सावंत (मुम्बई दक्षिण) : सर, आज भी हमें दर्द नहीं होता कि महिलाओं पर इतने अत्याचार हो रहे हैं। क्या यह संविधान का सम्मान, नारी की वंदना है? हमारे संविधान में महापालिका चुनाव के बारे में दिया हुआ है। महाराष्ट्र में चार वर्ष हो चुके हैं, वहां महापालिका के चुनाव नहीं हो रहे हैं, जिला परिषद के चुनाव नहीं हो रहे हैं। यह संविधान का सम्मान हो रहा है, इसलिए मैं आपसे विनती करता हूं। ... (व्यवधान) मैं आखिर में इतना ही कहूंगा कि हम लोग स्वातंत्र्य, समता, बंधुत्व की बात करते हैं? मेरा एक वाक्य है, क्या अभी समता, बधुत्व है? ... (व्यवधान) क्या समता है? कटेंगे तो बटेंगे, यह आपका समता का विचार है, बंधुत्व का विचार है। इसलिए मैं आपको कहता हूं कि–

"सर कटा सकते हैं, लेकिन सर झुका सकते नहीं,
अपनी आज़ादी को हम हरगिज़ मिटा सकते नहीं।"

सभापति जी, मुझे यही कहना है। आपका धन्यवाद।

(इति)

1532 hours

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Thank you Mr. Chairman.

It is really gratifying to participate in this deliberation. Firstly, I am thankful to the decision that was taken in 2015 to observe Constitution Day. Some Members present here are of the previous Lok Sabha when during the deliberation on the Motion of Thanks to hon. President a suggestion was made that everybody is celebrating Constitution Day. The Supreme Court was celebrating Constitution day, Supreme Court Bar was celebrating Constitution Day, different High Courts of the country and their Bars were celebrating Constitution Day but the place where the Constitution was framed and adopted was not celebrating Constitution day.

That actually struck a chord with the Government of that time and hon. Prime Minister while inaugurating Baba Saheb Ambedkar's statute in Mumbai declared that Constitution day will be celebrated from this year, that is 2015, and that is how, Parliament has started celebrating Constitution day. And this year, all of us saw that a tribal lady, a person who was born in the Vananchal of Mayurbhanj district of Odisha walking down the aisles and accosted to the podium and she delivered a message relating to the Constitution. Who empowered her? It was the Constitution which empowered her.

It is not the *shakti* that was being discussed here. It was *Samarth* of this Constitution that gave to the citizen of this country.

(1535/SM/VB)

Similarly, I would say that I am reminded of the Chief Minister of Odisha. He is a tribal person, born also in another forest area of Keonjhar district. This Constitution empowered him to become the Chief Minister of a State like Odisha. We should celebrate that and this is the glorious moment of our celebration of this Constitution.

Sir, hon. President, in her speech, has mentioned many things but one thing has struck me much: "Our Constitution is a living and progressive document. Our farsighted Constitution makers have provided for a system of adopting new ideas according to the needs of the changing times." That is why this Constitution is a living document. It changes as we progress, we inculcate new ideas and frame it for our better being. So, in that respect, I would say that this very aspect needs to be cherished and it should continue.

I would only mention here that there are certain aspects which are very close to my heart. I have brought Private Members Bills a number of times as to why we should say India that is Bharat. Did some of the political leaders of this country not criticise when President of Bharat was there on the dinner table? Why did it embarrass you?

Bharat is our country's name. If one goes through all the five volumes – not necessarily all the five volumes if you do not have that much time – relating to the debates of the Constituent Assembly, it is mentioned there that In English it should be India and in other languages it should be Bharat. This type of thing was there. But India that is Bharat finally was there in the Constitution. Repeatedly when I go through the Constitution, this actually hurts me. Why should we have this English nomenclature? This unfinished agenda needs to be corrected.

A number of things have happened during these 75 years. Five years ago when we were celebrating the Constitution Day, many things were also said. During that period, one thing which comes to my mind is whether Babasaheb Ambedkar was representing Bengal or Babasaheb Ambedkar was representing Bombay Province. Both are correct. The then Member of this House, Professor Sugata Bose, son of Sarath Chandra Bose who was the elder brother of Netaji Subhash Chandra Bose, an eminent historian from Harvard University, was representing All India Trinamool Congress. He specifically mentioned that Dr. Ambedkar was representing Jessore and Khulna. At that time, it was a part of undivided India. That is the reason why I want to mention that from December, 1946 till June 1947, the Constituent Assembly had 389 members of undivided India. But from August, 1947 to January, 1950 it came down to 299 members including representatives from Princely States. The whole work was done in more than 2 years 11 months 17 days and if we add 24th January 1950, it becomes 18 days.

(1540/RP/PC)

I would like to say here that 284 members had signed the handwritten Constitution. That shows that by 24th January 1950, 15 members did not sign that Constitution, though they were the members of the Constituent Assembly. But, here we should remember two other people. Hon. President has mentioned how the Constitution was framed, the draft was made, and there

our present Law Minister informed me the other day – he is also aware about it – that T. T. Krishnamachari categorically thanked Babasaheb Ambedkar for single-handedly, with the help of one or two other Drafting Committee Members, drafed the full Constitution. There were seven members nominated by the Chairman, or by the President, as it was being called. One resigned, one went to the United States, and two of them did not come to Delhi because of other reasons. So, practically, it was left to Dr. Ambedkar to individually draft the full Constitution, and the credit was given to him in the Constituent Assembly by none other than T.T. Krishnamachari on the last day when it was being adopted. Why am I saying this? I am saying this because he did not move one resolution. A number of resolutions were moved by Dr. Ambedkar. It was discussed by the respective members present in that Assembly, in that hallowed hall of our Samvidhan Sadan of today. But, he did not move one resolution. The history goes back, and all of us should ponder why Babasaheb Ambedkar did not move that resolution. What was that resolution? That resolution was relating to Article 370. What was the assurance that was given? I will come to that aspect a little later.

As India celebrated its Independence on 15th August, 1947, it faced a daunting task of integrating over 565 princely states into the Union. While States like Hyderabad and Junagadh posed initial challenges; and Jammu and Kashmir emerged as a complex and critical issue. Maharaja Hari Singh, the ruler of Jammu and Kashmir, initially sought to maintain the State's independence, of course being prompted by the Britishers. However, in October 1947, invasion by Pakistan-backed tribals forced him to seek assistance from India. On October 26, 1947, Maharaja Hari Singh signed an Instrument of Accession, agreeing to cede – mark my words – only defence, foreign affairs, and communication, the rest were with the king. This was an idea which was floated by a section within our country, that if at all princely states will be amalgamated with the Union of India, it will be not full. Only these three, defence, foreign affairs, and communication, will be under the control of the Union of India. The rest will be enjoyed by the kings, or the rajas, or the maharajas. It means, law and order, the judiciary, everything will be controlled by them. What type of India would we have had? It would be a truncated India. That was in the mind of Churchill. That was in the minds of most of the colonial

powers; India can never be united. These two ideas were floating at that point of time, and thanks to Sardar Patel, who could see the design behind this. But, why was Jammu and Kashmir not given in his charge? It is because the then Prime Minister said: “That is my State. I am a Kashmiri Pandit. I should look after that. Sheikh Abdullah is my good friend. Whatever I tell him, he will agree.”

(1545/NKL/IND)

Did he agree? When you go through the letters of Shri Gopalaswami Ayyangar which he had written to Sardar Patel and Babasaheb Ambedkar, it clearly reveals what type of treacherous action was being enacted during that period. That is the most unfortunate part. And, we had to suffer more than 70 years. Because of God's grace and the blessings of Lord Jagannath, finally, our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi took that decision to abrogate Article 370. But before coming to that, I would just mention here that Dr. Ambedkar was fully opposed to this Section. He repeatedly said what subsequently, of course, all of us always say - एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो संविधान नहीं चल सकते हैं। And, it continued. This was the design of a section of our thinking public in the country and was also being told by the colonizers during that period.

These were the words of Dr. Ambedkar:

> “You wish India should protect your borders, she should build roads in your area, she should supply you food grains, and Kashmir should get equal status as India, but you don’t want India and any citizen of India to have any rights in Kashmir and Government of India should have only limited powers. To give consent to this proposal would be a treacherous thing against the interests of India, and I, as the Law Minister of India, will never do it.”

When we think about N. Gopalaswami Ayyangar, while going back a little bit to the history, one feels a little troubled as to why did he do it? To cut the story short I would say, Shri Gopalaswami Ayyangar was included in the Drafting Committee by Pandit Nehru. He was deputed by Pandit Nehru to go and meet Maharaja Hari Singh, to go to Srinagar and meet Sheikh Abdullah, and bring him to Delhi, somehow or other, to have an arrangement. Was it

necessary? When Sardar Patel can bring in Junagadh into the Union of India; bring in Hyderabad into the Union of India; bring in 26 Garjat States of Odisha into the Union of India, why was Shri Gopalaswami Ayyangar doing all this? It is because in 1930s, he was the Diwan of Maharaja Hari Singh, and a personal rapport had developed during that time. My father has written about all these aspects very succinctly in a book named, 'Beginning of the End'. The foreword has been written by Sardar Patel in that book. This was published in 1949, relating to how the different Princely States got amalgamated into our Union, and how it was started from Odisha. The first Princely State that came into the Union of India was Nilagiri state of Odisha. Subsequently, the other states came in. This happened on 14th of November, 1947. On 15th of November, the Maharajas of the rest of the 25 princely States put their signatures on the Instrument of Accession. And, this continued throughout, ultimately culminating in the Hyderabad amalgamation.

(1550/VR/GG)

But the story here is, when on 15th of December, 1947 the representatives of 25 Princely States were there, rajas and maharajas were there, one set was provided to them to put their signature. Out of 25, 20 rajas and maharajas said, 'we have not been told that we are conceding these three – Communication, Foreign Affairs and Defence. Why are you asking us to put a signature on it? By doing so, we will be acceding our full State to the Union of India. This was not agreed upon.' Then, Sardar Patel thumped the desk and said, 'if you want to do it, do it otherwise you can leave.' And, within an hour, everybody agreed.

Why could not this strong-arm practice be used in Kashmir? What was the soft corner for Shekh Abdullah? What was the soft corner for Kashmir? *....(Interruptions)* On 16th October, 1949, Sardar Patel had written a letter to Shri Gopalaswami Ayyangar. Sardar Patel was disappointed with the change in the language. The language was also changed just to accommodate. And, he expressed the anomaly that would creep in. Sardar Patel criticized Shekh Abdullah's repeated appeals. Whenever he was cornered, he used to say, 'I have a duty to my people.' He did not have a duty to the people of India. That is the tragedy.

During my 25-26 years in Parliament, many a time I have listened, 'my duty to my people.' But are you not committed to the people of this country, to this nation? The Constitution binds us all. I quote from Sardar Patel's letter, 'I find there are some substantial changes over the original draft, particularly in regard to the applicability of Fundamental Rights and Directive Principles of State policy. You can yourself realize the anomaly of the State becoming part of India, at the same time, not recognizing any of these provisions. In these circumstances any question of my approval does not arise.' These were the objections of Sardar Patel, the then Home Minister and the Deputy Prime Minister. Dr. Ambedkar said, I am not going to move it. Still, Gopalswami Ayyangar moved that draft.' And, it was adopted only for the insistence of the then Prime Minister.

There is saying in Urdu, and I quote – 'लम्हों ने ख़ता की थी, सदियों ने सज़ा पाई'. One mistake of a moment, and generations after generation people suffered. This is a clear proof of that. *....(Interruptions)* At the spur of the moment or because of your infatuation or softness, whatever it is, you allowed this to happen. How many Armed personnels have been killed? What has happened to that? And, who corrected it? I fail to understand it.

Again, I am quoting it from the debates of the Constituent Assembly, 'It is the hope of everybody here that in due course, even Jammu and Kashmir will become ripe for the same sort of integration as has taken place in the case of other States.' This hope was realized only in 2019.

(1555/SAN/MY)

Sir, I would say that notably Article 370 was placed under Part XXI of the Constitution titled 'Temporary'. This was the only solace. This inclusion along with its title as 'Temporary Provisions with respect to the State of Jammu and Kashmir' underscores its impermanence. It was on 5th August 2019 in the Monsoon Session, after the new Lok Sabha formed, that the removal of its temporary status happened as we were all expecting this to happen. But it had undergone a lot of footwork, a lot of paper-pushing and a lot of interactions. We should all remember the effort that Mr. Arun Jaitley had made at that time.

We are talking about the Constitution, and there is always a possibility. On 5th August 2019, nearly 70 years after the enactment of Article 370, the Central Government decided under the leadership of Prime Minister Narendra Modi to revoke the special status granted to Jammu and Kashmir and the Bill was piloted on that day by no other than the Home Minister, Amit Shah ji. Some of us

participated in that debate. The forthrightness with which the Government at that point in time said that Article 370 had to go, was the voice of the nation. There were some murmurs somewhere. Even today, we hear some murmurs. But they did not have the courage to say it publicly. Even during the last Assembly elections, there were some things said under a garb. I believe that the mistake that was committed in 1949 has been corrected. That is the reason why I mentioned about the hon. President's speech as to how we can correct ourselves according to the tune of time.

Sir, I would like to mention here the last point. Of course, political institutions and structures not only reflect the society, they also influence and change it. In this context, the Parliament of India plays a direct and conditioning role in bringing about social change and effecting socio-economic transformation. Being the people's supreme representative institution, Parliament is the lifeline of all governmental activities.

During last ten years and some months, it is under the leadership of our Prime Minister that a common person in a village also feels that he is a part of the system, his account is operated, he gets benefit and he also has a say. Did this happen ten years ago? It was not happening. Technology has helped us, and utilising that technology to reach the common people is something which we should glorify.

In the end, I would like to mention that the country that we see today in a map was never under one rule and one law at any point of time of our holy past. We had Chandragupta Maurya, Ashoka the Great and also Badshah Akbar ruling a large chunk of this country, but many a time, the North-East was not a part of it and the South Deccan was not a part of it. Even the whole of India was not part of the British Empire. Many a time, this question is also asked: Who is keeping our borders safe? There is no doubt that the Armed Forces are doing it. We sit either on this side or that side. But who is keeping the people together? It is the Constitution that is keeping us together for last 75 years. It is the one law – our Constitution. At no point of time, one law was prevalent from Kashmir to Kanyakumari. It is the one law that is prevalent today and that law is our Constitution. And, we take pledge on this Constitution.

Thank you, Sir, for allowing me to speak.

(ends)

(1600/CP/SNT)

1600 बजे

श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा (गुरदासपुर) : सभापति जी, आपने मुझे संविधान की गौरवशाली यात्रा की चर्चा पर बोलने का टाइम दिया, इसके लिए धन्यवाद। मैं सुबह से सुन रहा हूं, सभी माननीय सदस्यों ने बहुत अच्छा भाषण किया। मैं इसमें एक बात मिसिंग देख रहा था कि पंजाब ने हिंदुस्तान की आजादी में जो काम किया, उसके बारे में किसी ने भी नाम नहीं लिया। मेरे को याद है कि सबसे पहले महाराजा रंजीत सिंह महाराजा बने।

1601 बजे (कुमारी सैलजा पीठासीन हुईं)

एक स्टेट थी, जहां पर अंग्रेजों ने कब्जा नहीं किया, उस राजा के साथ संधि की। जिस जेएंडके की बात आप कर रहे हैं, उस जेएंडके के ऊपर सबसे पहले सरदार महाराजा रंजीत सिंह ने कब्जा किया और अफगानियों का रास्ता बंद किया, जहां से वे हिंदुस्तान के ऊपर राज करते थे और हमला करते थे। महाराजा रंजीत सिंह ने अफगानिस्तान पर कब्जा किया। आज तक जिसके ऊपर कोई झंडा नहीं चढ़ा सका, वहां हरि सिंह नलवा ने 40 सालों तक सिखराज का झंडा गाड़ कर रखा।

मैं एक-दो बातें यहां पर कहना चाहता हूं। हम आजादी की बात करते हैं। आजादी में सबसे ज्यादा किसी का रोल है तो वह पंजाबियों का है। … (व्यवधान) 121 आदमियों को फांसी हुई, उनमें से 90 पंजाबी हैं और जो जेलों में गए, उनमें 80 पर्सेंट पंजाब का शेयर है। … (व्यवधान) अंडमान निकोबार, जिसको काला पानी बोलते हैं, वहां सबसे पहले पंजाब के बाबा सोहन सिंह भकना, जो कोमागाटा मारू से चले थे, वे सबसे पहले वर्ष 1914 में वहां गए थे। उनको 6 साल तसीहे दिए गए। सभापति जी, आप पंजाब की बात समझती हैं। 6 साल के बाद वहां उनकी शहादत हो गई। काला पानी की पहली शहादत बाबा सोहन सिंह भकना की थी।

ये सेक्युलरिज्म की बात करते हैं। जिन्होंने आजादी के लिए अपना बलिदान दिया, वे सेक्युलर थे। जिन्होंने अपना बलिदान दिया, उनको यह मालूम नहीं था कि हमारा देश आजाद होगा। वे फांसी के फंदों पर चढ़े और काला पानी जैसी जगह पर गए। जब वहां जेल नहीं बनी थी, तब वहां तसीहे देने के लिए चार बाई आठ का पिंजरा हुआ करता था। देशभक्तों को उसमें बंद कर दिया जाता था। वे न उसमें खड़े हो सकते थे और न बैठ सकते थे। वहां उनकी शहादत हो जाती थी। जो सेलुलर जेल है, वह जेल नहीं अंग्रेजों का तसीहागार था। कामागाटू मारू जहाज चला, उसी जहाज में शहीद सरदार ऊधम सिंह थे। उन्होंने वहां से निकलकर जलियांवाला बाग का बदला अंग्रेजों से लिया। हम उनको याद तो करते हैं। कहां हैं वे हमारे शहीदी, कहां हैं सरदार भगत सिंह? ज्ञानी जैल सिंह जब 1972 में चीफ मिनिसटर बने, उन्होंने सबसे उनकी माता को कहा कि तू भगत सिंह की माता नहीं, पूरे पंजाब की माता है और उनको पंजाब माता का खिताब दिया गया।…(व्यवधान)

(1605/NK/AK)

यह पूरे देश की बात है, उन्होंने कहा कि तू पंजाब की माता है, आपने बात की कि जलियांवाला बाग का मैसेकर हुआ, उसने पूरे हिन्दुस्तान को हिला कर रख दिया, कैसे शहादत दिया, गली में गोलियां चलाकर कितने लोगों को शहीद कर दिया। जलियांवाला बाग के बाद गदर पार्टी बनी, गदर पार्टी ने अंग्रेजों का मुंह मोड़ दिया। करतार सिंह सराभा, शहीद उद्यम सिंह, मदन लाल ढ़िंगरा और सरदार भगत सिंह को हिन्दुस्तान ही नहीं पूरा वर्ल्ड याद करता है। एक आदमी जो शहीद हुआ, सरदार भगत सिंह 23 साल में शहीद हुए, आज भी उसे नौजवान शहीद कहते हैं। हमें गर्व है कि उसने अंग्रजों की हुक्म नहीं मानी। आप पंजाब के किसी भी जिले में चले जाएं, उनका फोटो देखते हैं तो फर्क होता है। इन लोगों की वजह से आज हम हिन्दुस्तान में आजादी की सांस ले रहे हैं और आनंद मना रहे हैं।

वर्ष 1921 सबसे पहले ननकाना साहब का मोर्चा लगा। वहां मेरे गांव के शहीद हुए सरदार लक्ष्मण सिंह धरोवारी 122 आदमियों को जिंदा जला दिया गया, मेरे गांव के उस बुजुर्ग को भी पेड़ के साथ बांध कर जिंदा जला दिया। उसके बाद आजादी की लौ और प्रचंड हुई, जब जैतो का मोर्चा लगा तो वहां पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उस गुरूद्वारे पर पंजाबियों की तरफ से गिरफ्तारी दी और वहां जेल में रहें। उसके बाद गुरू का बाग मोर्चा लगा, उसे चाबियों का मोर्चा कहते हैं तो महात्मा गांधी ने टेलीग्राम किया और मोर्चा को लोगों ने वापस लिया। महात्मा गांधी का टेलीग्राम सिख लीडरों के पास गई और महात्मा गांधी ने कहा कि आधी लड़ाई हमने जीत ली है। संविधान में सेक्युलर स्टेट के बारे में लिखा कि हम सेक्युलर स्टेट हैं, कोई अपने स्टेट का नारा लगाता है, यहां देश का नारा लगाना चाहिए। देश मजबूत होगा तो हम मजबूत होंगे। फिर कोई हमारी तरफ नहीं देख सकता है।

मैं बार्डर का रहने वाला हूं, मेरा अपना गांव सेंकड डिफेंस लाइन पर है। हम पांच किलोमीटर की दूरी पर पाकिस्तान से हैं। आप कहते हैं कि घुंस कर मारेंगे, उनके ड्रोन घुस कर नाजायज असलहा, ड्रग्स लाते हैं। उसके बारे में सरकार ने कभी कुछ नहीं कहा, पाकिस्तान पंजाब के द्वारा प्रोक्सी वार लड़ रहा है, हमारा उसके ऊपर कोई ध्यान नहीं है कि दुश्मन को कैसे जवाब देना है। कोई कहता है कि क्या हो गया, कोई कहता है ऐसे हो गया।

मैं एक बात पूछना चाहता हूं, 1947 में अगर सबसे ज्यादा किसी को नुकसान हुआ तो पंजाब का हुआ। पाकिस्तान से कटी हुई ट्रेन आती थी, डेरा बाबा नानक रेलवे स्टेशन है, वह खून से भरा हुआ था। वहां एक नहीं पांच ट्रेनें पहुंची, अगर बारिश और तूफान नहीं आता तो बीमारियां फैल जातीं, सभी डेडबॉडी रावी दरिया में बह कर चली गईं।

उसके बाद 1965 आया, वहां फिर से हिन्दुस्तान ने जीत प्राप्त की। लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया 'जय जवान, जय किसान' आज जवान भी खत्म हो गया, किसान को भी हमने खत्म कर दिया। वर्ष 1971 में वार हुई, इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए। उसके बाद पाकिस्तान की हिन्दुस्तान से लड़ाई करने की जुर्रत नहीं हुई। हमें कहते हैं कि इतने सालों में क्या किया? जब हिन्दुस्तान में अनाज नहीं था, पंडित जवाहर लाल नेहरू और सरदार प्रताप सिंह कैरो ने वहां एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज दी, भांखड़ा डैम दिया। पंजाब के लोगों ने देश के अनाज भंडार भर दिए।

आज पंजाब के किसानों की हालत क्या है? हम उनको देशद्रोही समझ रहे हैं, वे बार्डर पर बैठे हैं, उनको देश की राजधानी में नहीं आने दिया जा रहा है।

(1610/SK/UB)

*Sardar Bhagat Singh's uncle had given the slogan at that time – 'Take care of your turbans O Jats. Time for action has come. We were victorious during this agitation. We brought the British Government to their knees. But today, our farmers are protesting and they are not being allowed to come to Delhi.

नुकसान हो रहा है, पानी खराब हो रहा है, जमीन खराब हो रही है। … (व्यवधान) हमें क्या मिला?

वर्ष 1872 में नॉन-कोऑपरेशन मूवमेंट नामधारी बाबा सतगुरु राम सिंह जी ने शुरू किया था।… (व्यवधान) आप सबको पता है कि मलेरकोटला में जो पीसफुल प्रोसेशन कर रहे थे, जिसे अंग्रेजों ने तोपों के साथ उड़ा दिया। 13 साल का लड़का तोप की रेंज में नहीं आ रहा था, उसने ईंटें लगाईं और कहा कि अब मैं रेंज में आ रहा हूं, मुझे गोली मारो, उसकी भी शहादत हो गई।

अंत में, मैं गुरु नानक साहब का श्लोक कहकर अपनी बात खत्म करूंगा।

'आसा महला -1'

खुरासान खसमाना किया हिंदुस्तान
एती मार पई करलाणे तैं कि दर्द न आया।

बाबर ने हमला किया था, देश पर अत्याचार किया था तब गुरु जी ने कहा था कि आप अच्छा नहीं कर रहे हैं, हिन्दुस्तान के लोगों को इतना मारा है क्या दर्द नहीं आ रहा है? मैं कहता हूं कि मोदी साहब, किसानों के साथ इतना गलत हो रहा है, इसे बंद करिए, उनको देशद्रोही मत समझिए, वे देश के अन्नदाता हैं। बहुत-बहुत धन्यवाद। (इति)

माननीय सभापति (कुमारी सैलजा): निशिकांत जी, प्वाइंट ऑफ आर्डर है तो रूल नंबर बताएं।

… (व्यवधान)

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : नियम 115(1) है, इसमें माननीय स्पीकर की डायरेक्शन है। यहां संविधान पर चर्चा हो रही है। … (व्यवधान)

माननीय सभापति: ठीक है, धन्यवाद।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: आपने जो प्वाइंट ऑफ आर्डर उठाया है इसे स्पीकर साहब देख लेंगे।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री अमोल कोल्हे जी।

… (व्यवधान)

*Original in Punjabi

1613 बजे

डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे (शिरूर) : माननीय सभापति जी, आज मैं खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं क्योंकि आज मैं एक ऐसे दस्तावेज पर अपनी बात रख रहा हूं जो हमारे लोकतंत्र की प्रेरणा है और हर भारतीय के जीवन का मार्गदर्शक तत्व है।

जब हमें आजादी मिली तब कई देशों ने हमारा मजाक उड़ाया था, लेकिन गर्व की बात है कि भिन्नताएं होने के बावजूद आज हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में लगातार प्रगति की ऊंचाइयों को छू रहे हैं और इसका प्रमुख कारण संविधान है जो हमें व्यक्ति केंद्रित नहीं बल्कि राष्ट्र समर्पण की सीख देता है।

मैं महाराष्ट्र की भूमि से आता हूं जहां 350 साल पहले छत्रपति शिवाजी महाराज ने आदर्श राज्य प्रस्थापित किया था।

(1615/KDS/SRG)

छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वराज से ज्यादा वैभवशाली, ज्यादा बड़े कई साम्राज्यों का निर्माण हुआ और वे हस्तगत भी हुए, लेकिन आज भी साढ़े तीन सौ साल बाद छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वराज का नाम लिया, तो हमारा भी सीना 56 इंच होता है। इसका कारण है छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वराज को मिला नैतिक अधिष्ठान। वही प्रेरणा संविधान में भी प्रतीत होती है। सत्ता, बंधुता और स्वतंत्रता के नैतिक अधिष्ठान पर मानव का उत्थान और मानवता कल्याण, इसीलिए संविधान के निर्माण में योगदान देने वाले हर उस व्यक्ति के प्रति मैं कृतज्ञता प्रकट करता हूं और आदरपूर्वक नमन करता हूं।

महोदय, हम अमृतकाल की बात करते हैं, तो जब अमृत की बात होती है, तो हलाहल की बात क्यों नहीं होती है। जब हलाहल की बात निकले, तो मंथन होना चाहिए। मेरा यह मानना है कि इस मंथन में पुराने जख्मों को कुरेदने से अच्छा है कि वर्तमान का परीक्षण करें और भविष्य का अवलोकन करें। संविधान ने संसद को संवैधानिक व्यवस्था में प्रमुख स्थान दिया है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कई बार हम संसद को राजनैतिक अखाड़े में बदला हुआ अनुभव करते हैं। व्यक्तिगत टिप्पणियां और नारेबाजी के कारण कई बार संसद की कार्यवाही भी स्थगित करनी पड़ती है। किसी नेता का किसी पूंजीपति से क्या संबंध है, कौन नेता किसकी फ्लाइट में कहां गया या किस विदेशी नेता ने किस नेता को डोनेशन दिया, इन बातों से हमें लगता है कि यह महत्वपूर्ण होना चाहिए कि हमारे देश के किसान की, नौजवान की, आम आदमी की आवाज यहां उठाई जाती है या नहीं। उसकी समस्या का यहां समाधान होता है या नहीं।

अध्यक्ष महोदय, हम बेसिक मुद्दों पर चर्चा और बहस चाहते हैं न कि राजनीतिक नारेबाजी। चाहे सत्तापक्ष हो या विपक्ष, दोनों को यह ध्यान में रखना चाहिए। संविधान ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात की। जब आर्थिक न्याय की बात हो, तो हमें सोचना चाहिए कि क्या हम सही मायने में देश की सबसे बड़ी आबादी यानी किसानों को आर्थिक न्याय प्रदान कर सके हैं? उनकी मेहनत, उनकी फसल का क्या उन्हें सही दाम मिल पा रहा है? चाहे सोयाबीन हो, प्याज हो, दूध हो या कपास हो, किसी भी किसान से यदि हम पूछें कि आज की स्थिति में वह खेती आउट ऑफ च्वाइस कर रहा है या आउट ऑफ कंपल्शन कर रहा है? यह तो मानना पड़ेगा और हर किसान को यह कहना पड़ेगा कि आउट ऑफ कंपल्शन उसे खेती करनी पड़ रही है, क्योंकि उसके पास रोजगार का दूसरा कोई चारा, कोई जरिया नहीं है। सरकार किसान सम्मान जैसी योजना तो लाती है, लेकिन किसान का असली सम्मान तभी होगा, जब उसकी फसल को सही दाम मिलेगा। किसानों के हित में देश की इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट पॉलिसीज

बनाई जाएंगी। जो आर्थिक न्याय की बात किसानों पर लागू होती है, वही बात देश के नौजवानों पर भी लागू होती है। संविधान में गरिमापूर्ण जीवन की बात की गई है, लेकिन हर इंटरव्यू की लाइन में खड़े नौजवान युवकों की भीड़ देखें या प्यून की नौकरी के लिए पीएचडी के छात्र कतार में देखें, तो हम यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि क्या देश के भविष्य को हम गरिमापूर्ण जीवन दे रहे हैं? क्या हम उनकी शिक्षा के अनुसार आर्थिक न्याय दे पा रहे हैं?

महोदया, जब सरकार कहती है कि वह 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त में राशन देती है, तो इसके अभिनन्दन के साथ ही हमें अंतर्मुख होकर यह भी विचार करना होगा कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी अगर 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त में राशन देना पड़े, तो क्या यह उपलब्धि है या विफलता? जनता मुफ्त का राशन नहीं, बल्कि हक का रोजगार मांग रही है और मुफ्त के राशन से गरिमा नहीं बढ़ती, बल्कि हक की सम्मानजनक कमाई से बढ़ती है। सामाजिक न्याय की जब बात आती है, तो हमें ध्यान रखना चाहिए कि हमारा धार्मिक ग्रंथ, चाहे जो भी हो, वह गीता हो, बाइबिल हो, कुरान शरीफ हो या गुरु ग्रंथ साहिब हो, उसे हमें दिल में रखना जरूर है, लेकिन दिमाग में सबसे पवित्र राष्ट्रीय ग्रंथ संविधान को रखना होगा। हिंदू, मुसलमान, सिख, इसाई, कोई भी हो, वह दहलीज के अंदर है, लेकिन दहलीज के बाहर कदम रखते ही उसे सिर्फ और सिर्फ भारतीय बनना होगा। तभी तो संविधान की धर्मनिरपेक्षता के तत्व का सम्मान होगा। किसी मस्जिद के नीचे क्या है या मंदिर के पीछे क्या है, इस चर्चा में जाने वाले न्याय पालिका, मीडिया तथा सरकार का वक्त अगर राष्ट्र निर्माण और देशवासियों की प्राथमिकता के लिए सदुपयोग में लाया जाएगा, तो इसमें देश का हित होगा।

महोदया, हमारा संविधान हमें असहमति की भी अनुमति देता है, लेकिन वर्तमान में कुछ तत्व सरकार से असहमति रखने वालों को देशद्रोही करार देने लगते हैं। क्या यह असहमति के तत्व का सम्मान है? देश को आजाद कराने वाले सत्याग्रहियों और क्रांतिकारियों के बीच भी आजादी के मार्ग को लेकर असहमति जरूर थी, लेकिन दोनों का मकसद एक ही था-देश की आजादी।

(1620/MK/RCP)

इसी प्रकार आजाद भारत में भी असहमति का मकसद एक ही होना चाहिए और वह है देशहित। डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी ने कहा था कि संविधान मात्र एक कानूनी दस्तावेज नहीं है बल्कि हमारे जीवन का सारथी है। लेकिन, आज हमारी शिक्षा प्रणाली में नागरिक शास्त्र का अध्ययन महज 20 मार्क्स के लिए होता है। प्राथमिक शिक्षा के बाद जैसे आम नागरिक का नागरिक शास्त्र से हाथ ही छूट जाता है। आज हम देख रहे हैं कि शहरी आबादी लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन शहरों में वोटिंग परसेंटेज लगतार घटता जा रहा है। कई मतदाताओं को यह पता तक नहीं होता कि स्थानिक स्वराज्य संस्थाओं का काम क्या है, विधान सभा का काम क्या है और संसद का काम क्या है। यह भी वास्तविकता है कि कई बार मतदान जाति के आधार पर होता है या धर्म के आधार पर होता है। इस स्थिति से उबरने के लिए हमें नींव मजबूत करनी होगी। यह न सिर्फ स्कूलों में नहीं बल्कि कॉलेजों, कॉरपोरेट और कंपनियों में संविधान के प्रति सजगता के लिए हमें ठोस कार्यक्रम के बारे में सोचना होगा।

महोदया, अंत में मैं राजनीतिक न्याय की बात करूंगा। हमारे संविधान ने 'एक व्यक्ति, एक वोट' को अंगीकार किया है। यह संविधान की खूबसूरती है कि देश के झुग्गी-झोपड़ी में बसने वाले एक सामान्य देशवासी को भी एक मत का अधिकार है और देश के आदरणीय प्रधानमंत्री जी को भी एक ही मत का अधिकार है। इसलिए, मैं मानता हूं कि हमारा वोट सिर्फ संविधान द्वारा दिया गया एक अधिकार ही नहीं है

बल्कि हमारे लिए एक बेशकीमती उपहार भी है। अगर हमारी कोई बेशकीमती चीज खो जाती है या चोरी हो जाती है तो हम क्या करते हैं? हम शिकायत करते हैं। अगर दारोगा कहे कि चोरी हुई ही नहीं तो फिर हम क्या करते हैं? फिर हम अपने आप से तहकीकात करने की कोशिश करते हैं।

महोदया, महाराष्ट्र के विधान सभा चुनाव में कई मतदाताओं को आशंका है कि या तो उनका दिया हुआ वोट खो गया या फिर चोरी हो गया। … (व्यवधान) लेकिन, दारोगा ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है। यह तो लोगों का कहना है। महाराष्ट्र के शोलापुर जिले के मार्कडवाडी के लोगों ने बैलेट पेपर पर यह जानने की कोशिश की उनका मत गया कहां, लेकिन प्रशासन ने इस पर रोक लगा दी। … (व्यवधान)

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) : आप यहां कैसे आ गए?

डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे (शिरूर) : सर, मैं यह डिस्क्लेमर देता हूं कि मैं ईवीएम से आया हूं। लेकिन, जिन मतदाताओं की आशंका है, उन मतदाताओं की बात को यहां रखना, मैं समझता हूं कि मेरा कर्तव्य है। … (व्यवधान) न उन्होंने इलेक्शन पर अविश्वास दिखाया था और न उनको फैसले पर कोई आपत्ति थी, क्योंकि वहां पर उम्मीदवार जीतकर आया है। फिर भी लोग जानना चाहते हैं कि वोट कहां गया। वह खो गया या चोरी हो गया? उन्हें यह करने से मना करना, क्या यह राजनीतिक अधिकार है? … (व्यवधान)

महोदया, लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया की बहुत अहम प्रक्रिया है। महाराष्ट्र में विधान सभा चुनाव के बाद, जैसा मैंने कहा कि मैं ईवीएम से चुनकर आया हूं, लेकिन मतदाताओं में एक भ्रम है, एक असमंजस है और कई आशंकाएं हैं। लोक सभा चुनाव के बाद महज छ: महीनों में लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़े हैं। इलेक्शन कमीशन बार-बार मांग करने के बाद भी वह सूची विपक्ष को नहीं सौंप रही है। उसी के साथ, जो सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन्स थी, 5 परसेंट वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट और वैलेट यूनिट का वैरिफिकेशन होना था, वह सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बावजूद अचानक इलेक्शन कमीशन ने नई एसओपी जारी की है, जिसमें वह वैरिफकेशन नहीं होगा बल्कि पूरी मेमोरी बर्न करके सिर्फ मॉक पोल कराया जाएगा। इससे असमंजस और भी बढ़ जाता है। … (व्यवधान) हमारी मराठी में एक कहावत है – 'कर नाही त्याला डर कशाला', यदि कुछ किया ही नहीं तो डरते क्यों हो, 'हाथ कंगन को आरसी क्या'। इसीलिए, यह शंका उत्पन्न होती है कि क्या कुछ छुपाने की कोशिश हो रही है? क्या दाल में कुछ काला है या पूरी दाल ही काली है?

महोदय, यह सत्तापक्ष और विपक्ष की बात नहीं है। लोकतंत्र को मजबूत रहने के लिए जनता का चुनावी प्रकिया पर विश्वास कायम रहना बहुत जरूरी है। चुनाव आयोग का गठन ही फ्री और फेयर इलेक्शन के लिए हुआ है। इसलिए, आपके माध्यम से मेरी दरख्वास्त है कि 5 परसेंट ईवीएम में मॉक पोल की वोट वैरिफिकेशन कराई जाए। साथ ही, चुनाव प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए ईवीएम का लॉग डाटा उम्मीदवारों को दिया जाए।

महोदया, यह तो मानना पड़ेगा कि चुनाव आयोग मतदाताओं की सुविधाओं के लिए हमेशा जागरूक रहता है। लेकिन, जैसे रेस्टोरेंट में हमारे पास विकल्प होता है कि हमें नॉनवेज खाना है या वेज खाना है तो मतदाताओं के पास यह विकल्प क्यों नहीं है कि उन्हें मतदान बैलेट पेपर से करना है या ईवीएम से करना है।

(1625/SJN/PS)

जिसका बैलेट पेपर पर विश्वास हो, वह बैलेट पेपर से मतदान करे, जिसका ईवीएम पर विश्वास हो, वह ईवीएम पर मतदान करे। यह एक अवसर है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के पास एक अवसर है कि

अमृत काल में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक ऐसी व्यवस्था बने कि पूरे देश के मतदाताओं को पता चला कि उनका वोट कहां गया है, तभी तो लोकतंत्र मजबूत होगा।

सभापति महोदया, मैं अंत में इतना ही कहूंगा, अगर राष्ट्र प्रथम के साथ स्वतंत्रता प्रथम, समानता प्रथम, बंधुता प्रथम और धर्मनिर्पेक्षता प्रथम हमारे जीवन में अंगीकार हो, तो वर्तमान में संविधान का सम्मान और बढ़ेगा और भविष्य में हमारा लोकतांत्रिक गणराज्य विश्व की महाशक्ति बनकर उभरेगा। इसीलिए -

"छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी,
नए दौर में लिखेंगे, मिलकर नई कहानी,
हम हिन्दुस्तानी, हम हिन्दुस्तानी"।

(इति)

माननीय सभापति (कुमारी सैलजा) : डॉ. निशिकान्त दुबे जी।

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : महोदया, संविधान पर चर्चा हो रही है और संविधान की हत्या हो, यह संभव नहीं है। हम लोग यहां चुपचाप बैठने नहीं आए हैं। अभी कांग्रेस पार्टी के वक्ता ने जलियांवाला बाग हत्याकांड की बात कही है, बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण था। उसमें जो लोग मारे गए थे, पूरे देश की उनके प्रति सहानुभूति है।

माननीय सभापति : आपका प्वाइंट ऑफ आर्डर क्या है?

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : महोदया, लोक सभा अध्यक्ष का निदेश 115(1) है। यदि उन्होंने गलत कहा है, जलियांवाला बाग ट्रस्ट का चेयरमैन....(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप अध्यक्ष महोदय को लिखित रूप से दे दीजिएगा।

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : लिखित रूप से नहीं, कांग्रेस हमेशा रही है, कांग्रेस का अध्यक्ष रहा है। यदि जलियांवाला बाग में कुछ नहीं हुआ है, तो कांग्रेस दोषी है।...(व्यवधान) आप अपने दोष को सरकार के ऊपर नहीं डाल सकते हैं। मेरे कहने का मतलब केवल इतना ही है।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : श्रीमती शांभवी जी।

मैंने शांभवी जी का नाम लिया है। शांभवी जी, आप बोलिए।

निशिकान्त जी, आप लिखित रूप से दे दीजिए।

... (व्यवधान)

1627 बजे

श्रीमती शांभवी (समस्तीपुर) : सभापति महोदय, आपने मुझे इतने गंभीर विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसलिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। इस मौके पर मैं हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी का आभार व्यक्त करूंगी, क्योंकि मैं देख रही हूं कि 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा' में बहुत कद्दावर और सीनियर नेता बोल रहे हैं, लेकिन पहली बार जीतकर आई एक महिला युवा सांसद को संविधान पर चर्चा करने का मौका दिया गया है, इसके लिए मैं हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी की आभारी हूं।

इस सदन में सबसे युवा सांसद होने के नाते मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है कि मैंने इस सदन में उस वर्ष शपथ ली है, जिस वर्ष संविधान अपने 75वें वर्ष का उत्सव मना रहा है। मैं सोशियोलॉजी की छात्रा रही हूं। कॉलेज में संविधान को एकेडमिकली और थियोरेटिकली पढ़ने का मौका मिला है। जब मैंने 24 जून को इस सदन में शपथ ली थी, तो संविधान को अपना प्रेरणा स्रोत मानकर, उससे प्रेरणा लेकर अपने कार्यों में भी संविधान को ढालने का मौका मिला है।

महात्मा गांधी जी ने भारत के संविधान के विषय में सन् 1931 में कहा था कि -

"I shall strive for a Constitution, which will release India from thralldom and patronage. I shall work for an India in which the poorest shall feel that it is their country in whose making they have an effective voice; an India in which there is no high class and low class of people; an India in which all communities shall live in perfect harmony. This is the India of my dreams for which I shall struggle."

जब मैंने इस सदन में शपथ ली थी, संविधान की शपथ ली थी और सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान किया था कि भारत की प्रभुता और अखंडता को अक्षुण्ण रखूंगी और कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करूंगी। विपक्ष के जो लोग हैं, जो विदेशी तंत्रों से हाथ मिलाकर बार-बार भारत की प्रभुता और अखंडता पर चोट करते हैं। एक तरफ जहां मोदी जी के कार्यकाल में फॉरेन डॉयरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) बढ़ा है, वहीं इतने ही वर्षों में कांग्रेस पार्टी का एसडीआई जरूर बढ़ गया है। अब उसमें 'एस' क्या है, अगर उसका नाम लूंगी, तो हल्ला-हंगामा हो जाएगा, इसीलिए आप लोग खुद ही समझ जाइए।

यह वही बात हो गई, हिन्दी का एक मुहावरा है – 'मुंह में राम, बगल में छूरी'। विपक्ष पर यह भी सही नहीं बैठता है, क्योंकि विपक्ष तो प्रभु श्री राम का नाम ही नहीं ले सकता है, पर छूरी

लेकर बार-बार संविधान की हत्या जरूर करने की कोशिश करते रहते हैं। इसीलिए हम लोग कहते हैं कि संविधान नेता के हाथ में नहीं, बल्कि संविधान नेता के दिल में होना चाहिए।
(1630/SPS/SMN)

मैं एक उदाहरण देती हूं। वर्ष 2008 में इसी सदन में ट्रस्ट बोर्ड के लिए कैश फॉर वोट स्कैम किया गया था और लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की गई थी। इमरजेंसी में जिस तरह से संविधान का चीर हरण हुआ था, वह हम सब ने देखा था। हम बिहार की बेटी हैं। बिहार के पुत्र जयप्रकाश नारायण जी थे, जिन्होंने इसी दिल्ली में रामलीला मैदान में राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता पढ़ी थी – "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।" उसने कांग्रेस की जड़ों को हिला दिया था और भारत में एक नई क्रांति का आह्वान किया था। आज जब हम संविधान की 75वीं वर्षगांठ का उत्सव मना रहे हैं तो हम संविधान के निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी को नमन करते हैं, जिन्होंने अपने पूरे जीवन की सीख को इस संविधान के निर्माण में लगा दिया, लेकिन कांग्रेस उनका अपमान करने से कभी नहीं चूकी। जिस सेंट्रल हॉल में संविधान सभा की संविधान पर चर्चा हुई ,संविधान लिखा गया, इन्होंने उस सेंट्रल हॉल में बाबा साहब के चित्र तक को लगने नहीं दिया। इनके कार्यकाल के दो प्रधान मंत्रियों ने खुद भारत रत्न लिया, लेकिन बाबा साहब को भारत रत्न नहीं देने दिया।

मैं उन सभी संविधान सभा के सदस्यों को नमन करती हूं, जिन्होंने 2 साल 11 महीने 17 दिन में इस संविधान को आकार दिया। इस देश के पहले राष्ट्रपति और संविधान सभा के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जी, संविधान सभा के सबसे पहले अध्यक्ष सच्चिदानंद जी ने मिलकर इस संविधान के निर्माण में अपना पूरा जीवन लगा दिया। मैं कहना चाहती हूं कि संविधान सिर्फ आर्टिकल्स और प्रिंसिपल्स नहीं है, यह एक ग्रंथ है, यह आम आदमी का भरोसा है, यह आम आदमी की आस है। यह इस देश के नागरिक को यह महसूस कराता है कि वह स्वतंत्र है, सशक्त है और सुरक्षित भी है। इस संविधान की ताकत ही है कि आज एक 25 साल की युवा महिला सांसद इस सदन में महिलाओं की आवाज बनी है। यह संविधान की ताकत है कि इस देश के सबसे उच्च पद पर एक आदिवासी समुदाय की महिला विराजमान है। यह इस संविधान की ताकत है कि हमारे प्रधानमंत्री जी एक गरीब परिवार के सदस्य हैं और संविधान ही की ताकत है कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जैसे व्यक्ति, जो पिछड़े वर्ग से आते थे, वह बिहार जैसे राज्य के मुख्यमंत्री बने।

मैडम, जब बिहार की बात कर रहे हैं तो मैं इस सदन के संज्ञान में लाना चाहूंगी कि विपक्षी दल का एक शासन आया था, जब बिहार में जंगल राज आ गया था। उस जंगल राज में हर वह कार्य हुआ, जो संविधान का उल्लंघन था, संविधान के निर्माताओं के विचारों का उल्लंघन था। बिहार उस समय दंगों और अपहरण का गढ़ बन गया था। हम अपने यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, हमारे माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी और हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी का आभार व्यक्त करेंगे, जिनके अथक प्रयासों की वजह से आज संविधान के

उसूल बिहार में कायम हैं। विपक्ष के साथियों ने अपने भाषण में हमें आरक्षण विरोधी कहा, संविधान विरोधी कहा, हमें देश विरोधी कहा, लेकिन इन्हीं के तीन प्रधान मंत्रियों का वाक्य मैं इस सदन में पेश करना चाहूंगी। सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू जी ने 1961 में लिखा था। I do not like reservation in any form, especially reservation in jobs. I am against any such step that promotes inefficiency and takes us towards mediocrity. दूसरा, नीरज चौधरी जी कि एक किताब थी - *How Prime Ministers Decide*. उसमें इंदिरा गांधी जी ने अपने उस समय के लॉ मिनिस्टर शिव शंकर जी से कहा था कि एक ऐसा एटीआर तैयार कीजिए कि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। यह उन्होंने मंडल कमीशन की रिपोर्ट पर कहा था। … (व्यवधान)

तीसरा, राजीव गांधी जी ने मार्च, 1985 में एक इंटरव्यू में जर्नलिस्ट आलोक मेहता से कहा था कि no promotion of idiots in the name of reservation and that promoting idiots in the name of reservation would harm the entire country.

(1635/MM/SM)

यह इनके तीन प्रधान मंत्री थे और देश 37 साल इनके प्रतिनिधित्व में था और इन्हें लगता था कि आरक्षण से इस देश में सेकेण्ड ग्रेड सिटिजन आते हैं। … (व्यवधान) आप सेक्युलरिज्म की बात करते हैं तो मैं एक आंकड़ा प्रस्तुत करना चाहती हूं। जवाहर लाल नेहरू जी के कार्यकाल में 243 सांप्रदायिक दंगे हुए। इंदिरा गांधी जी के कार्यकाल में 15 राज्यों में 337 साम्प्रदायिक दंगे हुए और राजीव गांधी जी के कार्यकाल में 16 राज्यों में 291 साम्प्रदायिक दंगे हुए। यह कैसी सेक्युलरिज्म की परिभाषा है, हमें तो समझ में नहीं आता है। … (व्यवधान) एक और बात कहेंगे और आपको एक कहानी सुनाएंगे कि वर्ष 1984 में जब सिख दंगे हो रहे थे … (व्यवधान) तो एक सिख समुदाय के व्यक्ति एक दलित नेता के घर में रक्षा पाने के लिए गए थे। एक पनाह मांगने गए थे और उस दलित नेता के घर को जला दिया गया था और वह दलित नेता कोई और नहीं, हमारी पार्टी के संस्थापक श्रद्धेय रामविलास पासवान जी थे, जिनके घर को वर्ष 1984 में जला दिया गया था … (व्यवधान) आप संविधान की बात करते हैं, सेंटर-स्टेट रिलेशन की बात करते हैं तो मैं बताना चाहती हूं कि इंदिरा जी के कार्यकाल में 11 साल में 35 बार राष्ट्रपति शासन लगाया गया। एक महिला, एक युवा और एक दलित सांसद होने के नाते हमें गर्व होता है कि हमारी सरकार एक ऐसी सरकार है, जिसने संविधान के उसूल को अटल रखा है। हमारी सरकार ने संविधान को मजबूत करने का काम किया है। पिछड़े आयोग को संवैधानिक दर्जा हमारी सरकार ने दिया। पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को आरक्षण हमारी सरकार ने दिया। इनके पास महिला प्रधान मंत्री थी, लेकिन हमारे प्रधान मंत्री जी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर 33 प्रतिशत आरक्षण देकर के महिलाओं की आवाज को मजबूती दी है तो वह हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दी है। … (व्यवधान)

प्रो. सौगत राय (दम दम) : आरएसएस का संविधान बनाने में कोई योगदान नहीं है। … (व्यवधान)

श्रीमती शांभवी (समस्तीपुर) : एनडीए की सरकार बिहार में हमारे प्रधान मंत्री, हमारे माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी और हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी के नेतृत्व में संविधान के सभी प्रावधानों को मजबूती से वापस लाए हैं … (व्यवधान) और यही प्रयास करते हैं कि संविधान को अपनी प्रेरणा मानकर योजनाएं बनाएं जो हर उस नागरिक तक पहुंचे जो जरूरतमंद है। … (व्यवधान)

अंत में, मैं चार पंक्ति पढ़कर अपनी वाणी को विराम देना चाहती हूं-

हर रंग को खुद में समेटकर जो बेखौफ खड़ा है
जाति और धर्म के दायरे से जो आगे बढ़ा है।
नैतिक, निष्पक्ष, समावेशी संविधान ही है वो
जो 75 वर्षों बाद भी सहज खड़ा है।

(इति)

माननीय सभापति (कुमारी सैलजा) : श्री के.सुब्बारायण।

… (<u>व्यवधान</u>)

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री (श्री भूपेन्द्र यादव): मैडम, मेरा पॉइंट ऑफ ऑर्डर है।

माननीय सभापति : आपका क्या पॉइंट ऑफ ऑर्डर है?

श्री भूपेन्द्र यादव : मैडम, जब कोई माननीय सदस्य बोले और जब किसी सदस्य की मैडन स्पीच है, एक नौजवान माननीय सदस्या पढ़कर आयी हैं, उसके बीच में सौगत राय जी बोलें, यह शोभा नहीं देता है। … (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्या ने जो भी बोला है, वह सब रिकॉर्ड में गया है। आप चिंता मत कीजिए।

… (<u>व्यवधान</u>)

श्री भूपेन्द्र यादव : इनको शर्म आनी चाहिए। … (व्यवधान) क्या यह कोई तरीका है? … (व्यवधान) यह कोई तरीका नहीं है कि किसी की मैडन स्पीच के बीच में बोला जाए। … (व्यवधान) इसको कंडैम करना चाहिए। … (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Mantri ji, everything is on record. आप बैठ जाइए, कोई दिक्कत नहीं है।

… (<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : उनकी बात रिकॉर्ड में आ गयी है। आप बैठ जाइए।

श्री के. सुब्बारायण जी।

(1640-1645/RP/YSH)

1640 hours

*SHRI SUBBARAYAN K. (TIRUPPUR): Hon. Madam Chairperson, Vanakkam. This discussion is aimed to be on the 75 years of the glorious journey of Constitution of India and the experiences we have with our Constitution. But I should say with pain that this discussion is being made futile due to some reasons. It is a matter of great concern that this discussion is being used to say something ill by defaming Pandit Jawaharlal Nehru who has been instrumental in creating a better image for India in the world. During the freedom struggle our former Prime Minister Pandit Jawaharlal Nehru was in jail for almost 10 years and 6 months. Whoever is trying to talk ill of Pandit Nehru should not do so.

I wish to state that, due to political reasons, you should not state such criticisms about Pandit Nehru. On 25-26 November, 1949, after delivering his concluding remarks in the Constituent Assembly, Dr. Ambedkar gave some warnings. Hon Union Minister of Defence also mentioned about this in his Address at the beginning of today's discussion. But I want to say about another warning which Dr. Ambedkar gave on this occasion. Dr. Ambedkar said that it is not known whether Indians will keep religion above nation or nation above religion. But if they consider and keep religion above nation then they will get themselves struck in a destructive path. This was the caution given by him. But in the present scenario, you are trying to make a mockery out of this. This is not good for the nation. This will prove to be a wrong guidance to our future generation.

Here several Hon MPs spoke about RSS. RSS did not accept when our Constitution was adopted. They did not accept the National Flag. Those who learnt lessons from RSS, will remain in the same ideology. This is what the present situation explains to us. But I want to say that this situation is very wrong. It has been clearly indicated in the Preamble of the Constitution. Even our *…(Not recorded)* did not utter the words "Socialism and Secularism' in her Constitution Day Speech. They are reluctant to even use the word 'Socialism'. I don't know why? Are they not willing to include the word 'Socialism' in the Preamble? Why

* Original in Tamil

did not they accept equality? We are able to accept … *(Not recorded)* but we are unable to accept equality. We need to discuss about this. Whether we have achieved economic freedom? No we have not achieved it. We talk about so many things. Why did you reduce the corporate tax from 30 per cent to 22 per cent? Who will be benefitted? It is to increase the wealth of … *(Not recorded)* If that is so, how can we bring about equality in our society? Those who are in power for the last 10 years have to reply in this regard. The farmers are holding agitations. Has the WTO instructed the Government not to provide remunerative and fair price to the farm produce grown by farmers? Is it true or not? Has the WTO got this right? What happened to our sovereignty? They should answer whether India is a sovereign country or not. Similarly, the natural resources are being given to foreign companies and corporate companies. Who is prominently engaged in the natural gas exploration work in the Krishna and Godavari River basin? Natural resources are with either with the corporates or with the FDI.

They spoke several things here. A tribal woman has been made our hon. President. It is so good to hear. But many people living in 680 villages of the Dhandakaranya forest have been forcefully displaced. They are all tribal people. When will these thousands of tribal people get their freedom? When will they come back to their original habitation? It is not known. Who is responsible for this? This Government is responsible for their displacement. No use in simply talking like this. Political freedom has not yet been achieved by us totally. If we want to achieve economic freedom and social freedom, we need to bring in several amendments keeping in mind the constitutional experience. They talked about Kashmir here. They want to defame Pandit Nehru by linking Kashmir issue with him. Not only have you, even if your teacher … *(Not recorded)* who taught you comes here, Pandit Nehru's glory cannot be defamed. Pandit Nehru remains to be a great son of this soil.

I conclude by saying that in whatever way you orchestrate verbal attacks on Pandit Nehru, you will be forced to face dire consequences.

(ends)

1646 hours

SHRI SACHITHANANTHAM R. (DINDIGUL): Hon. Chairperson Madam, on behalf of the CPI (M), I express my wishes to the people of India on the 75th year of the adoption of our holy Constitution. As the country celebrates the 75th anniversary of being a Republic, it is necessary to recall that it was the Constitution which came into effect on January 26th, 1950 that made India a Republic. It is a fact that this Constitution is presently facing the biggest threat ever in its history. India became a parliamentary democracy based on secularism because of the Constitution. It is the Constitution which ordained equal rights for all citizens irrespective of race, religion, creed or gender, and enshrined the fundamental rights of citizens. It recognised the rights of minorities and socially oppressed groups like the *Dalits* and *Adivasis*.

The threat to the basic postulates of the Constitution emanates from the very people who are now entrusted with the task of upholding the Constitution and working its institutions. The ruling BJP-RSS combine adheres to the Hindutva ideology which is inimical to the basic values of the Constitution. The RSS and its ideologues have never hidden their contempt for the Constitution.

According to Shri M.S. Golwalkar, the second *sarsanghchalak* of the RSS, the Constitution was a heterogeneous piecing together of various Articles from various Constitutions of Western countries. Pandit Deen Dayal Upadhyaya, another RSS leader and one time President of the Jan Sangh echoed this idea when he said that India's Constitution is imitative and divorced from India's mode of life and ideals. What they wanted instead was a Constitution which conformed to India’s ancient culture and ethos which includes presumably *Manusmriti* originating from the “first law giver” Manu.

Ever since the Modi Government came into office, the Ministers and those holding key positions in various State-run institutions have been talking about changing the Constitution.

Madam Chairperson, the different aspects of the Constitution are under attack. The Constitution propagates scientific temper which is anathema to the Hindutva devotees. Promotion of anti-scientific ideas and irrationalism are the hallmarks of the regime. It is appropriate, at this juncture, to recall what Dr B R Ambedkar warned about in his last speech to the Constituent Assembly on November 25, 1949. He said:

> "I feel, however good a Constitution may be, it is sure to turn out bad because those who are called to work it, happen to be a bad lot."

Those who have been called to work the Constitution currently are indeed a bad lot. There is a legitimate concern that the ultimate aim of the BJP and the RSS is to change the Constitution itself. But what is happening at present is the subversion of the Constitution from within by those who are working it. Every institution under the Constitution – whether it be the Judiciary, the Civil Service, or the Armed Forces – is being corroded from within and their integrity is compromised. Those holding Constitutional positions like Governors are propagating anti-Constitutional ideas. These efforts to weaken and erode the Constitution constitute an attack on the fundamental rights of citizens and also pose a grave threat to the secular democratic Republic itself. This assault has to be resisted and fought back. Only the people can do it as they are ultimately the custodians of the Constitution. Thank you.

(ends)

(1650/KN/VR)

1650 बजे

श्री अवधेश प्रसाद (फैज़ाबाद) : माननीय सभापति महोदया, हम आपके प्रति बहुत आभारी हैं। आज लोकतंत्र के विशालतम मंदिर में संविधान के 75 वर्ष की वर्षगांठ पर शानदार चर्चा हो रही है। आपने मुझे उस पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

आज हमारे नेता माननीय अखिलेश यादव जी ने संविधान के प्रिएम्बल, जो संविधान की आत्मा है, जिसको 26 नवंबर, 1949 को अडॉप्ट किया गया था, उन्होंने उसके बारे में विस्तार से बताने का काम किया है और संकल्प करने का काम किया है कि समाजवादियों के रहते, इंडिया गठबंधन के लोगों के रहते, बाबा साहेब का जो संविधान है, उसे न बदलने देंगे, न टूटने देंगे, न हटने देंगे।

"भारतीय संविधान को लेकर देश की जनता का पैगाम
हम दिल्ली आए हैं बचाने संविधान।"

माननीय रक्षा मंत्री जी ने ओपनिंग में बहुत-सी बातें कहीं। आज अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि हमारे संविधान के जो प्रिएम्बल में है, इसमें लिखा हुआ है कि :

We, the People of India, हिन्दी में है– हम भारत के लोग। इसमें जो मंशा है, हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को: हमारे प्रिएम्बल में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष लिखा हुआ है, संविधान की आत्मा में है। लेकिन आज अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है, अगर इस देश में किसी ने समाजवाद की शुरुआत की है, तो डॉ. राम मनोहर लोहिया जी ने की है। वे आज दुनिया में नहीं हैं। उस समाजवाद को देश में फैलाने का काम और देश में समाजवाद के आधार पर सरकार चलाने की शुरुआत किसी ने की है तो हमारे नेता श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी ने की है। वे आज दुनिया में नहीं हैं। वे बहुत समय तक यहां मैम्बर रहे हैं। आज मुझे खुशी है कि जिस मशाल को, जिस संविधान को, जिस समाजवाद की व्यवस्था की माननीय नेताजी ने शुरुआत की और उसे काफी चलाया। आज हमें खुशी है कि हमारे नेता माननीय अखिलेश यादव जी ने समाज को बनाने, हिन्दुस्तान बनाने का संकल्प पूरी तरह से किया है। इसी आधार पर जातीय जनगणना करने का संकल्प किया है। हमारे संविधान के प्रिएम्बल में धर्मनिरपेक्ष शब्द लिखा हुआ है। आज लोगों को अपने धर्म के अनुसार चलने एवं धार्मिक भावनाओं के अनुसार चलने का अधिकार है।

(1655/VB/SAN)

लेकिन अफसोस है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार ने किस तरह से कुचक्र चलाकर धार्मिक स्थलों को बिगाड़ने का काम किया है। हम माननीय सुप्रीम कोर्ट के बहुत ही आभारी हैं। देश की सबसे बड़ी न्यायपालिका, उच्चतम न्यायालय के फैसले ने देश में एक संदेश दिया है कि देश में कानून का राज चलेगा, संविधान का पालन होगा और इस देश को साम्प्रदायिकता की आग में जलाने वालों को मौका नहीं दिया जाएगा।

मान्यवर, आज मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि हमारे संविधान के आर्टिकल 14 में व्यवस्था दी गई है, सबको सम्मानित करने की। हमारे देश में करोड़ों नौज़वान हैं, वे बेरोज़गार हैं, उनके हाथों में काम नहीं है। किसी देश की दौलत सोना, चाँदी और हीरे-जवाहरात नहीं हुआ करती है। देश की दौलत हमारे देश के युवा हैं, हमारे देश के इंसान हैं। लेकिन आज बेरोज़गारी के नाम पर क्या हो रहा है? वे अपनी बड़ी-बड़ी डिग्रियों को जलाने की सोच रहे हैं, आत्महत्या करने की सोच रहे हैं, यह क्या हो रहा है? आज यह जो सरकार है, हम बहुत ही आभारी हैं, अयोध्या जनपद मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की धरती है। यहाँ की मर्यादा पूरे देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार में वहाँ की मर्यादा तोड़ी जा रही है, लोगों के घरों को उजाड़ा गया है, तोड़ा गया है और किसानों की जमीनें कौड़ियों के दाम पर ली गई हैं।

ये दम भरते थे, अभी अयोध्या से चर्चा आई। हम अपने नेता माननीय अखिलेश यादव जी का आभार प्रकट करते हैं कि उन्होंने जनपद अयोध्या की फैज़ाबाद लोक सभा सीट, जो एक सामान्य सीट है, उस सीट से वहाँ की देवतुल्य जनता ने हमें जिताया। इससे पूरे देश को यह संदेश गया है कि अब धर्म के आधार पर राजनीति नहीं चलेगी। राजनीति चलेगी, तो बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के संविधान को बचाने की, अब राजनीति चलेगी, तो इस देश में जातीय जनगणना कराने की, राजनीति चलेगी इस देश में महँगाई दूर करने की, राजनीति चलेगी इस देश में नौज़वानों को सरकारी नौकरी देने की। लेकिन ये देश को कहाँ ले जाना चाहते हैं?

माननीय सभापति (कुमारी सैलजा) : अब समाप्त कीजिए। आपकी बात पूरी हो गई है।

श्री अवधेश प्रसाद (फैज़ाबाद) : महोदया, केवल एक मिनट का समय दिया जाए।

वैसे तो भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार ने संविधान को बदलने का काम किया था। कहा गया था कि 272 सीट्स चाहिए सरकार बनाने के लिए और संविधान चेंज करने के लिए 400 सीट्स के पार चाहिए। लेकिन इस देश की जनता ने इस तरह का मैनडेट दिया है कि अब ये संविधान नहीं बदल पाएंगे, उसमें कोई परिवर्तन नहीं कर पाएंगे। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चरणों को प्रणाम करते हुए, आज हम सभी संकल्प करते हैं, पूरे देश की सम्मानित जनता को, नागरिकों को आश्वस्त करते हैं कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के संविधान, जिसने अनुच्छेद 14 में, इस देश के दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और इस देश के तमाम कमजोर लोगों को जो सम्मान दिया है, उसका प्रावधान रहेगा। संविधान किसी भी कीमत पर खत्म नहीं हो पाएगा।

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

(1700/SNT/PC)

1700 hours

SUSHRI MAHUA MOITRA (KRISHNANAGAR): Thank you, Madam Chairperson. At the onset, I have 18 minutes of allotted time by my Party.

Hon. Chairperson, Madam, I stand today on behalf of my Party, the All India Trinamool Congress, to speak on the 75th anniversary of our Constitution, a Constitution that is not merely a book but indeed the life and the soul of our nation. Almost 75 years ago, to the day, on the 25th of November 1949, Babasaheb Ambedkar reminded us that we must observe the caution which John Stuart Mill has given to all who are interested in the maintenance of democracy, namely, not to lay their liberties at the feet of even a great man, or to trust him with powers which enable him to subvert their institutions. This nation was made by great men and women, but the real challenge before us today is ensuring that no one man should believe he is greater than the nation, and that he is above the principles of the Constitution.

Today as I stand to participate in this historic debate, let me start with a short, yet very apt *nazm*, by the poet Dr. Hilal Fareed. I trust the truth and the irony in his words will not be lost on anyone.

"मुबारक घड़ी है, कल सज-धजकर, मेकअप रचकर,
खूब जंचकर, देखो उसका मंच पर आना,
किताब संविधान की आंखों से लगाना और फरमाना
मैं शीष को झुकाकर, इस किताब को मन में बसाकर ईश्वर की शपथ लेता हूं।
रात ढलने दीजिए, दिन बदलने दीजिए,
कल तलक ये बेवफा, सितमगरों का बादशाह सब भूल जाएगा।
नफरतें उगाएगा, दूरियां बढ़ाएगा,
रोज संविधान की धज्जियां उड़ाएगा,
मगर जो आज महफिल सजी है,
यही मानती है कि हीरो वही है, मुबारक घड़ी है।"

For the past 10 years, a very large number of people in this country have felt that Constitution is in danger. Our Constitution is in danger. As responsible public representatives, it is imperative that we actually put this to the test and check if this is just fear-mongering, as the ruling party would have us believe. Or indeed, is the Constitution framework imperilled?

As Professor Tarun Khaitan explains, there are three broad tests to check if the political Executive is Constitutionally accountable. There are three checks for the country to remain democratic over time. So, let us see how our country is faring on these three checks. First is direct electoral accountability to the people. Second, there is accountability to the Judiciary and other fourth branch institutions. And third, there is accountability rendered by the media and civil society as watchdogs of the citizenry at large. The ruling party has the right to influence policies over a large range of matters – you cannot take away that prerogative – but it cannot usurp power in a way that kills Constitutional rights for the rest of us. This Government, this ruling party, when confronted with this charge, uses only one defence. What about Mrs. Gandhi's emergency? Yes, that was a full frontal attack on democracy. There is no question about that. But we saw it for what it was. This Government's *modus operandi* has been indirect and creeping, an incremental systemic assault, for the past 10 years.

The Modi Government has consistently sought to erase the distinction between the party and the State by undermining and capturing all the mechanisms that seek Executive accountability. It is killing our Constitution by a thousand cuts. I am going to point out a few of the particularly bloody cuts. In the first test, democracies seek electoral accountability from the political Executive. Measures such as electoral manipulation, voter disenfranchisement, and biased campaign finance over time give the ruling party an unfair advantage. Voter disenfranchisement has reached epic proportions in India. In the past general elections, as well as in the recent by-polls in many BJP-ruled States, there were widespread documented instances, caught on television cameras, caught on mobile phones, of voter suppression – from names missing from electoral rolls to physical violence. Police used to threaten, beat, and intimidate voters. We saw it in Rampur; we saw it in Sambal. Entire localities were being forced to stay home.

Another aspect is the largely targeted exclusion of a hated minority by a prejudiced majoritarian State creating a whole section of second-class citizens whose rights are less equal than others. This Government brought in a discriminatory Citizenship (Amendment) Act that is openly violative of the fundamental right to equality before law. All the BJP State Governments are competing with each other in bulldozer justice, demolishing homes, usually of

minorities, without due process of law. I had to go to the Supreme Court to get a stay on the unconstitutional order of the UP Government demanding that the minorities, Muslims, put identifying markers on their eateries and shops during the Kanwar Yatra. This was blatantly violative of Article 15.
(1705/AK/IND)

Let us move onto ‘campaign finance’ now. In 2014, both the BJP and the Congress were held liable for illegally accepting foreign contributions. In response, this Government retrospectively amended the Foreign Contribution Regulatory Act (FCRA) 2010 to narrow the definition of a foreign company and thereby remove the illegality with retrospective effect. This was done surreptitiously. The Act of 2010 was not amended by a separate Bill. It was done *via* clauses slipped into the Finance Act, 2016 and the Finance Act, 2018. The amendments not only legalized foreign funding of political parties, but they also created a new funding vehicle called ‘electoral bonds’.

In 2017-2018, the BJP got 97.7 per cent of funds that were legalized by surreptitious changes to their ‘campaign finance’ laws. When the electoral bond numbers came out earlier this year, we saw that the BJP had between 54 per cent and 57 per cent of the total amount raised in the past six years. This kind of unfair advantage for the BJP in ‘campaign finance’ has created a very skewed playing field for the Opposition in recent years. There is no denying this. The use of the Government funds to promote the BJP and to promote Modi ji's political branding in the run-up to the elections -- *Modi ji ki guarantee, Modi ji ka Parivar* -- creates a media blietzkrieg that few smaller Parties can match.

A neutral referee is necessary for a free and fair electoral process. So, in addition to electoral accountability, our Constitution lays down a second check of institutional accountability where the Government is scrutinised by the judiciary and by various ‘fourth branch’ institutions such as the Election Commission, the Vigilance Commission, a human rights watchdog, and an anti-corruption body. The appointment mechanism of these ‘fourth branch’ institutions along with their functional autonomy is what keeps them independent. What has this Government done? This Government has wilfully defied the spirit of the Supreme Court ruling on the Election Commission's independence by replacing the Chief Justice of India on the Selection Committee with a Government-appointed Minister. So, you have a 2:1 majority.

How often did we hear of an Election Commissioner not serving out their full term prior to Modi ji becoming the Prime Minister? Ever since this Government has come in, two Election Commissioners have inexplicably quit before their terms have ended. ... (*Expunged as ordered by the Chair*) But even the smallest violation by an Opposition Party saw the ECI taking prompt stringent action.

For free and fair elections, just like justice must not only be done, but must also seem to be done. So, public trust in democracy has to be restored by this Election Commission. We have jokingly started calling it the ... (*Expunged as ordered by the Chair*) Code of Conduct'. Other institutional bodies have been similarly compromised. Appointments to the National Human Rights Commission have been widely criticised, especially of ... (*Expunged as ordered by the Chair*) and others close to the establishment. This is a ... (*Expunged as ordered by the Chair*) who, while in office, heaped praise on Modi ji calling him an 'international visionary' who thought globally and acted locally, and lest the Treasury Benches claim this assessment as a biased one. Please remember that it is precisely these kinds of appointments that had undermined the independence of the NHRC so much so that the NHRC has lost its UN accreditation. The NHRC can no longer represent India or vote at the UN Council of Human Rights.

Allow me to turn to a simple instance of what human rights under the rule of law means -- the right to bail. The erstwhile outgoing Chief Justice of India waxed eloquently recently about how the right to bail has been granted during his tenure for a range of undertrials 'from A for Arnab to Z for Zubair'. His alphabet, unfortunately, seems abbreviated because it did not include 'G for Gulfisha Fatima, did not include H for Hany Babu, did not include K for Khalid Saifi, did not include S for Sharjeel Imam, and did not include U for Umar Khalid and countless others. The former Chief Justice made it a point to say that the Supreme Court is not meant to act like the political opposition.

We, in the political Opposition, do not need the Supreme Court to do our job and we are not asking it to. But what troubles us is that some members of the ... (*Expunged as ordered by the Chair*) appear to be doing their best to compromise the independence and integrity of our constitutional courts. I do not think that the framers of our Constitution ever imagined a scenario where... (*Expunged as ordered by the Chair*) would rely

on private conversations with God to ... (*Expunged as ordered by the Chair*) rather than on objective logic, reasoning, the law and the Constitution.

The Honourable Defence Minister in his speech this morning mentioned the courage of the late Justice H. R. Khanna to dissent in 1976.
(1710/UB/GG)
May I remind everyone that Justice Khanna lived for 32 years after 1976 under a largely Congress regime – long enough to write his autobiography that the BJP is quoting from ... (*Expunged as ordered by the Chair*) Delays in filling vacancies in the Central Information Commission are denying citizens their Right to Information. Currently, the CIC has only three Commissioners, including the Chief, instead of the mandated ten, and has 22,000 pending appeals filed by people against denial of information by the Government.

The third dimension of executive accountability is discursive accountability. The citizens in a democracy expect their Government to be able to justify its actions in a public discourse with civil society. The Government on a daily basis is pursuing unconstitutional methods of restricting freedom of the press and freedom of speech. Its ill-conceived amendment to the IT Rules to create Fact Checking Units was recently struck down by the Bombay High Court as being violative of Articles 14 and 19 of the Constitution. The latest UP police case against a fact-checker, Mohammed Zubair, where the UP police is invoking *de facto* sedition against a fact checker who is documenting hate speech, is preposterous. I am one of the petitioners challenging the constitutionality of the Sedition Law and the Supreme Court has very clearly stated that no coercive action will be taken on alleged sedition cases till the matter is decided. Yet the Government does not stop. The Bharatiya Nyaya Sanhita, which the ruling Party brought in last year when most of the Parliamentarians were suspended. They said that they are dropping sedition but they have also replaced it with the far more draconian section 152.

There is also something else that we all need to think about. The BNS for the first time adds 'terrorism' as a punishable offence and defines it as an act that 'intends to threaten the unity, integrity, and security'. So, the crime of terrorism is no longer anchored in an actual act. It is anchored in an intent or a thought. This means that from now onwards, the parents of the disappearing Kashmiris or Manipuris, who are protesting peacefully in a park, can be accused

of being 'terrorists'. What they do or do not do in that park while they assemble is precise the point. As long as a police officer is convinced that they have an intent to do something, they can be terrorists. This makes terrorism a thought crime. Madam Chairperson, this is closer to the letter and spirit of the dystopian reality in George Orwell's 1984 novel than it is to the Constitution of India.

Let me turn to how the policy of a thousand cuts has damaged our institutions. Institutions like the Enforcement Directorate and the CBI have turned into ... (*Expunged as ordered by the Chair*) departments for the Government. Fourteen political parties approached the Supreme Court against the coercive criminal actions of these two agencies – 95 per cent of cases by these two agencies are against Opposition politicians. Since 2014, 25 Opposition leaders facing corruption have crossed over to BJP; 23 of them got reprieves; three cases are closed; and 20 cases have been stalled. For years, the CBI was used to put pressure on NDTV and its promoters via a bogus case. Now that the channel has been captured and sanitized, the CBI says there was never any case to investigate. Airports and large infrastructure have been captured by crony capitalists by similar misuse of the ED and CBI. In a cooked-up case against me, the CBI has wasted precious time and resources looking for a scarf and lipstick that a friend gifted me. These actions have cost India the first ever human rights violation by the Inter-Parliamentary Union in Geneva, the global body governing all national legislatures.

After the abrogation of Article 370, there has been a flagrant crackdown on the constitutional rights of the people of Kashmir. Free speech and movement have been hampered, and the passports were cancelled without any pending cases – never heard of it. Manipur, an integral part of the Union of India seems to have a complete breakdown of Constitutional machinery. The failure of governance is stark. The Union Government under Article 355 of the Constitution is obligated to assist the States in maintaining the law and order. In May 2024, the Supreme Court was assured by the Solicitor General that the violence was subsiding, yet horrifying incidents continue unabated. I petitioned the Supreme Court in the Manipur Violence Case. Senior Advocate Indira Jaising appeared for me. An expert committee was set up. But even after 27 or more hearings, there is no relief, there is no justice yet. Time constraints do not allow a more in-depth analysis but it is crystal clear that this political executive

for the past ten years has systematically eroded democracy. It fails spectacularly on all the three tests of Constitutional accountability laid out by Professor Khaitan. Our Constitution is bleeding from a thousand cuts – *Samvidhan Khatre Mein Zaroor hai*.

The need of this hour is to ensure that the idea of India survives in its purest form. This burden lies heavier on some of us than on others. The judiciary and the media have a far greater responsibility in protecting our Constitution than do normal citizens.

(1715/SRG/MY)

History will not be kind to you, your lords and ladyship, if you falter. To every ... (*Expunged as ordered by the Chair*) past and present, I say this, yours is not to worry about your personal legacy, yours is not to take directions from the God, yours is not to a have private family functions turned into a ... (*Expunged as ordered by the Chair*) with the political executive. The Constitution is your only God. The Constitution should be the only a*tithi* who should be in your home as your *Deva*. Attention seeking divas do not leave legacies. Upholders and protectors of our basic sovereign rights will only be remembered.

To the media I say this, you play a huge role in guaranteeing our democracy's survival. Live up to it.

Taking a few liberties with Faiz's immortal words let me tell you – 'सब ताज उछाले जाएंगे, सब तख्त गिराये जाएंगे, बस नाम रहेगा संविधान का।'

In conclusion, I pay homage to the 17 women of India's Constituent Assembly who laid the path for all of us like me to stand here today. I would like to remind us of Vijaya Lakshmi Pandit's words – "Freedom is not for the timid''. Protecting our Constitution in these harrowing times requires courage. Let us rise to it. We will succeed. Jai Hind

(ends)

माननीय सभापति (कुमारी सैलजा): श्री जगदम्बिका पाल जी।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: 118(2) तो कुछ नहीं है।

… (व्यवधान)

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : स्पीकर का डायरेक्शन 118(2) है।… (व्यवधान) इन्होंने दो महत्वपूर्ण बातें कही हैं। एक तो एफसीआरए का अमेंडमेंट हुआ है। इसका मतलब यह कहना चाहती है कि बीजेपी को ब्लैक मनी मिला है। वह अपने डॉक्यूमेंट को ऑथेंटिकेट करके दे दें।… (व्यवधान)

माननीय सभापति: नहीं, नहीं।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: It is not going on record.

… (*Interruptions*)*… (Not recorded)*

माननीय सभापति: जगदम्बिका पाल जी।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: क्या कोई प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है?

… (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) : सभापति जी, सदन के एक सदस्या ने अभी जो टिप्पणी की है। … (व्यवधान)

माननीय सभापति: आप स्पीकर साहब को लिखिए।

… (व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) : यह कहा गया कि ये महिला किलर हैं। … (व्यवधान) इस तरह की टिप्पणी… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: It is not going on record.

… (*Interruptions*)*… (Not recorded)*

माननीय अध्यक्ष: जगदम्बिका पाल जी।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: सब रिकॉर्ड देख लिया जाएगा। माननीय सदस्य बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

1718 बजे (माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

माननीय अध्यक्ष: आप बोलिए।

… (व्यवधान)

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : स्पीकर साहब, दो बातें कही गई। एक तो एफसीआरए का रेट्रोस्पेक्टिव अमेंडमेंट हुआ। वह कागज दे दें, जिससे यह पता चले कि ब्लैक मनी किसको गया। … (व्यवधान)

दूसरा सवाल है, … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।)… (व्यवधान) इसके बाद वे इस तरह की बातें करते हैं। इनको आप ऑथेंटिकेट करने के लिए कहिए।… (व्यवधान) कोई भी आरोप लगा देना, किसी जज के ऊपर आरोप लगा देना, इन्होंने सारे चीफ जस्टिस को कोट किया है। चीफ जस्टिस इसके पहले भी प्रधानमंत्री के यहां जाते रहे।… (व्यवधान) यदि माननीय प्रधानमंत्री जी गए तो अन्याय नहीं हो गया। यह प्रधानमंत्री के ऊपर एलिगेशन है। चीफ जस्टिस के बारे में गया है। … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) कहा गया है। बीजेपी के बारे में कहा गया है। सर, सबको एक्सपंज कीजिए।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप मेरी बात सुनिए।

… (<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष: मणिक्कम टैगोर जी यह कह रहे हैं कि … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) सुप्रीम कोर्ट के तीन बेंचों ने फैसला दे दिया है। अब इससे बड़ा तो कुछ नहीं हो सकता है।

… (<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष: अब इस पर क्या चर्चा करेंगे? जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दे दिया है, उस पर संसद क्या चर्चा करेगी? नो, गलत है।

… (<u>व्यवधान</u>)

(1720/CP/RCP)

संसदीय कार्य मंत्री; तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू) : सर, ऐसे मामलों को तू-तू, मैं-मैं करके खत्म नहीं करना चाहिए। यह विषय बहुत गम्भीर है। मैंने बहुत ध्यान से सुना। ऑनरेबल लेडी एमपी ने जो टिप्पणी की, हम लोगों ने शांति से सुना। वे क्या सोचकर आईं, क्या ड्राफ्ट लेकर आईं और क्या पढ़ रही थीं, मैं इस पर टिप्पणी नहीं करूंगा, उनकी आदत जो भी है। …(व्यवधान) लेकिन, जो पॉइंट उन्होंने … (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।)कहा, यह बहुत गम्भीर इसीलिए है कि यह एक सैटल्ड केस है और पूरे कोर्ट में उसकी परिस्थिति, जजेज़ का कोई पॉलिटिकल इंटरवेंशन, उससे कोई पॉलिटिकल लिंक नहीं है। जजेज़ लोगों के समूह में बैठकर जो घटना हुई, जजेज़ के बीच में जो भी वहां अनफॉर्चुनेट घटना हुई, फिर बाद में जजेज़ की ओर से क्लेरिफिकेशन करके जुडीशियरी में सारा मामला खत्म हो गया। इसमें किसी का कोई हस्तक्षेप, किसी का इंटरवेंशन, लिंक का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है।

इन्होंने इस पार्लियामेंट में, हाईएस्ट कोर्ट से डिसीजन हो गए वाले को, कैसे गायब हो गया, मर्डर, इस तरह की बात कहेंगे तो इसके खिलाफ में कार्रवाई होनी चाहिए। ... (व्यवधान) नहीं तो कोई भी मेंबर उठकर ऐसी ही बात करेंगे। ... (व्यवधान) यह नहीं होगा। ... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं रिकार्ड मंगा कर देख लूंगा।

... (व्यवधान)

श्री किरेन रिजिजू : सर, मेरा इतना कहना है कि आपने मामले को संज्ञान में लिया है। आपने इसे देखने के लिए कहा है। मैं सदन को इन्फॉर्म करना चाहता हूं कि ... (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) और हम लोगों की तरफ से एप्रोप्रिएट पार्लियामेंट्री एक्शन लिया जाएगा।... (व्यवधान) इस तरह की टिप्पणी से आप बच नहीं सकते हैं। ... (व्यवधान) ऐसी टिप्पणी करके बच नहीं सकते हैं। ... (अध्यक्षपीठ के आदेशानुसार कार्यवाही-वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।) ... (व्यवधान) ये बहुत गलत परम्परा स्थापित कर रहे हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित की जाती है।

... (व्यवधान)

1723 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा सत्रह बजकर तिरपन मिनट तक के लिए स्थगित हुई।

(1750/NK/PS)

लोक सभा सत्रह बजकर तिरपन मिनट पर पुन: समवेत् हुई।

1753 बजे (श्री दिलीप शइकीया पीठासीन हुए)

HON. CHAIRPERSON: Please be seated.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया) : संविधान के ऊपर आपका भी भरोसा है और उनका भी भरोसा है। सुबह से अच्छे से चर्चा चल रही है, प्लीज इसको कन्टीन्यू कीजिए। मैं आप सभी का सहयोग चाहता हूं।

… (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please be seated.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please cooperate with us.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: I will take it.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति: माननीय जगदम्बिका पाल जी।

… (व्यवधान)

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): I have a point of order. … (*Interruptions*)

भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा - जारी

1755 बजे

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं। आदरणीय लोक सभा अध्यक्ष जी द्वारा विगत दिनों संविधान दिवस पर एक कार्यक्रम हुआ और आज संविधान पर चर्चा करने का अवसर हमें उन्होंने दिया। सदन के सभी माननीय सदस्यों को इस चर्चा में भाग लेने का अवसर मिल रहा है।

(1755/SK/SMN)

संविधान की चर्चा में सम्पूर्ण सदन भाग ले रहा है। … (व्यवधान) सुबह से संविधान की चर्चा पर सब लोग शांतिपूर्वक भाग ले रहे थे, ऐसा कौन सा कारण हुआ और तृणमूल कांग्रेस की सदस्या ने ऐसी कौन सी बात कह दी कि सदन स्थगित हुआ?… (व्यवधान) संविधान के आरक्षण की चर्चा नहीं थी।… (व्यवधान)

माननीय सभापति (श्री दिलीप शइकीया): जगदम्बिका पाल जी, एक मिनट रुकिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: सुबह से सदन आप सबके सहयोग से बहुत ही बढ़िया तरीके से चल रहा है। आप सब लोगों के बहुत विचार आए हैं। क्या आप सदन नहीं चलाना चाहते हैं?

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही छ: बजकर पन्द्रह मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है।

1756 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा अट्ठारह बजकर पन्द्रह मिनट तक के लिए स्थगित हुई।

(1815/KDS/SM)

1815 बजे

लोक सभा अठारह बजकर पन्द्रह मिनट पर पुनः समवेत् हुई।

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : वेणुगोपाल जी, आपका पॉइंट ऑफ ऑर्डर क्या है? आप में से कोई एक ही उठाए, या ये उठाएं या वो। तीन-चार में से कोई एक ही पॉइंट ऑफ ऑर्डर उठाए। आप सभी मिलकर फैसला कर लीजिए कि कौन उठाएगा?

SHRI K. C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Sir, we have different points of order. दादा के लिए चाहिए। … (व्यवधान) दोनों को दीजिए।

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, as per Rule 376, I am raising a point of order. Hon. Member, Sushri Mahua Moitra had made a speech. Some Members of the ruling party felt that she said something wrong.

Now, there are two methods in dealing with this matter. You please read Rule 352. It says:

